जिले में अधिक - तालाबी सिंचाई की व्यवस्था है। इस विभाग में बालू मिश्रित लाल मिट्टी अधिक है। काली मिट्टी कुछ भागों में मिलती है। इस विभाग की प्रमुख फसलें राई, मक्का, धान, मूंगफली, दाल, आदि हैं। प्रमुख वाणिज्यिक फसलें, नारियल, सुपारी, कपास, गन्ना आदि है। रेशम उद्योग के लिए शहतूत बेंगलूरू नगर जिला बेंगलूर ग्रामिण जिला, बेंगलूरु दक्षिण (रामनगर), कोलार, चिक्कबल्लापुर जिले में उगाया जाता है। चीकू, पपीता, कटहल, संतरा, केला आदि फल भी उगाए जाते हैं।

इस विभाग के लोग दैनिक जीवन में अधिकतर राई तथा चावल का उपयोग करते हैं। राई और चावल की रोटी खाई जाती है। आजकल गेहूँ की रोटी का भी उपयोग होने लगा है। त्योहारों में खीर, पूरनपोली (होलिगे) मीठी खिचड़ी, सेवई आदि मीठे खाद्य खाए जाते हैं। कुछ त्योहारों में मांसाहार की पद्धति भी है।

प्रत्येक जिले तथा तालुक में कृषि उपज का बाजार की स्थापना सरकार ने की है। यहाँ किसान अपनी सामग्रियों को बेच सकते हैं। सरकार ने जिले तथा तालुकों के केंद्र में गोदाम बनाए हैं, यहाँ किसान अपने उत्पादों का संग्रह कर सकते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उद्योग



सर. एम. विश्वेश्वरय्या



नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर


हमारे विभिन्न राजाओं तथा मंत्रियों (दीवानों) के समय में कारखाने फले-फूले । के. शेषाद्रि अय्यर के काल के दौरान, शिवन समुद्र पनबिजली (जल-विद्युत्) परियोजना शुरू की गई थी। इससे के.जी.एफ में सोने के खनन उद्योग के लिए इसका उपयोग हुआ। बाद में विश्वेश्वरय्या, मिर्ज़ा इस्माइल के समय में भी कई उद्योग शुरू हुए। विशेषकर सर.एम. विश्वेश्वरय्या का बड़ा योगदान है। हमारे राज्य के उद्योग धंधों के क्षेत्र के निर्माता सर एम. विश्वेश्वरय्या को माना जाता है। उन्होंने नाल्वड़ी कृष्णराजा ओडेयर की योजनाओं को कार्यान्वित किया। बेंगलूरू राष्ट्र का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। शिवमोग्गा जिले के भद्रावती में लोहा तथा इस्पात का कारखान है। इसे सा. श. 1923 में स्थापित किया गया। इसे आज विश्वेश्वरय्या लोहा - इस्पात लिमिटेड के नाम से जाना जाता है । यहाँ कागज का कारखाना भी है। इसे सा. श. 1936 में स्थापित किया गया । राज्य का प्रथम सीमेंट कारखाना भद्रावती में स्थापित किया गया था। तुमकूरू जिले के अम्मसंद्रा में बिरला कंपनी का सिमेंट कारखाना है। चिक्काबल्लापुर जिले के गौरीबिदनूर तहसील के तोंडेबावी में ए सी सी सिमेंट कारखाना है। बेंगलूरू सूचना एवं तकनीकी उद्योग तथा जैविक तकनीकी उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। बेंगलूर विभाग के विविध स्थानों में बड़े उद्यमों की स्थापना की गयी है । उद्योगों रोज़गारों के स्त्रोत है।


वस्त्र निर्यात उद्योग में कर्नाटक का स्थान देश में दूसरा है। हमारे विभाग के दोड्डबल्लापुर, आनेकल-आदि नगरों में सरकार ने तैयार वस्त्र के उद्यान (पार्क) स्थापित किए हैं। बेंगलूरू में हवाई जहाज कारखाना, इलेक्ट्रॉनिक, सूचना एवं तकनीकी, जैविक तकनीकी उद्योग कार्यरत हैं। कुछ उद्योग सार्वजनिक क्षेत्रों में तथा कुछ निजी क्षेत्रों में हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.1.5 कला, साहित्य, लोक साहित्य, नाटक, नृत्य :

प्राचीन काल से ही यह विभाग कला साहित्य के लिए प्रसिद्ध है। 12 वीं शताब्दी के वचन साहित्य को अपार योगदान देने वाली अक्कमहादेवी तथा अल्लम प्रभु, शिवमोग्गा जिले के बल्लीगावे स्थान से संबंधित हैं। इसी प्रकार दास परंपरा से संबंधित श्रीपाद राय आदि बेंगलूरू विभाग के हैं।



मास्ती वेंकटेश अय्यंगार


कुवेंपू


यू. आर. अनंतमूर्ति


जी.एस. शिवरुद्रप्पा


के.एस. निसार अहमद


पी. लंकेश


डी.वी. गुंडप्पा


अनुपमा निरंजन


एम. के. इंदिरा


ना. डिसोजा


सिद्दलिंगप्पा

आधुनिक काल में राष्ट्रकवि तथा ज्ञानपीठ पुरस्कृत साहित्यकार कुवेंपू इस विभाग से हैं। इसी विभाग के अन्य दो ज्ञानपीठ पुरस्कृत साहित्यकार मास्ति वेंकटेश अय्यंगार और यू. आर. अनंतमूर्ति हैं। पी. लंकेश, डी.वी.गुंडप्पा, निसार अहमद, टी.पी कैलासम, एम.के. इंदिरा, त.रा.सु, डॉ.अनुपमा निरंजन, हा.मा. नायक, वी.सीतारामय्या, बी.जी.एल. स्वामी, एम.वी. सीतारामय्या, के.वी. सुब्बण्णा, जी.वेंकटसुब्बैया, जी.एस. शिवरुद्रप्पा, बरगूरु रामचंद्रप्पा, डॉ.डी.आर. नागराज, डॉ. सिद्धलिंगय्या, ना. डिसोजा, दोड्डरंगेगौड़ा, प्रतिभानंद कुमार आदि ने कन्नड़ साहित्य को समृद्ध बनाया है।

साहित्य के समान नाटक क्षेत्र में भी विभाग की उपलब्धियाँ महत्वपूर्ण हैं। गुब्बी वीरण्णाजी का नाम कन्नड नाटक के इतिहास में अमर है।

NOT TO BE REPUBLISHED

नाटकरत्न,नाटक सार्वभौम जैसी उपाधियों से इन्हें विभूषित किया गया है। वे तुमकूर जिले के गुब्बी के रहनेवाले थे। कन्नड़ रंगभूमि के इतिहास में ध्यान देने योग्य एक और नाम है सुब्बय्या नायडू । ये कन्नड़ का प्रथम वाक्चित्र 'सती सुलोचना' के प्रमुख अभिनेता रहे। सभ्य हास्य अभिनेता के नाम से प्रसिद्ध श्री के. हिरण्णय्या और उनके पुत्र मास्टर हिरण्णय्या का रंगभूमि में योगदान प्रशंसनीय है। नृत्य लोक को अपना योगदान देने वाली श्रीमती माया राव बेंगलूरू की हैं। बेंगलूरू आज चलचित्र उद्योग का प्रमुख केंद्र है। बेंगलूर साहित्य उत्सव यहाँ चलता है । अभिनेता डॉ. राजकुमार, डॉ. विष्णुवर्धन, श्री शंकर नाग, श्री अंबरीश आदि के योगदान से चलचित्र उद्योग का विकास हुआ है। साहित्य तथा लोक कला के लिए यह विभाग प्रसिद्ध है। प्रसिद्ध लोक साहित्य विद् एच.एल. नागेगौड़ा द्वारा स्थापित 'जनपद लोक' बेंगलूरु दक्षिण (रामनगर) जिले में है।



राजकुमार


विष्णुवर्धन


शंकरनाग


श्रीमती मायाराव


सुब्बय्या नायडू


नागे गौडा


गुब्बी वीरण्णा

NOT TO BE REPUBLISHED © SCERT TBS

बेंगलूरू विभाग के प्रसिद्ध लोक कलाएँ:

बेंगलूरू में प्रतिवर्ष होने वाला 'करग उत्सव' लोक कला का एक प्रकार है। दक्षिण कर्नाटक का प्रसिद्ध 'सोम का नृत्य' एक अन्य लोक कला है। इस विभाग का विशेष लोक नाटक मूडलपाय यक्षगान है। गारुड़ी नृत्य, ढोल नृत्य, कंसाले नृत्य आदि लोक कलाएँ हैं। चित्रकला को आर.एस. नायडू, रुमाले चन्नबसवैय्या, वेंकटप्पा आदि की देन अपार है।



जनपद लोक



करग उत्सव




वेंकटप्पा आर्ट गैलरी


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.1.6 शिक्षा और स्वास्थ्य :

बेंगलूरू विभाग ने शिक्षा के क्षेत्र में उच्च उपलब्धि प्राप्त की है। भारत रत्न की उपाधि प्राप्त दो महान विभूतियाँ इसी विभाग से हैं। जो चिक्काबल्लापुर जिले के हैं। उनमें एक सर.एम. विश्वेश्वरय्या तथा दूसरे वैज्ञानिक श्री सी.एन.आर. राव हैं। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित सर सी.वी. रामन ने बेंगलूरू में अनुसंधान किया था।



सिद्धगंगा मठ



श्री शिवकुमार स्वामीजी

बेंगलूरू प्रसिद्ध शिक्षा का केंद्र है। बेंगलूरू विभाग में अनेक प्रसिद्ध सार्वजनिक तथा निजी विश्वविद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त यहाँ केंद्र सरकार की शोध संस्थाएँ तथा वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ हैं। बेंगलूरू, तुमकूरू, शिवमोग्गा, दावणगेरे में विश्वविद्यालय हैं। बेंगलूरू में कृषि विश्वविद्यालय है। स्वतंत्रता के पूर्व से ही सरकार प्राथमिक शिक्षा को प्रोत्साहन देती आ रही है। अनेक धार्मिक संस्थाएँ शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। श्री शिवकुमार स्वामी जी के नेतृत्व सिद्दगंगा मठ में हजारों गरीब छात्रों के लिए अक्षर और अन्न दासोहा की सेवा प्रदान कर रहा है । बेंगलूरु दक्षिण (रामनगर), जिले में जन्मे श्री बाल गंगाधर स्वामी जी के नेतृत्व में विकसित आदिचुंचनगिरि मठ की शैक्षिक सेवा अपूर्व है । साथ ही मूल शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा संबंधी कॉलेज यहाँ हैं । चित्रदुर्गा का मुरुगराजेंद्र मठ और सिरिगेरे तरल बालू मठों की शैक्षिक सेवा गमनीय है ।



श्री बालगंगाधरनाथ स्वामीजी

स्वास्थ्य संबंधी कई महान उपलब्धियाँ इस विभाग में हुई हैं। संक्रमण रोगों पर रोक पाई गई है। शिशु-मृत्यु दर कम हुई है। पोलियो, चेचक आदि रोगों को संपूर्ण रूप से मिटा दिया गया है। ग्रामीण प्रदेशों में महिलाएँ और बच्चे अपौष्टिकता का सामना कर रहे हैं। ग्रामीण प्रदेशों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र लोगों को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। प्रत्येक जिला केंद्रों में सुव्यवस्थित अस्पताल हैं। बड़े-बड़े ग्रामों में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र हैं। तालुक अस्पताल तालुक केंद्रों में हैं। संतानोत्पत्ति स्वास्थ्य को उत्तम बनाने के लिए सरकार ने अनेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 24/7 स्वास्थ्य केंद्र घोषित किया है। ग्रामीण प्रदेशों में गर्भवती स्त्रियों के लिए सेवा उपलब्ध कराने के लिए संचारी वाहनों की व्यवस्था की गई है।

© KSEEBSCERT NOT TO BE REPUBLISHED

1.1.7 सांस्कृतिक संपदा :

बेंगलूरू विभाग सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है। यह धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों, सांस्कृतिक उत्सव, मेले, त्योहार-आदि संदर्भों से युक्त यह समृद्ध विभाग है।

राजनैतिक नेताओं ने राज्य निर्माण में काफी योगदान दिया है। कर्नाटक राज्य के एकीकरण का नेतृत्व करने वाले केंगल हनुमंतय्या इसी विभाग के हैं। जब वे मुख्यमंत्री रहे हमारे विधानसभा भवन का निर्माण हुआ। एक और एकीकरण के संघर्षकर्ता एस.निजलिंगप्पा के मुख्यमंत्री काल में राज्य के निर्माण कार्य हुए। हमारे राज्य में समाजवादी आंदोलन की नींव डालने वाले शांतवेरी गोपाल गौड़ा शिवमोग्गा जिले के हैं। पर्यावरण संरक्षण का एक और नाम वृक्षप्रेमी तिम्मक्का, हमारे देश के क्रिकेट में योगदान देने वाले खिलाड़ी अनिल कुंबले, योग क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियाँ हासिल करने वाले बी.के.एस अय्यंगार तथा मल्लाडीहल्ली श्री राघवेंद्र स्वामीजी इसी विभाग के हैं। इस विभाग में अनेक दर्शनीय स्थल भी हैं।



विधानसौधा



लालबाग

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.1.8 स्वतंत्रता सेनानी :




केंगल हनुमंतय्या



एस. निजलिंगप्पा

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इस विभाग के कई स्वतंत्र सेनानियों ने भाग लिया था। मैसूरू के प्रथम मुख्यमंत्री के.सी. रेड्डी, दूसरे मुख्यमंत्री केंगल हनुमंतय्या के साथ, विशाल मैसूरू राज्य के मुख्यमंत्री एस. निजलिंगप्पा, दूसरे मुख्यमंत्री कडिदाल मंजप्पा तथा ति.ता. शर्मा, हेच.एस. दोरेस्वामी, भागीरथम्मा-आदि ने स्वतंत्रता के संघर्ष में भाग लिया। केंगल हनुमंतय्या तथा एस. निजलिंगप्पा कर्नाटक के एकीकरण के अग्रणी रहे हैं।



शांतावेरी गोपाल गौड़ा

शांतावेरी गोपाल गौड़ा कन्नड़ की भूमि के एक महान आदर्शवादी राजनीतिज्ञ है। उन्होंने शिमोगा जिले के तीर्थहल्ली तालुक के आरग में 14 मार्च 1923 में जन्म लिया। अपनी 28 साल की उम्र में गोपाल गौड़ा ने 1951 कागोडु भू-आंदोलन में कूद कर गिरफ्तार भी हुए। गोपाल गौड़ा के कारण किरायेदारों के भूमि संघर्ष को समाजवादी पक्ष के संघर्ष के रूप लिया । गोपाल गौड़ा कन्नड़ भाषी क्षेत्रों के एकीकरण और राज्य का नाम मैसूर से कर्नाटक नामकरण के संघर्ष में भी प्रमुख थे। विधानसभा में उनके भाषण, जीवन में उनके कार्यों ने उनको कर्नाटक के अब तक के सबसे महान नेताओं में से एक बना दिया है ।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उचित शब्दों से भरिए :

1. बेंगलुरु विभाग में _____ जिले हैं ।
2. बेंगलुरू विभाग में सर्वाधिक वर्षा वाला जिला _____ ।
3. बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान _____ जिले में स्थित है।
4. शहतूत की पत्ती _____ उद्योग के लिए कच्चा माल है ।
5. प्रसिद्ध लोक संग्रहालय 'जनपद लोक' के संस्थापक _____ ।

6. बेंगलुरु शहर में हर साल आयोजित होने वाला एक प्रसिद्ध उत्सव _____ ।

7. मैसूर राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री का नाम _____ ।

8. बेंगलूरु दक्षिण (रामनगर), जिले में स्थित पक्षी धाम में _____ पक्षियों को सुरक्षित किया जा रहा है ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

9. प्राचीन काल में कर्नाटक पर शासन करने वाले तीन राजवंश कौन-से हैं ?

10. इस विभाग पर शासन करने वाले दो पालेपट्टुओं के नाम लिखिए ।

11. प्राकृतिक संसाधन का मतलब क्या है ? उदाहरण दीजिए ।

12. बेंगलूरू विभाग में पेयजल अभाव के कारण लिखिए ।

13. बेंगलूरू विभाग के दो जलप्रपातों के नाम लिखिए ।

14. बेंगलूरू विभाग की सबसे ऊँचे पहाड़ का नाम लिखिए ।

15. बेंगलूरू विभाग में स्थित दो पक्षी धामों के नाम लिखिए ।

16. बेंगलूरू विभाग के प्रमुख खाद्य फसलें कौन-कौन सी हैं ?

17. तैयार वस्त्र के पार्क बेंगलूरू विभाग के किन -किन जगहों पर स्थापित किया गया है ?

18. बेंगलूरू विभाग के तीन ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेताओं के नाम लिखिए ।

© KSEEB NOT TO BE REPUBLISHED

गतिविधियाँ :

- बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करें वहाँ के जानवरों की सूची बनाएँ उनका चित्र संग्रह करें और इसकी एक रपट तैयार कीजिए।
- बेंगलूरू नगर में स्थित कारखानों की सूची बनाइए। उनका चित्र संग्रह करके एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

1.2 मैसूरू विभाग



मैसूरू विभाग का जिला अनुसार मानचित्र

हमारे राज्य का एक और प्रशासन विभाग मैसूरू है। मैसूरू प्रारंभ में ओड़ेयर राज्य की राजधानी थी। इस विभाग में 8 जिले हैं। ये हैं- मैसूरू, मंड्या, हासन, चिक्कमगलूरू, उडुपी, दक्षिण कन्नड, चामराजनगर और कोडगू। इस विभाग का प्रशासन केंद्र मैसूरू है। यह विभाग नदियों,पर्वत श्रेणियों,वन, वन्यजीव, कॉफी के बागान, तटीय क्षेत्र, बंदरगाह आदि के लिए प्रख्यात है।

1.2.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि



चिक्कदेवराज ओडेयर

मैसूरू राजाओं का इतिहास स्पष्ट रूप से गंगों के समय से आरंभ हुआ। तलकाडू गंगो की राजधानी थी। उनके उपरांत चोल, होयसल तथा विजयनगर के राजाओं ने मैसूरू पर शासन किया।

मैसूरू अनेक शताब्दियों तक ओडेयर वंश के शासन में था। कुछ वर्षों तक यह हैदर अली तथा उसके पुत्र टीपू सुल्तान के शासनाधीन रहा। ऐतिहासिक तथा पौराणिक रूप से मैसूरू म

© IITES NOT TO BE REPUBLISHED

हिषनाडु कहलाता है। पौराणिक कथानुसार देवी पार्वती ने चामुंडेश्वरी का रूप धारण कर महिषासुर का वध किया। महिषासुर के वध का स्थान ही मैसूरू हुआ। यदुराज ही ओडेयर वंश के प्रथम शासक थे। चिक्कदेवराज ओडेयर प्रसिद्ध शासक रहे। इनके पश्चात सिंहासनासीन शासक दुर्बल थे। उस समय हैदर अली सेनापति था। उसने शासन को अपने कब्जे में कर लिया। वह तथा उसके पुत्र टीपू सुल्तान ने सन् 1761 से सन् 1799 तक प्रशासन संभाला। टीपू सुल्तान ने सा.श. 1799 में अंग्रेजों के साथ लड़ते प्राण त्याग दिया । टीपू सुल्तान की मृत्यु के बाद मैसूरू का प्रशासन पुनः ओडेयर के हाथ में आया। अंग्रेजों ने सन् 1831 में प्रशासन को अपने वश में कर लिया। किंतु सन् 1881 में पुनः प्रशासन को ओडेयर के वश में दिया। बीसवीं शताब्दी के आरंभ में नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर के प्रशासन में अनेक जनहित कार्य हुए- जैसे विशेष रूप से शिक्षा, संस्कृति, सिंचाई को प्रधानता दी। सर.एम.विश्वेश्वरैया तथा सर.मिर्जा इस्माइल की दीवानी (मुनीम) में मैसूरू को काफी ख्याति प्राप्त हुई। देश को स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद सन् 1947 में मैसूरू संस्थान गणतंत्र भारत में विलीन हो गया।



टीपू सुल्तान



नाल्वड़ी कृष्णराज ओडेयर



सर .एम. विश्वेश्वरय्या



सर. मिर्जा इस्माइल

इस विभाग के भिन्न -भिन्न जिलों में विविध राजवंशों के शासन का इतिहास मिलता है। कोडगू प्रदेश पर अनेक राजवंशों का शासन रहा। हालेरी राजवंश ने

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



रानी अब्बक्का

17वीं शताब्दी में अपना शासन स्थापित किया। बिदनूर उसकी राजधानी थी। हालेरी राजवंशों में दोड्डवीरप्पा प्रसिद्ध शासक था। चिक्कवीर राजा अंतिम शासक था। यह दुर्बल शासक था। इसका लाभ उठाकर अंग्रेजों ने प्रशासन अपने हाथ में ले लिया। स्वतंत्रता के पश्चात कोडगू अलग राज्य बना। किंतु सन् 1956 में यह कर्नाटक में विलीन हो गया। केलदी संस्थान एक अन्य राजवंश था। यह उल्लेखनीय है कि उल्लाल की रानी अब्बक्का ने पुर्तगालियों के विरुद्ध संघर्ष किया।

कर्नाटक के तटीय प्रदेश को तुलुनाडू कहा जाता है। दक्षिण कन्नड और उडुपी जिले सहित तुलुनाडू पर 7वीं शताब्दी से 14वीं शताब्दी तक अलूप राजवंश का प्रशासन रहा। भिन्न-भिन्न समय में उद्यावर, मंगलपुर, हुंचा तथा बनवासी अलूप राजाओं की राजधानी रहा। तुलुनाडु में अनेक मांडलिकों ने शासन चलाया। इनमें प्रसिद्ध पुत्तिगे का चौट, बंगवाडी का बंग, कार्कल का भैरवराजा, कासरगोडू का कुंबले राजा आदि हैं।

तटीय प्रदेशों को अंग्रेजों ने केनरा कहा। इन प्रदेशों को उन्होंने सन् 1801 में अपने वश में कर लिया। अंग्रेजों ने तटीय प्रदेश को सन् 1860 में उत्तर कन्नड़ तथा दक्षिण कन्नड़ के रूप में दो भागों में बाँट दिया। दक्षिण कन्नड़ जिले से विभजित होकर सन् 1997 में उडुपी जिले की रचना हुई।

© KSTBB NOT TO BE REPUBLISHED

1.2.2 प्राकृतिक संसाधन :

यह विभाग विविध प्रकार की जलवायु वाले प्रदेशों से युक्त हैं। इस विभाग के उडुपी तथा दक्षिण कन्नड जिला विस्तृत तटीय प्रदेशों से युक्त हैं। पर्वत श्रेणी, घने जंगल तथा तटीय प्रदेश सभी के कारण यहाँ की जलवायु को उष्ण कटिबंधीय मानसूनी वातावरण वाला कहा जाता है।

इस विभाग की जलवायु में तीव्र सर्दी तथा साधारण उष्ण जलवायु से युक्त है। मंड्या और मैसूरू जिले शुष्क जलवायु वाले प्रदेश है। उडुपी अत्यधिक वर्षा प्राप्त

करने वाला प्रदेश में एक है तो मंड्या अत्यंत कम वर्षा पाने वाला प्रदेश में से है। विविध जलवायु, विविध मात्रा में वर्षा, पर्वत, वन प्रदेश आदि विभिन्नताओं के कारण यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार की फसलें उपजी जाती हैं। यहाँ उत्पन्न प्रमुख फसलों में राई, धान, उड़द, मूंग, कुलथी, ज्वार-आदि उगाते हैं। यहाँ की वाणिज्यिक फसलें कॉफी, गन्ना, तंबाकू, सुपारी, इलायची, संतरा, अनानास, काजू आदि हैं। भारत में पहले कॉफी चिक्कमगलूरू जिले में ही उगाई गई। इस विभाग के कई प्रदेशों में पान की फसले उगायी जाती हैं।

प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से यह समृद्ध विभाग है। कोडगू, दक्षिणकन्नड, मैसूरू, चिक्कमगलूरू-आदि जिलों में विविध प्रकार के वन क्षेत्र हैं। सागौन, चंदन,करंजा, नंदी, अर्जुना-आदि यहाँ उगने वाले पेड़ हैं। ये जंगल अनेक प्रकार के उत्पाद के लिए प्रख्यात है। गोंद, शहद, मोम, जंगली फल-आदि लघु वन उत्पाद हैं।

इस विभाग में अनेक छोटे तथा बड़े पर्वत हैं। इनमें प्रमुख सुब्रह्मण्य पहाड़, गोपाल स्वामी पहाड़, मलैमहादेश्वर पहाड़, बिलीगिरिरंग का पहाड़, मुल्लय्यनगिरि पहाड़, केम्मण्णुगुंडी, चामुंडी पहाड़, श्रावणबेलगोला का चंद्रगिरि, इंद्रगिरि (विंध्यगिरि) पहाड़ आदि आते हैं।

घने जंगलों के लिए प्रसिद्ध मैसूरू विभाग जीव वैविध्यता के लिए भी प्रसिद्ध है। बाघ, चीता, जंगली कुत्ता, हिरण, लोमड़ी, जंगली भैंस विविध प्रकार के साँप आदि वन्य जीव यहाँ के जंगलों में पाये जाते हैं। मंड्या जिले के बन्नूरु उत्तम नस्ल की भेड़ों के लिए प्रसिद्ध है।

इस विभाग की प्रमुख नदियाँ हैं- कावेरी, हेमावती, हारंगी, नेत्रावती, कुमार धारा, वेदावती, कपिला, यगची, -आदि। यहाँ अनेक प्रसिद्ध जलप्रपात हैं जैसे: गगनचुक्की, भरचुक्की, अब्बी जलप्रपात, इर्पू जलप्रपात, हेब्बे जलप्रपात आदि।

मैसूरू विभाग के जिलों में प्राप्त प्रमुख खनिज बॉक्साइट, फेलसाइट, क्रोमाइट, चूना पत्थर, ग्रेनाइट, मैंगनीज आदि हैं। हमारे देश में फेलसाइट खनिज सिर्फ

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मैसूरू जिले में ही मिलते हैं। इस विभाग के दक्षिण कन्नड तथा उडुपी जिले तटीय जिले हैं। यहाँ बंदरगाह है। यह जिला, सागर से मत्स्य पालन (मछली पकड़ना) के लिए प्रख्यात है। यहाँ से प्रसंस्कृत मछलियों को निर्यात किया जाता है। हजारों मछुआरों के लिए यह आय का साधन है। कोडगू, चिक्कमगलूरू, मैसूरू जिले लकड़ी के लट्ठों का व्यापार केंद्र है।




गगनचुक्की - भरचुक्की जलप्रपात



तटीय प्रदेश मत्स्य उद्योग

1.2.3 वन, वन्यजीव, राष्ट्रीय उद्यानः

मैसूरू वनों का प्रदेश है। मैसूरु, कोडगू, चिक्कमगलूरू, हासन-आदि जिले विविधता पूर्ण घने जंगल प्रदेशों से भरे हैं। बंडीपुर, नागरहोले, मलैमहदेश्वर पहाड़, पुष्पगिरि-आदि प्रसिद्ध जंगली क्षेत्र हैं । यहाँ कई प्रकार के लघु वन उत्पन्न मिलते हैं। हजारों आदिवासी लोगों के लिए लघु वन उत्पाद आय तथा खाद्य का आधार है। मैसूरू विभागीय जिले अनेक आदिवासी समुदायों के लिए आधार है। जेनू कुरूबा आदिवासी समुदाय के लोग अधिक संख्या में मैसूरू, चामराजनगर जिलों में बसे हुए हैं। दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में कोरगा आदिवासी सम ुदाय है। यह अत्यंत पिछड़ा समुदाय है। कोडगू जिले में पाई जाने वाली आदिवासी समुदाय के लोग मलेकुड़ि कहलाते हैं। ये दक्षिण कन्नड़ जिले में भी पाये जाते हैं।



आदिवासी समुदाय

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

चामाराजनगर जिले में बसने वाले सोलिगा का भी एक आदिवासी समुदाय है। उनके अतिरिक्त यरव, हक्कीपिक्की, हलस, मेदार आदि आदिवासी समुदाय भी हैं।


बाघ


हाथी


जंगली भैंस


रंगनतिट्टू पक्षीधाम


बाघ हमारा राष्ट्रीय प्राणी है। बाघ संरक्षण योजना भी राज्य में लागू है। राज्य के पाँच बाघ संरक्षित क्षेत्रों में से तीन मैसूरू विभाग में हैं। बंडीपुर, नागरहोले, भद्रा बाघ संरक्षण प्रदेश हैं। इसी प्रकार हाथियों की संरक्षण योजना भी यहाँ प्रवर्तन में है। हाथियों के दाँत के लिए, बाघ के चमड़े के लिए इन्हें अवैध (गैर-कानूनी) रूप से मार दिया जाता है। इस पर रोक लगा कर उनकी जाति को संरक्षित करने के उद्देश्य से बाघ संरक्षण योजना और हाथी संरक्षण योजना को जारी किया गया है। देश में अत्यधिक संख्या में बाघ कर्नाटक में पाए जाते हैं।

हमारे राज्य में अत्यधिक वन्य जीवधाम और पक्षी संरक्षण धाम मैसूरू विभाग में है। रंगनतिट्टू पक्षीधाम, गुडवी पक्षीधाम, कोक्करे बेल्लूर प्रमुख पक्षी धाम हैं, तो मेलुकोटे वन्यजीव धाम, कावेरी वन्यजीव धाम, मलैमहदेश्वर वन्यजीवधाम, पुष्पगिरि वन्यमृगधाम-आदि मैसूरू विभाग के प्रसिद्ध वन्यजीव धाम हैं। मैसूरू तथा कोडगू जिले में राजीव गांधी नागरहोले राष्ट्रीय उद्यान है तो चामराजनगर जिले में बंडीपुर राष्ट्रीय उद्यान है। खेड्डा नामक कार्यक्रम द्वारा जंगली हाथियों को वहाँ नियंत्रित किया जाता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.2.4 कृषि तथा उद्योग :

कृषि हमारे लोगों का जीवनाधार है। उसके लिए मैसूरू विभाग के जिले अपवाद नहीं हैं। मैसूरू जिला रेशम उत्पाद के लिए, कोडगू, हासन तथा चिक्कमगलूरु जिले कॉफी बागान के लिए, मंड्या जिला गन्ना उत्पादन के लिए, दक्षिण कन्नड़ जिला, उडुपी


दुग्ध उत्पादन

जिले काजू, काली मिर्च, इलायची, रबड़ उत्पादन के लिए विख्यात हैं। देश में अत्याधिक कॉफी चिक्कमगलूरु में उगाया जाता है। कृषि कार्य केवल खाद्य पदार्थों के उत्पाद के लिए ही सीमित नहीं है। इस विभाग के जिलों में कृषिफसलों के उत्पादन के साथ दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन तथा बागवानी की मिश्रित गतिविधियाँ भी होती हैं। इस विभाग में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें धान, राई, ज्वार, मूंग, सेम, उड़द आदि हैं। यहाँ उगाई जाने वाली वाणिज्यिक फसलें तंबाकू, कॉफी, काजू, सुपारी, आलू, गन्ना कपास संतरा नारियल आदि हैं।

इस विभाग में कृषि के लिए चार योजनाओं द्वारा सिंचाई की सुविधा प्राप्त है। वे हैं - कृष्णराज सागर, हारंगी, हेमावती और कबिनी सिंचाई योजनाएँ। इस विभाग में कृषि विकास की सहायता के लिए अनेक कृषि फारम, कृषि विद्यालंयों की स्थापना की गई है।

इस विभाग के मैसूरू, भी मंगलूरु, हासन, चिक्कमगलूरु, मंड्या, मड़िकेरी आदि औद्योगिक केंद्र हैं। औषधि कारखाने, कॉफी क्यूरिंग उद्योग, खाद्य संरक्षण घटक, उर्वरक (फर्टिलाइज़र) कारखाने, पेट्रोलियम संस्करण घटक, कैंप्को चॉकलेट कारखाना, चीनी कारखाना, सीमेंट उद्योग आदि मैसूरू विभाग के जिलों में स्थित उद्योग धंधे हैं। इस विभाग में बड़े पैमाने के उद्योग धंधों की संख्या कम है। किंतु हजारों छोटे तथा मध्यम स्तर के उद्योग यहाँ हैं।

1.2.5 कला, साहित्य, संगीत, लोकसाहित्य, नाटक, नृत्य :

यह विभाग कला, साहित्य, नाटक, नृत्य आदि कलाओं से समृद्ध हैं। मैसूरू नगर को कलाओं की जन्मभूमि कहा जाता है। तटीय क्षेत्र यक्षगान के लिए प्रख्यात है। यक्षगान राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर चुका है। कंसाले नृत्य, चौडिके कला, वीरगासे नृत्य, पट नृत्य, नंदी कोलू आदि प्रसिद्ध लोक कलाएँ हैं। कोडवा का हुत्तरी पर्व, तटीय प्रदेशों में भूताराधना, कंबल खेल आदि विशिष्ट जनप्रिय आचरण हैं ।


मैसूरू राजमहल, कला, नृत्य, संगीत आदि के लिए प्रोत्साहन देता था। इससे मैसूरू परंपरा की विशिष्टता का नृत्य, संगीत, वर्णकला, आदि रूप पाती हैं। भरतनाट्यम, नाटक, संगीत, गीत-नाटकों को राजमहल में सदा प्रोत्साहन मिलता रहा है। मैसूरू नगर में सरकार द्वारा वित्त पोषित नाटक समूह (रेपर्टरी)

© DIET NOT TO BE REPUBLISHED

प्रदर्शनीय रंगायण स्थापित हुआ है। जो वर्ष पूर्ण नाटकों को तैयार कर प्रदर्शन करता रहता है। वर्तमान समय में राज्य के भिन्न-भिन्न भागों में रंगायण केंद्र आरंभ हो रहे हैं। मैसूरू में बृहत कलामंदिर बनाया गया है ।



मैसूरू राज महल



आर. के. नारायण

मैसूरू विभाग के जिले अनेक प्रसिद्ध साहित्यकारों के स्थान है। हासन के राजाराव अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं। आर.के. नारायण एक और प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यासकार हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कृत शिवराम कारंत दक्षिण कन्नड़ जिले के हैं। कन्नड़ के सुगम संगीत में जान भरने वाले के. एस. नरसिंह स्वामी मैसूरू नगर के हैं। गोरूरु रामस्वामी आय्यंगर, डॉ. एस .एल. भैरप्पा, एम. गोपाल कृष्ण अडिगा, बी.एम. श्रीकंठय्या, ए.एन. मूर्तिराव, देवनूरू महादेव, अकबर अली, सारा अबूबक्कर, आलनहल्ली कृष्ण, पूर्णचंद्र तेजस्वी, कोडगू की गौरम्मा, तिरुमलांबा, त्रिवेणी, निरंजन आदि कन्नड़ साहित्य को समृद्ध बनाने वाले ये सभी इसी विभाग की विभूतियाँ हैं। आर.के श्रीकंठन, वीणे शेषण्णा, पिटील चौडय्या, वीणे दोरेस्वामी अय्यंगार, कद्री गोपालनाथ आदि संगीत क्षेत्र के महान दिग्गज हैं। व्यंग्य चित्रकार आर.के.लक्ष्मण, रंगभूमि के महमद पीर, चित्रकला के के.के. हेब्बार रंगभूमि और चलचित्र क्षेत्र के बी.वी कारंत, आधुनिक पूर्व साहित्य के संची होन्नम्मा, रत्नाकरवर्णी, सिंगारार्या आदि मैसूरू विभाग के

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सांस्कृतिक साधक हैं। फील्ड मार्षल के.एम.कार्यप्पा, जनरल के.एस.तिम्मय्या आदि राष्ट्र को कीर्ति प्रदान किए सैनिक दंडाधिकारी हैं। विज्ञानी राजारामण्णा, यू.आर.राव की उपलब्धियाँ उल्लेखनीय है। सामाजिक न्याय के दूत देवराज अरस मैसूरू विभाग के हैं।



बी. एम. श्री



पिटील चौडय्या




के. एस. नरसिंहस्वामी



राजारामण्णा




के. के हेब्बार



देवनूर महादेव



फील्ड मार्षल के.एम.कार्यप्पा



देवराज अरस

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.2.6. शिक्षा और स्वास्थ्य :

मैसूरू शिक्षा का केंद्र है। इस विभाग में साक्षरता का स्तर उत्तम है। मैसूरू ओडेयर के शासन काल में शिक्षा को प्रोत्साहन मिला। शताब्दी महोत्सव मनाए गए मैसूरु विश्वविद्यालय की शुरुआत सा.श. 1916 में हुई थी। इस विभाग के अनेक जिलों में चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग महाविद्यालय हैं। इस विभाग के प्रमुख जिला दक्षिण कन्नड़ में मंगलूरू विश्वविद्यालय है। इस भाग में अनेक निजी विश्वविद्यालय हैं। मैसूरू नगर में केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान सी.एफ.टी.आर.आई (सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट) है। शिक्षा के क्षेत्र

में सुत्तूरु मठ की देन अपार है। इस विभाग में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए धर्मस्थल और मणिपाल संस्थाओं का योगदान उल्लेखनीय है।

इस विभाग के सभी जिलों में जिला अस्पताल हैं। ग्रामीण प्रदेशों में लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाले स्वास्थ्य केंद्र हैं। यहाँ बच्चों को रोग निरोधक टीके लगाए जाते हैं। गर्भवती तथा प्रसूता के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वास्थ्य सहायक और आशा कार्यकर्ता गण उपलब्ध हैं। इस विभाग में शिशु मृत्यु-दर कम है। जन जीवन की आयु उत्तम स्तर की है। माताओं की मृत्यु की मात्रा भी कम है। यह सब लोगों के स्वास्थ्य का प्रतीक है।




रोग निरोधक टीकाकरण

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.2.7 विभागीय सांस्कृतिक संपदा :



गोमटेश्वर की प्रतिमा - श्रवणबेलगोला



देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री एच.डी. देवेगौड़ा इस विभाग के हासन जिले से थे।



हुत्तरी त्योहार, कोडगू



सुत्तूरू मठ, मैसूरु

मैसूरू सांस्कृतिक रूप से समृद्ध विभाग है। इन जिलों में प्राकृतिक संपदा कूट - कूट कर भरी हुई है। समृद्ध नदियाँ, घने वन प्रदेश, वैविध्यमय वन्य जीव, मनोहारी जलप्रपात, कला-वास्तु का वैभव,साहित्य कला की जन्मभूमि मैसूरू विभाग के जिले हैं। मंड्या जिला चीनी के लिए प्रसिद्ध है तो हासन, चिक्कमगलूरू जिले कॉफी के लिए प्रसिद्ध है। यक्षगान कला के लिए तटीय प्रदेश प्रसिद्ध है तो कंसाले नृत्य के लिए चामराजनगर प्रसिद्ध है। सोमनाथपुर, बेलूरू चेन्नकेशव मंदिरों की मदनिकाओं की मूर्तियाँ, श्रवणबेलगोला का गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा, हलेबीडू, मूडबिद्रे-आदि विश्वविख्यात कलाकृतियों से भरे मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं।

मैसूरू विभाग के सभी जिले पर्यटन उद्योग के लिए समृद्ध क्षेत्र माने जाते हैं। कावेरी नदी हमारे राज्य की जीवनधारा है। कोडगू जिले के तलकावेरी से इसका उद्गम होता है। 320 किलोमीटर लंबा समुद्री तट यहाँ है। मत्स्यपालन, बंदरगाह, समुद्री साहस क्रीडाएँ, शैक्षिक केंद्र आदि यहाँ हैं। सांस्कृतिक रूप से मैसूरू विभाग काफी समृद्ध है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.2.8 विभाग के स्वतंत्रता आंदोलनकार :

इस विभाग के जिले स्वतंत्रता संग्राम में आगे रहे। गांधीजी के प्रिय खादी केंद्र, गृह उद्योग यहाँ व्यापक रूप से संचालित थे। मंगलूरू के कुद्मल रंगराव ने अस्पृश्यता की समाप्ति के लिए अपना जीवन ही समर्पित कर दिया। तगडूरू रामचंद्र राव गांधीजी के अनुयायी थे। इन्होंने भी अस्पृश्यता समाप्ति के लिए संघर्ष किया। एच.सी. दासप्पा, यशोधरम्मा दासप्पा, कार्नाड सदाशिवराव, एच.के वीरण्णगौड़ा, के.टी.भाष्यं, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, के.वी शंकरेगौड़ा, के. राम कृष्ण कारंत, सी.एम. पूणच्चा आदि ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था। इनमें से कई लोगों ने कर्नाटक के एकीकरण में भी भाग लिया था। इस तरह मैसूरू विभाग के जिले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। मैसूरू का दशहरा उत्सव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनप्रिय उत्सव है।

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1. दक्षिण कन्नड़ जिला से विभाजित करके _____ वर्ष में उडुपी जिले की रचना हुई ।
2. मैसूरू विभाग के _____तथा _____तटीय जिले हैं ।
3. हमारा राष्ट्रीय जानवर _____ है।
4. जंगली हाथियों को नियंत्रित करने के तरीके को _____ कहा जाता है।
5. मैसूरू विभाग के _____ जिले में अत्यधिक कॉफी उत्पादित किया जाता है।
6. कोडगू जिले के _____ से कावेरी नदी का उद्गम होता है।
7. कुद्मल रंगराव ने _____ निवारण के लिए संघर्ष किया।
8. मैसूरू में होने वाले विश्व विख्यात उत्सव का नाम _____ है।
9. मैसूरू विभाग के _____और _____जिलों में बंदरगाह हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

10. मैसूरू विभाग में कितने जिले हैं?
11. मैसूरू के नामकरण का कारण लिखिए ।
12. मैसूरू संस्थान के विकास में 20वीं शताब्दी के आरंभ में योगदान देने वाले ओडेयरों के नाम लिखिए ।
13. तटीय प्रदेशों को अंग्रेजों ने पहले क्या नाम दिया था?

14. मैसूरू विभाग की दो प्रसिद्ध नदियों के नाम लिखिए।

15. मैसूरू विभाग के जिलों में अत्याधिक वर्षा होने वाला जिला तथा अत्यंत कम वर्षा होने वाला जिला कौन-सा है?

16. मैसूरू विभाग के जिलों में प्राप्त दो खनिजों के नाम लिखिए ।

17. मैसूरू विभाग के तटीय जिलों में लोगों का मुख्य व्यवसाय कौन- सा है?

18. मैसूरू विभाग के दो प्रसिद्ध वन प्रदेशों के नाम लिखिए ।

19. मैसूरू जिले में स्थित दो आदिवासी समुदायों के नाम लिखिए ।

20. मैसूरू जिले के दो पक्षीधाम तथा दो वन्यजीव धामों के नाम लिखिए।

21. मैसूरू विभाग में स्थित दो राष्ट्रीय उद्यानों के नाम लिखिए ।

22. मैसूरू विभाग के चुनिंदे छह फसलों के नाम लिखिए ।

23. मैसूरू विभाग के कृषि के लिए सिंचाई की दो योजनाओं के नाम लिखिए।

24. मैसूरू विभाग के तीन प्रमुख उद्योगों के नाम लिखिए।

25. कोडवा समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला फसलों के कटाव का त्योहार कौन-सा है ?

26. कर्नाटक सरकार की नाटक संस्था रंगायण का केंद्र स्थान किस नगर में है ?

27. मैसूरू विभाग के दो अंग्रेजी उपन्यासकारों के नाम लिखिए ।

28. कन्नड़ भाषा के दो उपन्यासकारों के नाम लिखिए ।

29. मैसूरू में शताब्दी महोत्सव मनाए गए विश्वविद्यालय का नाम लिखिए ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

30. ग्रामीण प्रदेश में लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाले केंद्रों के नाम बताइए ।

31. दो स्वास्थ्य सूचियों के नाम लिखिए ।

32. स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ अस्पृश्यता निवारण आंदोलन से जुड़े दो समाज सुधारकों के नाम लिखिए ।

33. श्रावणबेलगोला किसके लिए प्रसिद्ध है ?

34. मैसूरू जिले के 4 स्वतंत्रता आंदोलनकारों के नाम लिखिए ।


गतिविधियां :

- इस विभाग के प्राचीन देवालय तथा उन्हें बनवाने वाले राजवंशों की सूची बनाइए, उनका चित्र संग्रहीत कीजिए।
- इस विभाग में अलग-अलग जिलों में स्थित गोमटेश्वर की मूर्तियों की सूची बनाइए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.3 कलबुरगी विभाग (कलबुर्गी)

कलबुरगी विभाग में 7 जिले हैं। वे हैं कलबुरगी, बीदर, बल्लारी, विजयनगर, रायचूर, कोप्पल और यादगिरी । आरंभ में 4 जिले थे लेकिन सन् 1997 में रायचूर जिले से विभाजित होकर कोप्पल जिला की स्थापना हुई और कलबुरगी जिला से विभाजित होकर यादगिरी जिला की स्थापना 31 दिसंबर 2009 को हुई। 2021 अक्तूबर 2 को बल्लारी जिले से विभाजित होकर विजयनगर जिले की अस्तित्व में लाया।



कलबुरगी विभाग का जिला अनुसार मानचित्र

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

1.3.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि :



शिलालेख,



सन्नती

इस विभाग के जिलों का बहुत ही समृद्ध प्राचीन इतिहास है। इतिहासपूर्व खंडहर को यहाँ देख सकते हैं । इतिहास के आरंभ में यह प्रदेश मौर्यों के प्रशासन में था । बाद में यह शातवाहनों के प्रशासन के अधीन था। अशोक के कई शिलालेख यहाँ पाये गये हैं । इस विभाग में प्राचीन बौद्ध स्तूप सन्नती में स्थित हैं। अशोक का भाव शिल्प इस प्रदेश का आकर्षण है। इसी तरह बौद्ध स्तूप और शिलालेख यहाँ के एक और आकर्षण है । 8वीं शताब्दी में राष्ट्रकूट राजवंश ने प्रशासन किया। उनकी राजधानी मान्यखेटा (आज का मलखेड़ा) कलबुरगी जिला में है। इनके बाद कल्याण के चालुक्यों ने प्रशासन किया। बसवकल्याण इनकी राजधानी थी। विजयनगर जिले का हंपी विजयनगर राजवंश की राजधानी थी। प्रसिद्ध वचनाकार बसवण्णा के नेतृत्व में वचन आंदोलन का केंद्र बसव कल्याण नगर, कलबुरगी विभाग में है। आगे मध्ययुग में बहमनी राजवंश ने शासन किया। उनकी राजधानी कलबुरगी थी। बहमनी और विजयनगर राजवंशों के पतन के बाद कलबुरगी प्रदेश हैदराबाद के निजाम के शासन के अधीन था। सन् 1948 में हैदराबाद संस्थान गणतंत्र भारत में विलीन हो गया। राज्य का पुनर्गठन योजना के अनुसार सन् 1956 में निजाम राजवंश के वश में रहे बीदर कलबुरगी और रायचूर जिले कर्नाटक में विलीन हुए कलबुरगी विभागीय केंद्र है। मद्रास प्रांत में रहे अविभाजित बल्लारी जिला कर्नाटक में विलीन हुई।

© DTEs NOT TO BE REPUBLISHED

बहमनी और विजयनगर के प्रशासन के बाद अनेक मांडलीक इस प्रदेश में स्वतंत्र हुए। उनमें हरपनहल्ली, जरिमले, संडूरु तथा सुरपुरा के मांडलीक प्रसिद्ध हैं। सुरपुरा संस्थान के नायक कृष्णप्प नायक की मृत्यु के बाद उनका बेटा वेंकटप्पा नायक सत्ता में आए। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकर वेंकटप्पा नायक ने अंग्रेजों के साथ संघर्ष किया। वेंकटप्पा नायक को कैद कर कारागार में रखा गया। हैदराबाद के निजाम को अंग्रेजों ने सुरपुरा को उपहार दे दिये । इस तरह बीदर, कलबुरगी तथा रायचूर जिले निजाम संस्थान के अंग बन गए। ये जिले सन् 1956 में कर्नाटक में विलीन हुए।

हैदराबाद कर्नाटक प्रदेशों के विमोचन संग्राम :

भारत की आज़ादी के बाद भारत गणराज्य में निज़ाम अपने राज्य का विलय करने को तैयार नहीं था। इससे क्रोधित जनता संघर्ष पर उतरें। स्वामी रामानंद तीर्थ इस भाग के स्वतंत्र आंदोलन के नेतृत्व को लिये थे। हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्र के विमोचन संग्राम में सबसे आगे सरदार शरणगौड़ा इनांदर, शिवमूर्ति अलवंडी, शिरुरू वीरभद्रप्पा, प्रभुराजा पाटिला संगनाला, पुंडलीकप्पा आदि । उन्होंने निज़ामशाही के ख़िलाफ़ सत्याग्रह का आयोजन किया । निज़ाम की सरकार नागरिकों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। निज़ाम की निजी सेना को राजकारा कहा जाता था लोगों ने निज़ाम के विरुद्ध संघर्ष किये। केंद्र सरकार द्वारा सीधी कार्रवाई से निज़ाम के संस्थान को 17 सितंबर, 1948 को भारत गणराज्य में विलीन कर दिया गया। इस कारवाई के मुख्य नेता सरदार वल्लभभाई पटेल थे जो उस समय केंद्र सरकार में गृह मंत्री थे।

ऐतिहासिक रूप से, कलबुरगी क्षेत्र के लोगों को विभिन्न प्रशासनों के तहत विभिन्न प्रकार के शोषण का शिकार होना पड़ा। इससे उनकी राजनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रता की आशा से वंचित कर दिया गया। इस ऐतिहासिक अन्याय सुधारने के लिए सा.श. 2012 में सरकार ने 98वाँ वर्तमान इस विभाग को कल्याण कर्नाटक कहा जाता है। संवैधानिक संशोधन कायदा को लागू कर शिक्षा तथा व्यवसाय में प्रतिनिधित्व देकर सशक्तिकरण का नया मार्ग तैयार किया।


© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.3.2 प्राकृतिक संसाधन :


इस विभाग की प्रमुख नदियाँ हैं-भीमा, तुंगभद्रा, कृष्णा, मुल्लामारी, बेण्णेतोरा आदि। कारंजा बाँध बीदर जिला के लिए वरदान है। लाल, काली और जलौढ़ मिट्टी इस विभाग में है। कोप्पल तथा रायचूरु जिलों में प्रमुख रूप से धान उपजा जाता है। गन्ना यहाँ की प्रमुख वाणिज्य फसल है। कपास, कंगनी, कुसुम, ज्वार, कुलथी, तुअर आदि इस विभाग के प्रमुख फसलें है। इस विभाग के जिलों में वन प्रदेश कम है। बल्लारी जिले के संडूरू तालुक में घना वन प्रदेश है। बीदर जिले में वन प्रदेश छितरा है। कोप्पल जिले में वन प्रदेश का विस्तीर्ण न्यूनतम है।

इस विभाग के जिलों में प्राप्त प्रमुख खनिज हैं चांदी, सिलिका, सोना (रायचूर जिला), लोहे का अयस्क, चूनापत्थर और मैंगनीज अयस्क, (बल्लारी विजयनगर), ग्रेनाइट शिला इस विभाग के सभी जिलों में मिलते हैं। नैसर्गिक संसाधन की दृष्टि से यह विभाग समृद्ध नहीं है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



तुंगभद्रा बाँध



लोहा खनन

तुंगभद्रा बाँध इस विभाग के रायचूरु, बल्लारी, विजयनगर जिलों को सिंचाई प्रदान करता है। कृष्णा नदी पर निर्मित बसवसागर बाँध रायचूरु तथा यादगिर जिलों में कृषि के लिए सिंचाई प्रदान करता है। कारंजा योजना बीदर जिले की कृषि के लिए सिंचाई प्रदान करता है।

1.3.3 वन, वन्य जीवधाम :

इस विभाग में वनों की कमी है। यहाँ कोई बड़ा वन्यजीव नहीं है। महत्वपूर्ण वन्यजीव जैसे लंगूर, हिरण, लोमड़ी, वानर, भालू, भेड़िया और जंगली कुत्ते यहाँ पाए जाते हैं। बल्लारी और विजय नगर जिलों में फैला दरोजी भालू वन्यधाम इस विभाग के अंतर्गत आता है।



दारोजी भालू अभयारण्य

1.3.4 कृषि और उद्योग :



हट्टी सोने की खान

इस क्षेत्र में लोगों की मुख्य व्यवसाय कृषि है। यहाँ वर्षा कम होती है। वर्षा के आधार पर फसलें उगाई जाती हैं। बारिश का स्तर कम होने के कारण अकाल लोगों को सताता है। इस विभाग के जिलों को अकाल पीड़ित जिलों के रूप में जाना जाता है। इस विभाग के प्रमुख उद्यम हैं लोहा और इस्पात, चीनी, सिमेंट और ताप (थर्मल) विद्युत केंद्र आदि हैं। इन व्यवसायों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। बल्लारी जिला में लोहे और इस्पात का बड़ा कारखाना हैं। यादगिर और कलबुरगी जिलों में सिमेंट के बड़े कारखाने हैं। बीदर जिले बिदरी कला के लिए प्रसिद्ध है। इस विभाग में पर्यटन बढ़ रहा है। इस विभाग के प्रमुख पर्यटन स्थलों में विजयनगर जिले में हम्पी, तुंगभद्रा बाँध, कलबुरगी जिले में सन्नति, ख्वाजा बंदे नवाज दरगाह, बीदर जिले का किला, बसवकल्याण, रायचूर जिले में हट्टी सोने की खान हैं। रायचूर जिले के हट्टी पूरे भारत में अत्यधिक सोना उत्पादक खान है ।

NOT TO BE REPUBLISHED

1.3.5 कला, साहित्य, संगीत, लोक साहित्य, नाटक, नृत्य :

कलबुरगी विभाग के जिले आर्थिक रूप से पिछड़े हो सकते हैं। लेकिन ये कला, साहित्य, संगीत, लोकगीत और नृत्य में समृद्ध हैं। साहित्य में कलबुरगी विभाग का प्राचीन इतिहास है। कन्नड के शास्त्रीय कृति 'कविराजमार्ग' की रचना राष्ट्रकूटों के शासनकाल के दौरान हुआ था। आदिकवि पम्पा ने राजा अरिकेसरी के राजाश्रय में अपना महाकाव्य 'विक्रमार्जुनविजय' की रचना की। कन्नड़ में तीन रत्नत्रयों को मान्यता दी गई है। वे हैं पम्पा, पोन्न और रन्न। ये तीनों कलबुरगी विभाग के हैं। कन्नड़ के पहला व्याकरण ग्रंथ 'शब्दमणिदर्पण' का रचयिता केशिराज कलबुरगी जिले के हैं।

वचन आंदोलन :

कर्नाटक की 12वीं शताब्दी में, महान सामाजिक सुधार आंदोलन के रूप में माना जानेवाला वचन साहित्य की परंपरा कलबुरगी विभाग के कल्याण नगर में फली-फूली। कलबुरगी विभाग बसवण्णा, अल्लमप्रभू, अक्कमहादेवी, जेडरदासिमय्या, सिद्धरामा आदि शिवशरणों की सिद्धि का कार्यस्थल है। सम ाज के सभी वर्गों के पुरुषों और महिलाओं ने इस आंदोलन के हिस्से के रूप में वचनों को लिखा।



विश्वगुरू बसवण्णा
सांस्कृतिक नायक

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

दास साहित्य :



पुरंदर दास

कलबुरगी विभाग का रायचूर जिला दास साहित्य की जन्मभूमि है। दासकूट का गठन श्री व्यासराय के नेतृत्व में हुआ था। पुरंदरदास, कनकदास, राघवेंद्र तीर्थ आदि ने कीर्तनों की रचना की। तदुपरांत दास साहित्य ने कर्नाटक संगीत परंपरा के लिए बड़ा योगदान दिया । सैकड़ों दासों के कृतियों, भजनों, गीतों, निबंध नामावली आदि संगीत रचनाओं से कन्नड़ साहित्य समृद्ध हुआ।

दार्शनिक :

वचन साहित्य, दास साहित्य, प्राचीन काव्य आदि विचारों से प्रभावित होकर लोगों ने दार्शनिक पदों का निर्माण किया। लोक कलाकारों, साधु - संतों, फकीरों द्वारा रचित गीतों को दार्शनिक पद कहा जा सकता है। 18वीं और 19वीं शताब्दी में कई दार्शनिकों ने लिंग असमानता, अस्पृश्यता, झूठ बोलना और पैसा कमाने के खिलाफ अपने पदों में विडंबना की है। चेन्नूर जलाल साब और हनुमंतव्वा आदि दार्शनिकों ने तत्वपदों की रचना की हैं। कई अनपढ़ लोगों ने दार्शनिक पदों को गाये है।

आधुनिक काल में कलबुरगी विभाग में साहित्य क्षेत्र को समृद्ध करनेवाले सिद्धय्या पुराणिक, जयतीर्थ राजपुरोहित, शांतरस, पंडित तारानाथ, बीची, मुदेनूर संगण्णा, सिंपिलिंगण्णा, श्रीमती शैलजा चडचण, जयदेवी ताई लिगाड़े, चेन्नण्ण वालीकार, जंबण्ण अमरचिंता आदि हैं। संगीत के क्षेत्र को भी कलबुरगी विभाग ने बहुत बड़ा योगदान दिया है। सिद्धरामा जंबलदिन्नी, पं.तारानाथ, गज़ल गुंडम्मा और सुभद्रम्मा मन्सूर ने संगीत के क्षेत्र में योगदान दिया है। चित्रकला के लिए मशहूर एस. एम पंडित का नाम सबसे ऊपर है। जब लोक नाटक की बात आती है, तो कलबुरगी विभाग में दोड्डाटा, सण्णाटा, कठपुतली के खेल प्रदर्शन, आदि प्रचलित हैं। बेलगल वीरण्णा अपने चमड़े की कठपुतली के लिए प्रसिद्ध हैं।

नंदी नृत्य, अलावी नृत्य, चौडम्मा का नृत्य, लम्बानी नृत्य, कोलाटा, वीरगासे, दुरगा-मुरगी आदि लोककला के रूप हैं। भालू मजलू, शिल्लेक्यातों का खेल, मोहरम नृत्य, हगलु वेष आदि लोक कला विधाएँ हैं। बीदर जिले का बिदरी कला, किन्नाल की गुड़िया और कोप्पल जिले की कौदियाँ आदि प्रचलित पारंपरिक कलाएँ हैं ।


1.3.6 शिक्षा - स्वास्थ्य :

हमारे राज्य के शैक्षिक रूप से पिछड़े जिले यादगिर और रायचूर जिले कलबुरगी विभाग में हैं। शैक्षिक प्रगति का सूचक साक्षरता का स्तर यहाँ निम्न है। साक्षरता के स्तर में हाल ही में सुधार हुआ है। इस विभाग के कलबुरगी नगर में

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गुलबर्गा विश्वविद्यालय है। और कर्नाटक के केंद्रीय विश्वविद्यालय कलबुरगी जिला में स्थित है। रायचूर जिले में कृषि विश्वविद्यालय, बल्लारी नगर में विजयनगर श्री कृष्णदेवराय विश्वविद्यालय,तथा विजयनगर जिले के हम्पी क्षेत्र में विश्वविद्यालय है। बीदर में कर्नाटक पशु वैद्यकीय, पशु तथा मत्स्य विज्ञान के विश्वविद्यालय है और नरसिंहझरा मंदिर प्रसिद्ध है। कलबुरगी में प्रसिद्ध बुद्ध विहार है।

यादगीर, बेल्लारी, कलबुरगी, रायचूर, बीदर में वैद्यकीय कॉलेज हैं। प्रत्येक जिले में जिला अस्पताल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए स्वास्थ्य उप-केंद्र हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। कलबुरगी में ई.एस.आई का बड़ा अस्पताल है।



कोप्पल के गविसिद्देश्वर मठ का चित्र

इस विभाग के कोप्पल के गविसिद्धेश्वर मठ राज्य के हजारों छात्रों के लिए विद्यादान और दसोहा दे रहा है। यहाँ के मेला विश्व प्रसिद्ध है ।



बौद्ध विहार



गुलबर्गा विश्वविद्यालय



ख्वाज़ा बंदे नवाज़ दर्गा



नानक झरा



कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय



नरसिंह झरा

© KSEEB NOT TO BE REPUBLISHED

1.3.7 सांस्कृतिक संपदा :



किन्नाल की गुड़ियां

कलबुर्गी विभाग के जिलों ने संगीत, साहित्य, चित्रकला, लोक साहित्य, नाटक, नृत्य आदि क्षेत्रों में बहुत योगदान दिया है। यह कर्नाटक के चार प्राचीन राजवंशों को आश्रय दिया है। वे राष्ट्रकूट, कल्याण चालुक्य, बहमनी और विजयनगर राजवंश थे। इन राजवंशों के शासनकाल में साहित्य, कला और संगीत को उत्तेजित किया गया था। यह विभाग वृत्ति रंगभूमि कला के लिए भी प्रसिद्ध है।

बीदर की बिदरी कला, किन्नाल के खिलौने, कौड़ी-आदि गृह उद्योग यहाँ है। प्राचीन वास्तु शिल्प कला के लिए यह प्रसिद्ध है। बीदर का किला, हम्पी के प्राचीन स्मारक, बसवकल्याण के बसव स्मारक, कलबुरगी का ख्वाजा बंदे नवाज दरगाह, सन्नती के स्मारक आदि यहाँ की अद्‌भुत वास्तुकलाएँ हैं।

© KSEEB NOT TO BE REPUBLISHED

1.3.8 स्वतंत्रता सेनानी :

जब कर्नाटक के अन्य भागों में भारत की स्वतंत्रता और कर्नाटक के एकीकरण के लिए लड़ाई लड़ी जा रही थी, तब कलबुरगी विभाग के लोग स्वतंत्रता संग्राम, निजाम संस्थान के विमोचन आंदोलन तथा कर्नाटक एकीकरण के आंदोलन में भाग लेना पड़ा । स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित कलबुरगी विभाग में हुए दो घटनाक्रमों का उल्लेख किया जाना चाहिए। पहला, जिसे राष्ट्रीय आंदोलन के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू किया गया वाचनालय आंदोलन था और दूसरा बच्चों को शिक्षा देने और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय स्कूलों की स्थापना थी। चार राष्ट्रीय विद्यालयों की स्थापना की गई। वे थे :

1. नूतन विद्यालय कलबुरगी (1907) ।
2. उस्मानिया राष्ट्रीय विद्यालय, चिंचोली ।
3. विद्यानंद गुरुकुल, कुकनूर (1922) ।
4. हमदर्द राष्ट्रीय विद्यालय, रायचूर (1922) ।

इस विभाग में आर्य समाज और वन्देमातरम् आंदोलन से स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरणा मिली । महागाँव के कल्याणशेट्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए युवाओं के संघ का निर्माण किया। इसकी अध्यक्षता महागाँव के चंद्रशेखर पाटिल ने की। श्री रमानंद तीर्थ इस विभाग के सबसे महत्वपूर्ण स्वतंत्रता आंदोलनकारों में से एक हैं। इनके अलावा स्वतंत्रता संग्राम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

निज़ाम शाही विमोचन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में शरणगौड़ा इनामदार प्रमुख थे। निज़ाम की निजी सेना रजाकारों ने कलबुरगी विभाग में नागरिकों पर भारी हिंसा की। लोगों ने उसका गंभीर विरोध किया। 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिली। 17 सितंबर 1948 को निज़ाम के राज्य को गणतंत्र भारत में विलीन हुआ ।

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1. कलुबुर्गी विभाग के जिलों को _____ में स्वतंत्रता मिली ।
2. कलबुरगी विभाग के _____ में सोने की खान है ।
3. बेल्लारी जिले के _____ में (भालू) करडी अभयारण्य है ।
4. कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय _____ जिले में है।
5. विजयनगर जिले का हंपी में स्थित विश्वविद्यालय का नाम _____।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

6. निजाम संस्थान, गणतंत्र भारत में कब विलीन हुआ ?
7. हम्पी किस साम्राज्य की राजधानी थी?
8. विजयनगर और बहमनी राजाओं के पतन के बाद शासन करने वाले दो मांडलिकों के नाम लिखिए।
9. कलबुरगी विभाग की दो प्रमुख नदियाँ कौन-सी हैं?
10. बीदर जिले के एक बाँध का नाम लिखिए।
11. बल्लारी और विजयनगर जिलों के लिए सिंचाई प्रदान करने वाले बाँध का नाम लिखिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

12. कलबुरगी विभाग के प्रमुख उद्यमों के नाम लिखिए।
13. कलबुरगी विभाग के किस जिले में लोहा तथा मैंगनीस के भंडार हैं ?
14. कलबुरगी में स्थित दरगाह का नाम क्या है?
15. कलबुरगी विभाग में प्राचीन काल में रचित दो काव्यों के नाम लिखिए।
16. वचन आंदोलन पर एक टिप्पणी लिखिए।
17. दास साहित्य में निपुण दो श्रेष्ठ दास संतों के नाम लिखिए।
18. कलबुरगी विभाग के लोक नृत्यों के नाम बताइए।
19. इस विभाग के रायचूर जिले में कौन सा विश्वविद्यालय है?
20. बल्लारी नगर में स्थित विश्वविद्यालय कौन सा है?
21. कन्नड़ विश्वविद्यालय कहाँ है?
22. कलबुरगी विभाग में स्वतंत्रता संग्राम के साथ हुए दो अन्य आंदोलन कौन से हैं ?
23. निज़ाम की निजी सेना का क्या नाम है?
24. दो राष्ट्रीय विद्यालयों के नाम लिखिए जो स्वतंत्रता आंदोलन के हिस्से के रूप में कलबुरगी विभाग में शुरू किए गए थे।
25. हैदराबाद निज़ाम का संस्थान किस दिनांक में गणतंत्र भारत में विलीन हो गया ?
26. कलबुरगी विभाग के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी का नाम क्या है?

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गतिविधि :

इस विभाग के जिलों में लोहे के खान के क्षेत्रों की सूची बनाइए, उनके चित्र एकत्र कर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

1.4 बेलगावी (बेलगावी) विभाग

इस विभाग के चार जिले 1956 तक मुंबई प्रांत में थे। ये राज्य पुनर्गठन में कर्नाटक में विलीन हुए। इस विभाग के धारवाड़ जिले से सा.श. 1997 में विभाजित होकर हावेरी और गदग जिलों की रचना हुई और बीजापुर (विजयपुर) जिले से विभाजित होकर बागलकोट जिले की रचना हुई । इस विभाग में आज सात जिले हैं। वे बेलगावी, धारवाड़, हावेरी, गदग, विजयपुरा, बागलकोट और उत्तर कन्नड़ जिले हैं।



बेलगावी विभाग का जिला अनुसार मानचित्र


1.4.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि :

इस क्षेत्र पर शातवाहन और मौर्यों का प्रशासन था। इस विभाग का बनवासी कदंबों की राजधानी थी। बादामी चालुक्यों की राजधानी बादामी है। बादामी,

पट्टदकल्लू और ऐहोल में विश्व प्रसिद्ध मंदिर हैं। बादामी की गुफाओं में शिल्पकला की भव्यता देखी जा सकती है। इस विभाग के बसवनबागेवाड़ी और कूडलसंगम आदि वचन आंदोलन के केंद्र हैं। सामाजिक परिवर्तन के प्रणेता श्री बसवेश्वर का ऐक्य स्थान कूडलसंगम में है । यहाँ बिजापुर का गोलगुम्मट और सवदत्ती का यल्लम देवालय प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है । बेलगावी विभाग में राष्ट्रकूट, और फिर बहमनी राजाओं ने शासन किया।

बेलगावी के जिलों ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में एक अद्‌भुत भूमिका निभाई। सा.श. 1824 में कित्तूर की रानी चेन्नम्मा ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। कित्तूर चेन्नम्मा का ब्रिटिश विरोधी संघर्ष ऐतिहासिक है। बाद में संगोल्ली रायण्णा की लड़ाई अविस्मरणीय रही। यह संघर्ष अगले किसान संघर्षों के लिए प्रेरणा बना । 1924 में, बेलगावी में महात्मा गांधी की अध्यक्षता का एक कांग्रेस अधिवेशन आयोजित किया गया । उत्तर कन्नड़ जिले में कर विरोधी सत्याग्रह का आयोजन किया गया।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



कितूर रानी चन्नम्मा



संगोल्ली रायण्णा

इस विभाग के जिले मुंबई प्रांत का भाग थे। सा.श. 1956 में कर्नाटक का एकीकरण होने के समय पर इन्हें कर्नाटक में विलीन किया गया। प्रारंभ में इस विभाग में बेलगावी, उत्तर कन्नड़, बीजापुर (विजयपुर) और धारवाड़ ये चार जिले थे। प्रारंभ में धारवाड़ और विजयपुर जिलों को विभाजित किया गया था। इसलिए आज इस विभाग में सात जिले हैं। इस विभाग के विजयपुर, उत्तर कन्नड़ और बेलगावी अंतरराज्य के साथ सीमावर्ती जिले हैं ।

1.4.2 प्राकृतिक संपदा :



गुहांतर मंदिर बादामी

यह विभाग प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। उफनती नदियाँ हैं । घने जंगल हैं। कई खनिजों की खानें हैं। उपजाऊ मिट्टी है। बिजली स्थावर हैं। इस विभाग में बहने वाली प्रमुख नदियाँ कृष्णा, मलप्रभा, घटप्रभा, भीमा, काली, तुंगभद्रा आदि हैं। जिस क्षेत्र में ये नदियाँ बहती हैं, उस क्षेत्र में कई खूबसूरत जलप्रपात हैं। गोकाक जलप्रपात आकर्षक है। दांडेली के पास मागोडु जलप्रपात, कारवार के पास देवमाला जलप्रपात और मुरुडेश्वर के पास अप्सराकोंडा जलप्रपात आदि प्राकृतिक सौंदर्य के स्थान हैं। यहाँ पर्यटन के लिए बेहतरीन माहौल है। अंशी राष्ट्रीय उद्यान काली नदी के तट पर स्थित है। यहाँ एक अन्य वन्यजीव धाम दांडेली वन्यजीव धाम है। अत्तिवेरी पक्षी धाम प्रकृति का एक और खूबसूरत स्थान है। इस विभाग के बागलकोट जिले में लोहे का अयस्क पाया जाता है। यहाँ उपलब्ध एक अन्य कच्चा माल चूना पत्थर है। इस विभाग के जिलों में स्फटिक शिला प्रचुर मात्रा में पायी जाती है। इलकल में ग्रानाईट का भारी भंडार है। यहाँ से ग्रानाईट पत्थरों का निर्यात किया जाता है।



इलकल्लू ग्रानाईट उद्योग

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1.4.3 वन और वन्य अभयारण्य :

इस विभाग के बेलगावी जिला, उत्तर कन्नड़ और धारवाड़ जिलों में घने वन हैं। यहाँ सदाबहार वन हैं। उष्ण कटिबंध में बहुस्तरीय वन और साल भर हरे भरे रहने वाले वनों को सदाबहार वन कहते हैं। आरक्षित वन, संरक्षित वन और मुक्त वन है। उत्तर कन्नड़ जिले के कुल क्षेत्रफल का लगभग 80% वनाच्छादित है। हाथी, जंगली भैंस, हिरण, बाघ, चीता, भालू, मोर, जंगली बिल्ली जैसे जंगली जानवर हैं।




घना जंगल

जंगलों में चुकंदर, चंदन, मैटी, नंदी, सागौन जैसे कीमती पेड़ यहाँ के वनों में उगते हैं। लघु वन उत्पाद वन आदिवासी समुदायों के लिए आय का एक स्रोत हैं।

1.4.4 कृषि और उद्यम :

इस विभाग में व्यापक काली और लाल मिट्टी है। मुख्य फसलें धान, कपास, मक्का, दालें, गेहूँ, मूँगफली, बाजरा, मिर्च हैं। महालिंगपुर का गुड़, ब्याडगी, सूखी मिर्च और काजू यहाँ की प्रमुख उपज है। मलप्रभा सिंचाई योजना (नविलुतीर्थ), कृष्णा भूजल योजना (आलमट्टी तथा नारायणपुर) प्रमुख सिंचाई योजनाएँ हैं। काली, वरदा, शरावती, डोणी और भीमा आदि यहाँ की प्रमुख नदियाँ हैं।



आलमट्टी बाँध

उत्तर कन्नड़ जिले में मत्स्य पालन मुख्य व्यवसाय है। यहाँ कई मछली प्रसंस्करण यूनिट हैं। काजू एक अन्य कृषि उत्पाद है। यहाँ काजू प्रसंस्करण यूनिट हैं। उत्तर कन्नड़ जिले में कद्रा, सूपा, कोडसल्ली, नागज़री और कैगा जैसे बिजली उत्पादन केंद्र हैं। सुपारी, गन्ना, कपास और मसाले मुख्य वाणिज्यिक फसलें हैं। विजयपुरा और बागलकोट जिले बागवानी फसलों के लिए प्रसिद्ध हैं। क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता फलों के फसलों के लिए उचित है। इन जिलों में अंगूर अधिक मात्रा में उगाए जाते हैं। अंगूर प्रसंस्करण यूनिट यहाँ बढ़ रहे हैं। अनार, नींबू, चीकू, मोसंबी जैसे फलों की फसलें उगाते हैं। हावेरी जिला संस्करित बीज उत्पादन का प्रमुख केंद्र है। यहाँ कई राष्ट्रीय बीज उत्पादन केंद्र हैं। गुलेदगुड्डा चोली का कपडा बनाने के लिए जाना जाता है।

हुबल्ली, बेलगावी, बागलकोट, गदग और हावेरी उद्योग के प्रमुख केंद्र हैं। इलकल्लू में कई ग्रेनाइट पत्थर प्रसंस्करण यूनिट हैं।

1.4.5 कला, साहित्य, संगीत, लोक साहित्य, नाटक :

इस विभाग के जिले विभिन्न प्रकार की ललित कलाओं के लिए प्रसिद्ध हैं। धारवाड़ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हिंदुस्तानी संगीतकारों का घर है। भारत रत्न पं. भीमसेन जोशी, पं. मल्लिकार्जुन मंसूर, बालेखान (सितार), विदुषी गंगूबाई हानगल, पं. वेंकटेश कुमार, पं. बसवराज राजगुरु एणगी बालप्पा, अप्पालाल जमाखंडी, जैसे संगीतकार धारवाड़ के हैं।


NOT TO BE REPUBLISHED @KSBSE




कुमारव्यास



कनकदास



चंद्रशेखर कंबार



फादर फर्डिनेंड किटेल




द.रा. बेंद्रे



डी. सी. पावटे



मोहरे हणमंतराव



दिनकर देसाई

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



शिशुनाल शरीफ

मध्ययुग में कई महत्वपूर्ण कन्नड़ काव्यों की रचना करने वाले रन्ना, नागचंद्र, नयसेना, कुमारव्यास, चामरसा, बसवण्णा, कनकदास, शिशुनाल शरीफ, बेलगावी के विभिन्न भागों के हैं। वचन के पितामह डॉ. फ. गु. हलकट्टी, भूसनूरमठ, दिनकर देसाई, बसवराज कट्टीमनी, एम.एम. कलबुरगी, आद्यरंगाचार्य (श्रीरंगा) ज्ञानपीठ पुरस्कृत द.रा. बेंद्रे, वी.कृ .गोकक, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार आदि ने आधुनिक युग में कन्नड़ साहित्य को समृद्ध किया है। कन्नड़ शब्दकोशों को चार खंडों में प्रकाशित करनेवाले रेवरेंड किटेल की कर्मभूमि धारवाड थी। लोकगीतकार हूक्केरी बालप्पा, नाडोज सुक्री बोम्मगौड़ा आदि लोक साहित्यकार हैं। श्रीकृष्ण पारिजात, बडगुत्तिट्टू

यक्षगान, सण्णाटा और दोड्डाटा जैसी कला विधाएँ यहाँ फैली हैं। अप्पलाल जम खंडी, कौजलगी निंगम्मा, लोकापुर देशपांडे आदि बेहतरीन अभिनेता कलाकार हैं।




कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़



कर्नाटक विद्यावर्धक संघ, धारवाड़

1.4.6 शिक्षा, स्वास्थ्य :

धारवाड़, बेलगावी और विजयपुर प्रमुख शैक्षिक केंद्र हैं। धारवाड़ में सा.श. 1949 में प्रारंभ हुआ कर्नाटक विश्वविद्यालय है, हुब्बल्ली में कर्नाटक राज्य का कानून विश्वविद्यालय है। बेलगावी में, रानी चेन्नम्मा विश्वविद्यालय और विश्वेश्वरैया तकनीकी (तांत्रिक) विश्वविद्यालय हैं तो, विजयपुर में कर्नाटक राज्य अक्कमहादेवी महिला विश्वविद्यालय है। बागलकोट में एक बागवानी वैज्ञानिक विश्वविद्यालय है।



सिद्धेश्वर स्वामी

विजयपुर जिले के नंदीहाला में 5 सितंबर 1940 को सिद्धेश्वर स्वामी का जन्म ओगेप्पा बिरादरा और संगव्वा बिरादार दंपती के घर में हुआ था। इनका जन्म स्थान बिज्जरगी है। सिद्धेश्वर संत और आध्यात्मिक विचारक थे। इनको 'कायकायोगी' के नाम से संबोधित करते हैं। अपने प्रवचनों के माध्यम से कई लोगों के लिए मार्गदर्शक थे, स्वामीजी, बीजापुर के ज्ञान योगाश्रम के मुखिया थे।

इस विभाग के जिले साक्षरता में अच्छी स्थिति में हैं। बेलगावी, हुब्बल्ली, विजयपुरा और बागलकोट में वैद्यकीय महाविद्यालय और इंजिनियरिंग महाविद्यालय हैं। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में डिप्टी चन्नबसप्पा के नेतृत्व में कन्नड़ स्कूल शुरू

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


किए गए थे। शिक्षा के क्षेत्र में कई निजी संस्थाएँ काम कर रही हैं। ईसाई संगठनों ने शिक्षा के प्रसार में बहुत बड़ा योगदान दिया है। कन्नड़ शब्द कोश को चार खंडों में प्रकाशित करने वाले रवरेंड किटेल की कर्मभूमि धारवाड है।

बेलगावी विभाग ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी जबरदस्त प्रगति की है। जनसंख्या वृद्धि दर कम है। लेकिन शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर अधिक है। इस विभाग में अनेक स्वासथ्य केंद्र है । गाँवों में स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं। वैद्यकीय महाविद्यालय अपने ही अस्पताल चलाते हैं।


1.4.7 सांस्कृतिक संपदा :

यह विभाग सांस्कृतिक संपदा से समृद्ध है। कला, संगीत, नाटक, साहित्य में इस विभाग के जिलों का योगदान अपार है। यहाँ के संगीतकार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है । गानयोगी पंचाक्षरी गवयी नेत्रहीन बच्चों के लिए आश्रय देने के साथ उन्हें संगीत सीखने के लिए प्रेरणा दी । हुब्बल्ली को कर्नाटक के वाणिज्यिक केंद्र कहते हैं। ब्याड़गी, महालिंगपुर और विजयपुर क्रमशः मिर्च, गुड़ और अंगूर के प्रमुख व्यापार केंद्र हैं। बेलगावी विभाग पेशेवर रंगभूमि का एक समृद्ध स्थान है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



भारतरत्न पं. भीमसेन जोशी



मल्लिकार्जुन मन्सूर



गंगूबाई हानगल



पंचाक्षरी गवायी

इस विभाग के ऐतिहासिक स्मारक विश्व प्रसिद्ध हैं। बादामी, पट्टदकल्लु और ऐहोल के ऐतिहासिक स्मारक कर्नाटक संस्कृति के संकेत हैं। पर्यटन तीव्र गति से बढ़ रहा है।उत्तर कन्नड़ जिले में कारवार के निकट INS कंदब एक प्रमुख नौसैनिक

अड्डा है। इस जिले का धाम वन क्षेत्र कई वन्य जीवों का घर है। यह कई नदियों का उद्गम स्थल है। इस विभाग में कई जलप्रपात बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। समुद्र तट अन्य पर्यटन स्थल हैं।

1.4.8 स्वतंत्रता सेनानी :



पाटील पुट्टप्पा



डॉ. फ.गु. हलकट्टी

बेलगावी विभाग के कित्तूर में 19वीं शताब्दी में ही अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम आरंभ हुआ। मैलार महादेवप्पा ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। स्वतंत्रता संग्राम में बेलगावी विभागों के जिलों की भूमिका महत्वपूर्ण है । इस विभाग के हजारों लोग स्वतंत्रता संग्राम में भाग ले चुके हैं और कारागार जा चुके हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वालों में प्रमुख थे सिद्दप्पा कंबली, आलूरु वेंकटराव, ना. सु. हार्डीकर, हर्डेकर मंजप्पा, गंगाधर राव देशपांडे, - सर्वप्रथम कन्नडांबे का चित्र की रचना करनेवाले दोड्डमेटी अंदनाप्पजी, आर. आर. दिवाकर, नाडोजा और पाटिल पुट्टप्पा - आदि मुनवल्ली वकीलों के नेतृत्व में घटित रामदुर्गा विमोचन संघर्ष में आठ लोगों को फाँसी पर चढ़ाया गया था। स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ इन्होंने कर्नाटक के एकीकरण के लिए भी लड़ाई लड़ी। स्वतंत्रता संग्राम और एकीकरण के साथ-साथ कई लोगों ने सामाजिक सुधार कार्य किए। रा. ह. देशपांडे ने सभी कन्नड़ भाषियों के आत्माभिमान को जगाने वाला सप्ताक्षरी मंत्र "सिरीगन्नडम गेल्गे" दिया। वचन साहित्य के पितामह उपाधि से अलंकृत डॉ फ. गु. हलकट्टी ने पत्रकारिता में भी काम किया। मोहरे हणमंतराव, पाटील

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पुट्टप्पा आदि ने समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित किया।

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1. कर्नाटक में बेलगावी विभाग के जिलों का विलीन _____वर्ष में हुए ।
2. अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने वाली रानी का नाम _____ ।
3. हावेरी, गदग और बागलकोट इन नये जिलों की रचना _____ वर्ष में हुई ।
4. बादामी _____ राजवंश की राजधानी थी ।
5. इलकल में _____ संसाधन पाये जाते हैं।
6. बेलगावी विभाग का ब्याडगी _____ कृषि उपज के लिए प्रसिद्ध हैं ।
7. बेलगावी विभाग के _____ जिले में बागवानी विश्वविद्यालय है।
8. कर्नाटक राज्य का पहला महिला विश्वविद्यालय को _____ में प्रारंभ किया।
9. मुनवल्ली वकीलों के नेतृत्व में चला _____ संस्थान विमोचन संग्राम में 8 लोगों को फाँसी पर चढ़ाया गया ।
10. बेलगावी विभाग के _____ जिले में बीजोत्पादन केंद्र है ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

11. महात्मा गाँधी की अध्यक्षता में कांग्रेस का अधिवेशन इस विभाग के किस जिले में, किस वर्ष हुआ था?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

12. बेलगावी विभाग की दो प्रमुख नदियों के नाम लिखिए ।
13. इस विभाग में स्थित महत्वपूर्ण वन्यजीव अभयारण्यों के नाम लिखिए।
14. सदाबहार वन कौन-कौन से हैं ?
15. बेलगावी विभाग के प्रमुख जलप्रपातों के नाम बताइये ।
16. बेलगावी विभाग के किस जिले में लौह अयस्क पाया जाता है ?
17. बेलगावी विभाग के जिलों के प्रमुख कृषि उत्पाद कौन से हैं ?
18. बेलगावी विभाग के किस जिले में मत्स्योद्यम लोगों का मुख्य व्यवसाय है?
19. बेलगावी विभाग के चार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित लेखकों के नाम लिखिए ।
20. बेलगावी विभाग के तीन प्रसिद्ध संगीतकारों के नाम लिखिए ।
21. बेलगावी क्षेत्र के दो प्रसिद्ध नाटक की शैलियों के नाम लिखिए ।
22. बेलगावी विभाग के किस जिले में कानून विश्वविद्यालय है?
23. बेलगावी विभाग के तीन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिए ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गतिविधियाँ :

- कर्नाटक के इकतीस जिलों की सूची बनाकर, कर्नाटक का जिलों के मानचित्र एकत्र करें। प्रत्येक जिले में पर्यटन केंद्रों की सूची बनाएँ। इन सबको एकत्रित कर रपट तैयार करें ।
- वचनकारों की सूची तैयार करें, उनसे संबंधित विभिन्न जिलों के क्षेत्रों का विवरण तैयार करें ।

इतिहास

अध्याय 4 वेद काल की संस्कृति

P4C7M2

पाठ परिचय

इस पाठ में वेदों का परिचय दिया गया है। पूर्व वेद काल और उत्तर वैदिक काल का समाज, आर्थिकता, राजनीति और धार्मिक व्यवस्था की भिन्नताओं को समझाया गया है ।

सामर्थ्य

1. चार वेदों के नाम जानना ।
2. पूर्व वेद काल और उत्तर वेद काल का समाज के परिवर्तनों को पहचानना।
3. वेद काल की राजनीतिक संस्थाओं को समझना ।
4. वेदों में निहित संदेशों को समझना ।
5. भारतीय महाकाव्यों को नामांकन करना ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भारत में मध्य एशिया के मूल ते आर्य जाति के आगमन के साथ एक नई संस्कृति का प्रारंभ हुआ था। इसको वेद काल की संस्कृति कहा जाता है।वैदिक संस्कृति सबसे पहले सरस्वती नदी मैदानी प्रदेशों में, तत्पश्चात गंगा नदी मैदानी प्रदेशों में, प्रारंभ हुआ। वेद साहित्य रचनाकाल को 'वेद काल' कहा जाता है। वेद का अर्थ ज्ञान, वेदो में चार प्रकार है:

1. ऋग्वेद
2. यजुर्वेद
3. सामवेद
4. अथर्वण वेद

इन वेदों में ऋग्वेद अत्यंत प्राचीन है। संस्कृत भाषा में इन वेदों को सहस्त्र वर्षो तक मौखिक रूप में थे। ऋग्वेद में अधिक बार उल्लेखित नदी सरस्वती प्रस्तुत

राजस्थान का तार मरूस्थल में गायब होकर घागरा - हाक्रा नदी ही प्राचीन सरस्वती नदी माना जाता है फिर भी, अफगानिस्तान में बहने वाली हेल्मंड नदी ही प्राचीन सरस्वती नदी है यह मत भी है।

आर्यों के काल में चार वेद और उससे संबंधित साहित्य की रचना हुई। वेद काल का इतिहास को समझने के लिए वैदिक साहित्य ही आधार है। ऋग्वेद काल को पूर्व वैदिक काल से तत्पश्चात वेदों के काल को उत्तर वैदिक काल कहा जाता है।

पूर्व वैदिक काल

सामाजिक जीवन : पूर्व वेदकाल में परिवार समाज का मूल ईकाई था। पिता ही परिवार का मुखिया था। समाज में संयुक्त पारिवारिक व्यवस्था अस्तित्व में थी । युद्ध में जीते हुए दास, दासियो को गुलाम के रूप में देखते थे।

स्त्रीयों के स्थानमान : समाज में स्त्रीयों को उचित सम्मान का स्थान था। राजनीतिक संस्थाओं में भी भाग लेती थीं । विधवा विवाह आचरण में था। लडकियाँ भी वेदाभ्यास करती थीं । घोषा, अपाला, लोपमुद्रा, इंद्राणी, विश्ववरा आदि वेद काल की विद्वन्मणि थीं। राजनीतिक संस्था जैसे सभा और समिति में भी भाग लेती थीं । बालविवाह हो या सतिपद्धति इस काल में नहीं थे।

आर्थिक जीवनः पशुपालन और कृषि आर्यों का प्रधान व्यवसाय थे। कई प्रकार के उपजो को उगाते थे । लोहा आदि धातुओं का उपयोग जानते थे । कपास और ऊन से बुननेवाले, बढ़ई, लोहार, कुम्हार थे । कृषी, वैद्यकीय और पुरोहिती का व्यवसाय प्रमुख थे । कोई भी व्यक्ति अपना मनचाहा काम कर सकते थे । गायों को संपत्ती मानते थे। उनके लिए युद्ध भी होता था ।

राजनीतिक जीवनः आर्य अपने मुखिया को राजन् कहते थे । राजन् सर्वाधिकारी नहीं था और राजत्व वंश पारंपरिक भी नहीं था। सभा, समिति और विधात नामक राजनीतिक संस्थाएँ राजनीति क्षेत्र में प्रमुख पात्र निर्वाह करते थे । राजा बुजुर्ग या बडों की सलाह लेकर निर्णय देनेवाला न्यायाधीश भी था। युद्ध करना, लोगों की जान-जायदाद और गायों की रक्षा करना और लोककल्याण करना राजा के कर्तव्य थे।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTRS

धार्मिक जीवनः आर्य इंद्र, सूर्य, सोम, वरुण, मित्र, यम, अश्विनी आदि देवताओं की आराधना करते थे। आर्य देवताराधना को यज्ञों द्वारा करते थे । ''सत्य एक ही है। ज्ञानी लोग उसे अनेक रीति से वर्णन करते हैं। विश्व के सभी कोनों से उत्तम विचार हमारी ओर यहाँ आए।'' ये वेदों के संदेश हैं।

उत्तर वेदकालः

शताब्दी के उपरांत सप्त सिन्धु प्रदेश में जनसंख्या की वृद्धि हुई। जीवन शैली में परिवर्तन आया। वेदकाल के लोग धीरे-धीरे गंगा, यमुना नदी के मैदानी प्रदेशों को चले गए। कई लोग विंध्य पर्वत श्रेणी को पार करके दक्षिण में स्थानांतरित हुए।

राजनीतिक परिवर्तनः उत्तर वेदकाल में राजा बलिष्ठ बना। विधाता पूर्ण रूप से अदृश्य हुआ तो सभा और समिति अपना महत्व खो बैठा । राजा ने अपने राज्य का विस्तार करना शुरु कर दिया। राजत्व वंश परंपरा से प्राप्त होने लगा। राजा अपने राज्य के विस्तार के लिए अश्वमेध, राजसूय आदि यज्ञों को करना प्रारंभ किया।

सामाजिक परिवर्तनः उत्तर वेदकाल में गोत्र पद्धति आरंभ हुई । ब्रह्मचर्य, गृहस्थ वानप्रस्थ और संन्यास (चातुराश्रम) की व्यवस्था प्रारंभ हुई । स्त्रियों के स्थान में भारी लोप हुई। स्त्रियाँ शिक्षा से वंचित हो गई । राजनीतिक संस्थाओं से दूर हुई। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इस तरह के चार वर्गो की वर्ण व्यवस्था प्रारंभ हुई। सतिसहगमन पद्धति, बाल्य विवाह आरंभ हुए। राजा और उन्नत वर्ग में बहुपत्नित्व रुढी में आयी।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS



ब्रह्मचर्य



गृहस्थ



वानप्रस्थ



संन्यास

धार्मिक जीवन : धार्मिक आचारण संकीर्ण और कठिन हो गए ।

महाकाव्य : भारतीयों में अत्यंत जनप्रिय दो महाकाव्य हैं- वाल्मीकि रामायण और व्यास का महाभारत। ये महाकाव्य हजारों सालों का भारतीय जनजीवन, साहित्य और कला का द्योतक है।

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

1. वेद अर्थात् _____।
2. वेदों की भाषा _____ ।
3. आर्य अपने समूह के मुखिया को _____ कहते हैं ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

4. चार वेद कौन-कौन से हैं ?
5. चार वर्णों के नाम बताइए ।
6. वेदकाल की दो श्रेष्ठ महिला विदूषियों के नाम क्या है?
7. भारत के प्राचीन महाकाव्य कौन-कौन से हैं ? उनके रचनाकार कौन है?

समूह में चर्चा करके उत्तर लिखिए :

8. पूर्व वैदिक काल के समाज और उत्तर वैदिक काल के समाज का अंतर क्या है ?

क्रियाकलाप :

बच्चे, सचित्र रामायण और महाभारत को पढ़िए ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इतिहास

अध्याय 5 नये धर्मों का उदय

E1R1T6

पाठ परिचय

लगभग 2500 साल पहले वैदिक चिंतन से भिन्न कई चिंतन क्रमों का उदय हुआ । गौतम बुद्ध और महावीर नए चिंतन क्रमों के दो महान् हरिकार हैं। उनके जीवन और शिक्षा क्रम का पिछले भाग में प्रस्ताव किया है। साथ में उनके काल में सिंधू-गंगा नदी मैदान में रहे सोलह महाजनपद (राजतंत्र) और कई गणराज्य कैसे कार्य करते थे? इसका विवरण दिया है।

सामर्थ्य

1. गौतम बुद्ध और महावीर के जीवनी जानना ।
2. गौतम बुद्ध और महावीर के उपदेशों को ग्रहण करना ।
3. बौद्ध और जैन धर्मों का तत्व किस तरह आज भी प्रस्तुत है? इसके बारे में जानना ।
4. ढाई हज़ार वर्षों से पूर्व की गणतंत्र परंपरा को प्रशंसा करना ।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

2600 साल पहले गंगा नदी मैदान में लगभग 06 नए धर्मों का उदय हुआ। उनमें बौद्ध और जैन धर्म प्रमुख हैं। बौद्ध धर्म का स्थापक गौतम बुद्ध और जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकर वर्धमान महावीर। दोनों भी गणराज्यों के कुल से संबंधित क्षत्रिय थे ।

बौद्ध धर्म

बौद्ध धर्म का संस्थापक गौतम बुद्ध है । इसकी स्थापना लगभग 2500 वर्ष पूर्व हुआ।

बुद्ध का जीवन : गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल का कपिलवस्तु के पास 'लुंबिनि' वन में हुआ। उसका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। उसके पिता शुद्धोदन शाक्य गणराज्य के मुखिया थे। माता मायादेवी थी। सिद्धार्थ की पत्नी यशोधरा और पुत्र राहुल था ।

सिद्धार्थ को शिशु में देखकर 'असित' नाम का ऋषि ने कहा कि यह शिशु दुनिया पर राज करनेवाला राजा बनेगा या दुनिया का दुःख दूर करनेवाला सन्यासी बनेगा। सन्यासी की बात सुनकर शुद्धोदन अपने पुत्र को राजा बनाने की इच्छा से वे सिद्धार्थ को दुःख, वैराग्य से दूर रखकर सुख के माहौल में रखा। फिर भी सिद्धार्थ का मन अशांत ही था।

बुद्ध के बाल्यकाल में घटित एक घटना :

एक बार नगर प्रदक्षिणा के अवसर पर अचानक एक बूढा, रोगी, सन्यासी और शवयात्रा के दृश्य देखें। ये चारों दृश्य उसमें वैराग्य पैदा करके दुःख का मूल ढूँढने प्रेरित किया। यह बुद्ध के जीवन कथा में आने वाले अंश हैं।

एक दिन सिद्धार्थ किसी को बताए बिना परिवार, राजमहल छोडकर, घोडे पर चल पड़े। दुःख दूर करने के लिए कई गुरुओं से मार्गदर्शन पाया। फिर भी उसे दुःख का मूल नहीं मिला। बाद में बिहार के 'गया' में पीपल पेड के नीचे बैठकर कई दिनों तक ध्यान मग्न थे। अंत में वहाँ ज्ञान पाकर सिद्धार्थ 'बुद्ध' बन गया । बुद्ध अर्थात ज्ञानी या समझदार होता है। यह स्थान 'बुद्धगया' नाम से प्रसिद्ध हुआ।

बुद्ध ने उत्तर प्रदेश का वारणासी के पास सारनाथ में अपना पहला उपदेश अपने पाँच शिष्यों को दिया। इस घटना को 'धर्मचक्र प्रवर्तन' कहते हैं। वहाँ से आगे बिहार और आस पास के प्रदेशो में चालीस साल तक घूमकर उपदेश दिया। बुद्ध की कीर्ति चारों ओर फैल गई। राजा-महाराजा भी बुद्ध का सम्मान करने लगे। अंत में बिहार का कुशीनगर में बुद्ध का देहावसान हुआ।

बुद्ध के उपदेश : शुद्ध जीवन और चिंतन द्वारा ज्ञान पाना ही बुद्ध के उपदेश का उद्देश्य था। बुद्ध ने इसे 'धम्म' कहा। दुनिया दुःख से भरी है, आशा ही दुःख

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

का मूल कारण है। जो आशा को जीतता है वह निर्वाण (मुक्ति) पाता है। दुःख के निवारण के लिए अच्छी दृष्टि, अच्छा संकल्प, अच्छी बातें, अच्छे कार्य आदि आठ मार्गों को सुझाया है। इन्हें 'अष्टांग मार्ग' कहते हैं।

बुद्ध के जीवन के चार चरण : महा परित्याग, ज्ञानोदय, धर्मचक्रप्रवर्तना और महापरिनिर्वाण। बुद्ध के मूल उपदेश है कि 'चार आर्य सत्य' और 'अष्टांग मार्ग'। चार आर्य सत्य हैं कि - दुनिया दुःख से भरी है, आशा ही दुःख का मूल है, आशा को जीतकर दुःख से पार हो सकते हैं, दुःख का अंत करने का रास्ता ही अष्टांग मार्ग। सिद्धार्थ को गौतम बुद्ध, तथागत, शाक्यमुनि भी कहा गया है।

इसके अलावा अपने अनुयायियों को हिंसा, मद्यपान, भ्रष्टाचार से दूर रहने, झूठ न बोलने के लिए नियम बनाये। इस तरह बुद्ध के उपदेश सरल, जनप्रिय थे। बुद्ध ने लोगों को अपना उपदेश 'पाली' भाषा में दिया। उनके शिष्य बुद्ध के उपदेशों को तीन पिटकों में संग्रह किया। वे हैं विनय पिटक, सुत्त पिटक और आभिधम्म पिटक। इन तीनों को बौद्धों के पवित्र ग्रंथ 'त्रिपिटक' कहते हैं।

एक और जानकारी यह भी है कि सिद्धार्थ ने नदी विवाद के कारण राजमहल छोड़ दिया था। दोनों राज्य के बीच में नदी के पानी के बँटवारे के संबंध में विवाद बढ़ गया था इस कारण से सिद्धार्थ के पक्ष के लोग युद्ध करने के लिए तैयार हो गए थे यह सिद्धार्थ को पसंद नहीं आया। इसके विरोध में राजमहल छोड़ दिया कहा जाता है। यह जानकारी डॉक्टर अंबेडकर की पुस्तक से मिलती है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

किसागोतमी को बुद्ध का संदेश : बुद्ध के बारे में यह कथा प्रचलित है किसागोतमी अपना छोटा बच्चा खो चुकी थी। वे इतनी दुखी थी कि अपने बच्चे के मृत शरीर को अपने गोद में उठाकर गली-गली में घूमती हुई अपने बच्चे को पुनर्जीवित करने की माँग रखती थी। इसे देखकर एक आदमी उसे बुद्ध के पास ले गया। बुद्ध ने किसागोतमी से कहा 'तुम्हारे बच्चे को पुनर्जिवित करूँगा।पर जिस घर में मृत्यु न हुई हो, उस घर से सरसों लाकर मुझे दो'

बुद्ध की बात सुनकर किसागोतमी को खुशी हुई। जिस घर में मृत्यु न हुई हो, उस घर ढूँढती हुई किसागोतमी ने गाँव भर घूमी। हर घर में किसी न किसी के - माँ, बाप, भाई, बहन, पती, पत्नी, सास, ससुर और बच्चे, दादा, दादी मर गये थे। इसको देखकर किसागौतमी को पता चला कि मृत्यु हर व्यक्ति के लिए निश्चित है इस सत्य का बोध होते ही बुद्ध का संदेश का अर्थ समझ में आया।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बुद्ध ने कोई ग्रंथ की रचना नहीं की। उसके उपदेशों को उनके शिष्य स्मरण में रखकर उसको पीढ़ी से पीढ़ी तक उपदेश के द्वारा रक्षा करते हुए आये है। बुद्ध के उपदेशों को संगठित प्राचीन ग्रंथ ही सुत्त पिटक है इसकी भाषा पाली है।

जैनधर्म



महावीर

महावीर का जीवन: 24 वें तीर्थंकर महावीर ने जैनधर्म का प्रचार किया। यह लगभग 2500 साल पहले वैशाली के पास कुंद गाँव में जन्म लिया। उसका पहला नाम वर्धमान था। उसके पिताजी सिद्धार्थ एक कुल का मुखिया था। उसकी माँ त्रिशलादेवी थी। वर्धमान ने दिव्यज्ञान प्राप्त करने के लिए घर छोडा। सब कुछ त्याग कर दिगंबर मुनि के रूप में भ्रमण किया। तत्पश्चात (तदुपरांत) बारह साल महावीर तप करके अंत में दिव्यज्ञान पाकर 'जिन' कहलाया। 'जिन' का मतलब मोह को

जीतनेवाला । इनके अनुयायी जैन है। महावीर ने सभी वर्गों को उपदेश दिया। बिहार के 'पावापुरी' में देहत्याग दिया।

महावीर के उपदेश : वर्धमान महावीर ने हिंसा, चोरी, संपत्ती का संग्रह न करना, झूठ नहीं बोलने का उपदेशो को अपने अनुयायियों को दिया। इसके अतिरिक्त ब्रह्मचर्य का पालन करने की सूचना दी। अहिंसा को जितना महत्व जैन धर्म ने दिया उतना दुनिया के कोई अन्य धर्म ने नहीं दिया है। महावीर ने 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के उपदेशों को ही आगे बढाया।

तद्उपरांत जैन धर्म में श्वेतांबर और दिगंबर नामक दो पंथों का उदय हुआ। जो सफेद वस्त्र पहनते हैं, वे पार्श्वनाथ के अनुयायी श्वेतांबर कहलाए तो, बिना वस्त्र के महावीर के अनुयायी- दिगंबर कहलाए। कर्नाटक का श्रवणबेलगोल जैनों का प्रसिद्ध धार्मिक केन्द्र है।

जैन मत में पाँच नैतिक तत्व हैं वे- अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (आवश्यकता से ज्यादा पदार्थों का संग्रह न करना) और ब्रह्मचर्य (इंद्रियों को अपने वश में रखना)।

महा जनपद और गणराज्य

महाजनपद : हम अब 2500 साल पीछे चलेंगे। वह बुद्ध का काल था। उस काल में सिन्धु-गंगा नदी मैदान प्रदेशों में सोलह छोटे बडे राज्य थे। बोद्ध साहित्य में इनको महाजनपद कहते है। उनमें मगध, कोसल और वत्स नाम के महाजनपद प्रमुख थे। वहाँ राजाओं का प्रशासन था।

गणराज्य : इसी काल में कई राज्यों में जनप्रतिनिधियों का शासन था । उन्हें गणराज्य कहते थे।

गणराज्यों में प्रमुख वज्जि (वृजि) गणराज्य था। वह कई गणराज्यों का संस्थान था। बिहार का वैशाली नगर उसकी राजधानी थी। वज्जि गणराज्य में बडे-छोटे सदस्यों का एक सभा शासन करती थी। सभा के सदस्यों को 'राजा' नाम से संबोधित करते थे । सभा में गणराज्य से संबंधित सभी विषयों पर चर्चा होती थी।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नए शब्दः

वैराग्य -संसार के सभी आशाओं का त्याग करना।

दिगंबर - दिशाओं को ही अपना वस्त्र माननेवाला।

निर्वाण - हीनायान और मृत्यु के चक्र से मुक्ति पाना ।

आप समझिए :

बौद्ध धर्म में हीनयान, महायान नामक दो पंथ हैं।

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

1. गौतम बुद्ध का जन्म _____ में हुआ ।
2. बुद्ध ने अपने उपदेश को _____ भाषा में दिया।
3. जिन का अर्थ है _____ को जीतनेवाला।
4. जैन धर्म का 23 वे तीर्थंकर _____
5. जैन धर्म में श्वेत वस्त्र को पहननेवाले _____ पंथ के हैं।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

6. गौतम बुद्ध के माता-पिता का नाम क्या है?
7. गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया ?
8. धर्मचक्र प्रवर्तना किसे कहते हैं?
9. महावीर के उपदेश क्या हैं?
10. प्राचीन भारत के प्रमुख गणराज्य का नाम क्या है?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

III. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए ।

11. बुद्ध के उपदेश क्या हैं?

IV. नीचे के 'अ' सूची और 'ब' सूची के विषप जोडकर लिखिए ।

अ	ब
1. गौतम बुद्ध।	अ) गणराज्य
2. महावीर।	आ) बौद्धों के पवित्रग्रंथ
3. वज्जी	इ) जैनों का धार्मिक केन्द्र।
4. श्रवणबेलगोलब	ई) बौद्ध धर्म का स्थापक
5. त्रिपिटक	उ) 24 वाँ तीर्थंकर

क्रियाकलाप:

1. आपके आसपास स्थित जैन बसदियों के बारे में जानिए ।
2. जैन बसदियों का चित्र जानकारी के साथ संग्रह कीजिए ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 6 | दक्षिण भारत के प्राचीन राजवंश

B1T6H9

पाठा का परिचय :


इस पाठ में संगम युग के अद्वितीय साहित्यिक देनों को चित्रित किया गया है। दक्षिण भारत के प्राचीन राजवंश शातवाहन, कदंब, गंगा, बादामी चालुक्य, कांची पल्लव, राष्ट्रकूट और कल्याण के चालुक्य की सांस्कृतिक उपलब्धियों का चित्रण किया गया है। होयसल और चोल राजवंशों के महान सम्राटों से मूर्तिकला और साहित्य के क्षेत्र को दिए गए विशेष योगदान का परिचय दिया गया है। इसके साथ-साथ चोलों के ग्राम प्रशासन प्रणाली का वर्णन किया गया है।

सामर्थ्य :

1. संगम साहित्य और महाकवि तिरुवल्लुवर के बारे में जानना।
2. शातवाहन, कदंब, गंगा राजाओं के द्वारा वास्तुशिल्प, मूर्तिशिल्प और साहित्य के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करना।
3. शातवाहन युग के व्यापार तथा नगर जीवन को समझना।
4. कदम्ब काल की संस्कृति के बारे में जानना।
5. बादामी के चालुक्य की वास्तुकला के बारे में जानना।
6. शिल्पकला में कांची पल्लवों के योगदान को जानना।
7. गंगों की वास्तुकला के बारे में जानना।
8. कन्नड़ भाषा के लिए राष्ट्रकूटों के योगदान को जानना।
9. कल्याण के चालुक्य काल के साहित्य और वास्तुकला के बारे में जानना।
10. प्राचीन किले और स्मारक हमारी संस्कृति के प्रतिबिम्ब हैं। उनका महत्व जानना और उनकी सुरक्षा के लिए आगे बढ़ना।
11. होयसल और चोल मूर्तिकला और साहित्य में उनके योगदान से अवगत होना और उनके महत्व की सराहना करना।
12. होयसल विष्णुवर्धन तथा तृतीय बल्लाल, राजराज चोल तथा राजेंद्र चोल की उपलब्धियों को समझना। मानचित्र में होयसल और चोल काल के ऐतिहासिक स्थलों को पहचानना।

NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS

संगम साहित्य, संगम युग : कण्णगी प्राचीन तमिल महाकाव्य 'शिलप्पदिगारं' कहानी की नायिका है, जो भारत की सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों में से एक है।



महाकवि तिरुवल्लुवर

'मणिमेकलै' तमिलों का एक और महाकाव्य है। मणिमेगले इसकी नायिका है। वह कोवलन और उसकी दासी माधवी की बेटी है। जो एक बौद्ध भिक्षु के रूप में देश भर में यात्रा करती है, गरीबों की भूख और बीमारियों से राहत देती है।

शिलप्पदिगारं और मणिमेकलै इन दो महाकाव्यों के अलावा, तमिलों का एक लोकप्रिय नीति ग्रंथ है: 'तिरुक्कुरल'। इसके रचनाकार तिरुवल्लुवर हैं। वह संगम् युग के सबसे महान कवि हैं। ''तिरु'' का अर्थ है श्री। कुरल का अर्थ 'संक्षिप्त' है। हालांकि कुरुल केवल डेढ़ पंक्ति का पद्य है। फिर भी उसमें अर्थ विशाल है।

कुरुल के बारे में कहा जाता है कि सरसों को खोखला कर उसके अंदर सप्त समुद्रों को छिपाया गया है।

'शिलप्पदिगारम्', 'मणिमेकलै' और 'तिरुक्कुरल' इनके अलावा और कुछ प्राचीन साहित्यिक कृतियाँ हैं । इन सब को मिलाकर 'संगम् साहित्य' के नाम से जाना जाता है। मधुरै के पांड्य शासकों ने अपनी राजधानी मधुरै में तमिल संगम् (तमिल साहित्य समाज) की स्थापना करके कवियों को आश्रय प्रदान किया था। कवि अपनी रचनाओं की जाँच के लिए संघ में जमा करने की प्रथा थी।

संगम् साहित्य रचना लगभग पाँच शताब्दियों तक थी। इस काल को संगमयुग के नाम से जाना जाता है। संगम साहित्यिक कृतियाँ तत्कालीन राजावंश चोल, चेर और पांड्य राजाओं के प्रशासन और जीवन को दर्शाती हैं।

© @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंश					
	राजवंश		**राजधानी**		**प्रमुख राजा**
1.	शातवाहन	-	महाराष्ट्र के पैठाण	-	गौतमीपुत्र सतकर्णि
2.	कदंब	-	बनवासी	-	मयूर वर्मा
3.	गंगा	-	तलकाडु	-	दुर्विनीत
4.	बादामी के चालुक्य	-	बदामी	-	इम्मडी पुलकेशी
5.	पल्लव	-	तमिलनाडू के कांची	-	नरसिंह वर्मा
6.	राष्ट्रकूट	-	मान्य खेड़ा	-	अमोघ वर्षा
7.	कल्याण के चालुक्य	-	बसवा कल्याण	-	छठवीं विक्रमादित्य
8.	होय्सल	-	द्वारासमुद्र	-	विष्णुवर्धन
9.	चोल	-	तमिलनाडु के तंजावुर।	-	राजा राजा चोल

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

शातवाहन :



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

प्राचीन काल में शातवाहन नामक राजवंश ने दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों पर प्रशासन किया। महाराष्ट्र के प्रतिष्ठानपुर (आज के पैठाण) उसकी राजधानी थी । (मानचित्र देखें)

गौतमीपुत्र शातकर्णी: गौतमी पुत्र शातकर्णी ने शक, यवन, पह्लव नामक विदेशी राजवंशों को हराया । शकों का नहपाण के सिक्कों पर अपना नाम का पुनर्मुद्रण किया। कोंकण, सौराष्ट्र, मालवा, बिरार आदि प्रदेशों में वह अपना

राज्य विस्तार किया। वह 'त्रि समुद्रतोय पीतवाहन' (तीन समुद्रों का पानी पिया हुआ घोड़ों का सवारी करनेवाला) नामक उपाधि पाया था।

धर्म और समाज : शातवाहन वैदिक धर्म के अनुयायी थे। वे अश्वमेध आदि यज्ञादि कर रहे थे। अपने साम्राज्य में बसे विदेशी हिंदू धर्म या बौद्ध धर्म को खुद स्वीकार कर वहाँ के देवी-देवताओं का नाम रख लिया। शिव और विष्णु की पूजा की। वे समाज में मिलजुलकर रहते थे। नारी को सम्मान का दर्जा प्राप्त था। वे संपत्ति के मालिक थे। वे धार्मिक संस्थाओं को भारी मात्रा में धन दान दिया करते थे।

साहित्य और शिक्षण : 'प्राकृत' भाषा शातवाहन की शासन भाषा थी। प्राकृत भाषा और ब्रह्मी लिपि में उनके शासन हैं। हाल नामक राजा ने 'गाथा सप्तशति' कृति की रचना प्राकृत भाषा में ही किया है। गुणाढ्य ने 'वड्डकथा' और सर्ववर्म ने 'कातंत्र व्याकरण' की रचना की, शिक्षा के लिए अग्रहारों की स्थापना हुई । उनमें शिवमोग्गा जिले का तालगुंद (स्थान कुंदूरु) प्रमुख शिक्षा केन्द्र था।


वास्तुकला में योगदान : शातवाहनों ने वास्तुकला में बहुत योगदान दिया। उनके समय में चैत्य, विहार और स्तूप का निर्माण हुआ है। बौद्धों के प्रार्थना मंदिर को चैत्य कहते थे। विहार, बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान था।

शातवाहनों के काल में भारी चट्टानों को काटकर चैत्य और विहारों का निर्माण किया गया है। महाराष्ट्र के कार्ले में विशाल और सुंदर चैत्य है। कन्नेरी की चैत्य प्रसिद्ध है। चैत्य के बगल में ही चट्टानों को काटकर बनाया गया विहार है। आंध्र प्रदेश के अमरावती में संगमरमर का स्तूप कलात्मक है। कर्नाटक में, शातवाहनों के द्वारा संरचन अवशेषों को गुलबर्ग जिले के सन्नति और उत्तर कन्नड़ जिले के बनवासी में पाए जा सकते हैं। शातवाहनों के हजारों सिक्के मिले हैं।


व्यापार और नगर : शातवाहनों का प्रशासन आर्थिक समृद्धि का काल था। इसका मुख्य कारण है तेज़ी से चलने वाले अंतर्देशीय और बहर्देशीय व्यापारिक गतिविधियाँ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

साम्राज्य के कई नगर व्यापारी केंद्र थे। ऐसे शहरों को ''निगम'' कहा जाता था।



कार्ले चैत्य (महाराष्ट्र)



अमरावती के स्तूप का नमूना

महाराष्ट्र पैठाण, कार्ले, कन्नेरी, जुन्नार और नासिक, आंध्र प्रदेश के धान्यकटक (धरणीकोटे) और उत्तर कन्नड़ जिले के वैजयंती (बनवासी) आदि प्रमुख निगम थे।



शातवाहनों के सिक्के

नगरों में 'श्रेणी' नामक संघ थे। व्यापारियों और विभिन्न कारीगरों द्वारा उनके लाभ के लिए गठित संघ को 'श्रेणी' कहते थे। जैसे 'धानिका श्रेणी' जो एक अनाज व्यापारी संघ है। इसी तरह, तेली, लोहार, ठठेरा, कुम्हार और अन्य कारीगरों ने अपने स्वयं की श्रेणी बनायी थी। हर श्रेणी का एक मुखिया रहता था, उसे श्रेष्ठी या शेट्टी कहा जाता था।

श्रेणियाँ आधुनिक बैंकों की तरह काम करती थी। वे औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों का भी समर्थन करते थे। एक श्रेष्ठी ने कार्ले का प्रसिद्ध चैत्य बनवाया।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

साम्राज्य के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर कई बंदरगाह थे। पश्चिमी तट पर भरुकच्छ (आज के ब्रोच) मुंबई के पास सोपारा और कल्याण प्रमुख बंदरगाह हैं। पूर्व तट पर भी कई बंदरगाह थे। शातवाहनों के काल में, यूरोप के रोमन साम्राज्य के साथ भारत के वाणिज्यिक संबंध उत्कृष्ट थे।

भारत के व्यापार निर्यात के कारण, भुगतान के रूप में सोना बड़ी मात्रा में आया करता था। इसके अलावा पूर्वी तट के बंदरगाहों के द्वारा भी विदेशी व्यापार होता था। शातवाहन साम्राज्य ने विदेशी व्यापार के रूप में भारी आर्थिक विकास देखा।

बनवासी के कदंब :

कदंब राजवंश कन्नड का पहला राजवंश था। वे शातवाहनों के बाद प्रवर्ध मान में आये । मयूर वर्मा कदंब वंश के संस्थापक और प्रसिद्ध राजा था । उसके घर के पास कदंब के पेड़ होने के कारण उसके वंश का नाम कदंब पड़ा। उत्तर कन्नड़ जिले के बनवासी कदंबों की राजधानी थी। उनका प्रतीक चिह्न सिंह था।

©KSEEB
NOT TO BE REPUBLISHED

मयूर वर्मा:


ब्राह्मण मयूरशर्मा अध्ययन के लिए कंची गया था, तब पल्लव के अश्व सेनाधिकारी से उसका अपमान हुआ था। यह अपमान उससे सहा नहीं गया। इसलिए वह ब्राह्मणत्व छोड़कर क्षत्रिय बनने चला। पहाड़ी लोगों का संघटन करके पल्लवों पर हमला किया। अंत में पल्लव राजा उसको राजा मानकर मयूरवर्मा को कर्नाटक के कुछ प्रदेशों को सौंप दिया। मयूरवर्मा ने चित्रदुर्ग के नज़दीक चंद्रवल्ली के पास के तालाब को मरम्मत करवाया ।



कदंबों का प्रतीक चिह्न- सिंह


कदंब काल आरंभ में प्राकृत, संस्कृत और कन्नड़ भाषा प्रचलित थी। आरंभ में प्राकृत के बाद में संस्कृत सबसे लोकप्रिय भाषा बन गई। संस्कृत दरबारी भाषा

थी और शिक्षा में इसका उपयोग था। बाद में कन्नड़ भाषा को बड़ी मान्यता मिली।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- हासन जिले के हल्मिड़ी ग्राम में एक कदंब काल का शिलालेख है जो कन्नड भाषा और लिपि में है। यह कन्नड़ शिलालेखों में सबसे पुराना है।
- शिवमोग्गा जिले के तालगुंदा में कदंब काल का संस्कृत शिलालेख प्राप्त हुआ है। इसकी रचना कुब्जा नामक कवि ने की थी। कुब्जा कर्नाटक के संस्कृत कवियों में सबसे पुराना कवि था। तालगुंदा शिलालेख कर्नाटक में पाया जाने वाला पहला संस्कृत शिलालेख है।



हल्मिडी शिलालेख

कदंबों ने कर्नाटक की वास्तुकला और शिल्पकला के निर्माण में विशेष योगदान दिया है। उन्होंने बनवासी में कई मंदिर बनवाए हैं। मधुकेश्वर यहाँ का मुख्य मंदिर है। मधुकेश्वर कदंब राजाओं का आराध्य देव था। बनवासी में मनमोहक भगवान परशुराम की मूर्ति है।



मधुकेश्वर देवालय, बनवासी

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


तलकाडु के गंगा:



गंगों का प्रतीक

कदंब उत्तर-पश्चिम कर्नाटक में शासन करते समय दक्षिण कर्नाटक में गंगा राजा शासन कर रहे थे। कृषि मूल के गंगा राजवंश कर्नाटक में दीर्घ काल तक शासन किया है । ये लगभग 650 वर्ष तक शासन किये थे। कोलार (कुवलालपुर) और तलकाडु (तलवनपुर) इनकी राजधानी थी। इस वंश का संस्थापक कोंगणिवर्मा था। इनके प्रतीक चिह्न मदगज था। गंगों में दुर्विनीत प्रसिद्ध राजा था।

दुर्विनीत:



त्याग का प्रतीक
गोमटेश्वर मूर्ति

प्राय: डेढ हजार साल पहले शासित दुर्विनीत वीर और विद्वान् था। उसकी माँ जेष्ठादेवी पुन्नाट राजघराने की थी। उस वंश में पुत्र संतान न होने के कारण, दुर्विनीत ही उत्तराधिकारी बना। पास-पड़ोस के शत्रुओं को हराकर गंग राज्य को विस्तार किया। सिंचाई के लिए सागर सा कई तालाब बनवाया ।

संस्कृत और कन्नड दोनों भाषाओं में पारंगत दुर्विनीत संस्कृति कवि भारवी का 'किरातार्जुनीय' कृति का 15 वें सर्ग को भाष्य (विमर्श) लिखा। गुणाढ्य का 'वड्डुकथा' का संस्कृत में भाषांतर किया। इसके अलावा कन्नड के प्रमुख गद्य लेखकों में दुर्विनीत भी एक है, ऐसे 'कविराज मार्ग' में श्रीविजय ने बताया है । 'कविराजमार्ग' कन्नड में उपलब्ध पहला ग्रंथ है ।

दुर्विनीत के बाद आए श्रीपुरुष, राचमल्ल शासन किये थे। राचमल्ल के प्रधानी चावुंडराय ने विद्यागिरी पर्वत पर स्थित विश्वप्रसिद्ध 17.6 मी (58 फुट) गोम्मटेश्वर मूर्ति को हासन जिले के श्रवणबेलगोल में निर्माण करवाया ।

साहित्य : गंगा राजाओं में कई विद्वान थे। दुर्विनीत संस्कृत और कन्नड़ दोनों भाषाओं में विद्वान था। श्रीपुरुष ने 'गजशास्त्र' कृति की रचना की। गंगों का प्रधानी चावुंडराय ने 'चावुंडराय पुराण' कृति की रचना कन्नड भाषा में की ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प : वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प को गंगों की देन अपार है। मण्णे का (नेलमंगल तालूक) कपिलेश्वर, तलकाडु का पातालेश्वर, कोलार का कोलारम्म का मंदिर,श्रवणबेलगोल का जैन बसदियाँ, कंबदहल्ली का (नागमंगल ताल्लुक) पंचकूट बसदी आदि गंगा के काल के प्रमुख वास्तुशिल्प है।श्रवणबेलगोल में 58 फुट ऊँचा एकशिला गोम्मटेश्वर की मूर्ति इनके द्वारा मूर्तिशिल्प के लिए दिए गए अनमोल देन हैं ।

बादामी - चालुक्य :

कर्नाटक में बादामी चालुक्य करीब दो शताब्दियों तक वैभव से शासन किया। बागलकोट जिले का बादामी (वातापी) चालुक्यों की राजधानी थी। वराह चालुक्यों का प्रतीक चिह्न था।



बादमी चालुक्यों का वराह प्रतिक चिह्न




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इम्मडी पुलिकेशी: इम्मडी पुलिकेशी चालुक्य वंश का एक महान राजा था। इसने राज्य विस्तार के लिए कई अभियान चलाए।

कदंब और गंगों ने पुलिकेशी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिकेशी ने उत्तर भारत के नर्मदा तट पर घटे महासंग्राम में सम्राट हर्षवर्धन को हराया। यह उसकी बड़ी उपलब्धी थी। इसी बीच, पूर्व प्रांत के कोसल और कलिंग के राजाओं ने बिना युद्ध के पुलिकेशी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दक्षिण भारत में, पुलिकेशी ने कंची पल्लवों को हराया। वहाँ से उन्होंने कावेरी नदी पार करके चोल, केरल और पांड्यों को गले लगा लिया। इस प्रकार चारों दिशाओं को जीतकर पुलिकेशी वातापी लौटे। उनका साम्राज्य पश्चिमी समुद्र से लेकर पूर्वी समुद्र तक फैला था।

पुलिकेशी की ख्याति भारत से बाहर भी फैली हुई थी। उसने फारसी देश के राजा खुस्रु के पास एक प्रतिनिधिमंडल भेजा, उसे कीमती चीजें और एक बढ़िया हाथी भेंट के रूप में दिया । खुस्रु ने एक सहयोगी प्रतिनिधिमंडल को पुलिकेशी के दरबार में भेजा। अजंता के एक गुफा में वर्ण रंजित भित्ति चित्र है, जिसमें खुस्रु और उसकी रानी, पुलकेशी के राजदूत का स्वागत कर रहे हैं।

चालुक्य वास्तुकला: बादामी चालुक्यों की मुख्य वास्तुकला और शिल्पकला बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु, महाकूट और नागराला में हैं। ऐहोले और बादाम में चालुक्य समय की गुफाएँ हैं।



बदामी का गुहालय

NOT TO BE REPUBLISHED @KSEEB



नटराज, बादामी गुहालय

ऐहोले के मंदिरों में सूर्य (लाड खान), मेगुती, कार्तिकेय (हुच्चिमल्लि) और दुर्गा प्रमुख हैं। ऐहोले को ''मंदिरों के शिल्पों का पालना'' कहते हैं। बादामी के गुफालय में नटराज और विष्णु के उभरा शिल्प अद्भुत हैं ।

पट्टदकल्लू के मंदिरों में विरुपाक्ष मंदिर सुंदर और आकार में बड़ा है। । पट्टदकल्लु विश्व धरोहर स्थल है।



शेषनाग पर विराजमान विष्णु, बादामी देवालय



विरूपाक्ष देवालय, पट्टदकल्लु

© KSTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नये शब्द :

विश्व परंपरा स्थान - युनेस्को ने विश्व के कुछ अपूर्व, अमूल्य स्थान को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में जोड़ने की घोषणा की। इनको विशेष संरक्षण दिया जाता है। कर्नाटक में हंपी, पट्टदकल्लु और पश्चिम घाट और बेलूरु, हलेबीडू सोमनाथपुर में स्थित होयसल के पवित्र स्थान। विश्व धरोहर स्थल है।

कंची के पल्लव :

पल्लव राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध राजवंश है। तमिलनाडु के कंची पल्लवों की राजधानी है। उन्होंने लगभग 300 वर्षों तक प्रशासन किया है।

नरसिंह वर्मा: नरसिंहवर्मा पल्लव राजाओं में सबसे महान थे।महामल्ल इनकी उपाधि थी। इस पराक्रमी ने बादामी चालुक्य राज्य पर हमला करके इम्मड़ी पुलकेशी को हराकर बादामी जीत लिया। इस विजय के संकेत में 'वातापी कोंडा' उपाधि धारण की। नरसिंह वर्मा ने मामल्लपुर (आज का महाबलिपुरम) बंदरगाह नगर को एक खूबसूरत शहर के रूप में विकसित किया।

शिल्पकला को पल्लवों की देन : शिल्पकला को पल्लवों की देन अपार है। महाबलीपुरम में नरसिंह वर्मा के काल के 8 एकशिला रथ हैं। जगत प्रसिद्ध इन्हें एक - एक शिला में उत्कीर्ण किया गया है। महाबलिपुरम में गंगावतरण नामक उठाव शिल्प है। इसमें भगीरथ तप करके गंगा को भूमि पर लाने का चित्र है। यह एक प्रसिद्ध उभरा शिल्प है ।

पल्लवों ने भारी बड़े-बड़े विशाल देवालयों का निर्माण किया। उन में एक है महाबलिपुरम् के समुद्र किनारे पर निर्मित शिव देवालय। पल्लवों से निर्मित और दो प्रसिद्ध देवालय हैं कंची का कैलाश नाथ और वैकुंठ पेरुमाल मंदिर।



महाबलिपुरम् मंदिर

नये शब्द - उठाव शिल्प : उभरकर ऊपर दिखता उत्कीर्ण शिल्प

© KITES NOT TO BE REPUBLISHED

राष्ट्रकूट:



राष्ट्रकूटों का प्रतीक

बादामी चालुक्यों के साम्राज्य के बाद, राष्ट्रकूटों का प्रशासन शुरू हुआ। राष्ट्रकूटों के नाम लेते ही हमेशा याद आती हैं - कविराजमार्ग, आदिकवि पम्पा और एल्लोरा का कैलास मंदिर।

- 'कविराजमार्ग' नामक एक महत्वपूर्ण लक्षण ग्रंथ राष्ट्रकूट काल का है। इसके रचनाकार श्रीविजय है। अब तक मिले कन्नड ग्रंथों में यह अत्यंत प्राचीन है। इसका समय 9वीं सदी है।

प्रमुख चक्रवर्ती :

- **तीसरा गोविंद :** तीसरा गोविंद राष्ट्रकूट सम्राटों में अति प्रमुख है। यह पूरे भारत पर प्रभुत्व प्राप्त किया था। तदुपरांत हिमालय की तलहटी तक अपनी सेना के साथ विजय प्राप्त करते हुए आगे बढ़ा । इस महान उपलब्धि को उसकी राजसभा के कवि ने 'गोविंद के मदगज गंगा नदी का पावन जल पिया' इस तरह मन मोहक रूप से वर्णन किया है।

- **अमोघवर्ष नृपतुंगा:** अमोघवर्ष नृपतुंगा तीसरे गोविन्द का पुत्र था। इसका राज्याभिषेक इसकी चौदह साल की उम्र में हुई । वह 60 साल से भी ज्यादा समय तक शासन किया। वह स्वयं विद्वान था। श्रीविजय उसकी राजसभा का विद्वान था।

अमोघवर्ष नृपतुंगा को अपनी प्रजा का हित ही उसका हित था। वह मान्यखेट नगर को (आज का मलखेड, कलबुरगी जिला) बनवाया। यह राष्ट्रकूटों की राजधानी बनी। अरब प्रवासी सुलैमान ने वर्णन किया है कि उस काल का विश्व के चार विशाल साम्राज्यों में एक राष्ट्रकूट साम्राज्य था (शेष विशाल साम्राज्य रोमन, अरब और चीनी साम्राज्य) ।

- **तीसरा कृष्ण:** तीसरा कृष्ण के काल में राष्ट्रकूट साम्राज्य फिर से भारत के राजनीतिक में अग्रस्थान पाया। कृष्ण ने चोलों का पराजय करके, रामेश्वर तक अपनी सेना के साथ विजय प्राप्त करते हुए, वहाँ एक विजयस्तंभ के साथ देवालय की स्थापना की। इसने न केवल पांड्य, चेरों को हराया, इतना ही नहीं सिलोन का राजा से कर संग्रह किया। इसके अलावा तीसरा गोविन्द की तरह उत्तर भारत में भी विजययात्रा की ।

  कवि पोन्न कृष्ण के आश्रय पाया था। तीसरा कृष्ण के पश्चात राष्ट्रकूट शासन का पतन होने लगा।

लक्षण ग्रंथ का अर्थ भाषा, शैली, छंद आदि लक्षणों या विशेषताओं को बताने वाला ग्रंथ है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पंपा : कन्नड के श्रेष्ठ कवि पंपा है। इसने कन्नड में प्रप्रथम महाकाव्य की रचना की। इसलिए पंपा को कन्नड के आदिकवि कहते हैं। अब तक पंपा से पूर्व रचित महाकाव्य प्राप्त नहीं हुआ है । पंपा राष्ट्रकूट के सामंत वेमुलवाडा के अरिकेसरी के दरबार में थे। पंपा केश्रेष्ठतम महाकाव्य 'आदिपुराण' और 'विक्रमार्जुन विजय' है। कन्नड के प्रमुख कवियों पर पंपा का प्रभाव है। इसी काल के और एक महाकवि पोन्ना थे।

पंपा वेमुलवाड़ा के मांडलिक अरिकेसरी के दरबार में थे।

एल्लोरा और एलिफेंटा :



कैलास देवालय, एल्लोरा



महेश मूर्ति, एलिफेंटा, इसे त्रिमूर्ति भी कहते हैं।


एल्लोरा के कैलाश देवालय 100 फुट ऊँचाई के पत्थर को ऊपर से नीचे तक उकेरकर या काटकर बनाया गया एक शिला मंदिर है। इसका श्रेय राष्ट्रकूट राजा पहला कृष्ण को मिलता है। दुनिया में इस तरह की वास्तुकला को और कहीं देखा नहीं जा सकता, यहाँ के मूर्तिशिल्प के वैभव को देखना ही आँखों के लिए त्योहार है। मूर्तिशिल्पों में रावण के कैलाश पर्वत को उठानेवाले कथा प्रसंग बहुत मनमोहक है ।

राष्ट्रकूट के साम्राज्य में आज के महाराष्ट्र के अधिकांश भाग मिले हुए है। महाराष्ट्र में एल्लोरा और एलिफेंटा है ।

राष्ट्रकूटों की मूर्तिशिल्पकला के वैभव को एलिफेंटा में देखा जा सकता है। मुंबई बंदरगाह के पास के एक छोटा सा द्विप ही एलिफेंटा है। यहाँ के विशाल तीन मुख के महेश मूर्ति अद्‌भुत है ।

@KTBS NOT TO BE RE

राष्ट्रकूट साम्राज्य



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कल्याण-चालुक्य :

राष्ट्रकूटों के बाद, चालुक्य वंश फिर से सत्ता में आया। वे हैं कल्याण के चालुक्य। बीदर जिले के बसवकल्याण इनकी राजधानी थी।

छठवाँ विक्रमादित्य : छठवाँ विक्रमादित्य कल्याण चालुक्य वंश के म हानतम सम्राट था। छठवाँ विक्रमादित्य का सुदीर्घ प्रशासन काल में कन्नड़ राज्य समृद्ध बना। इन्होंने चालुक्य 'विक्रम संवत' का आरंभ किया। विक्रमादित्य ने कई विद्वानों को आश्रय दिया। उनके आश्रित विद्वान बिल्हण ने 'विक्रमांकदेवचरित' महाकाव्य की रचना की। इसमें विक्रमादित्य की जीवन गाथा शामिल है। विज्ञानेश्वर उसके दरबार का और एक प्रख्यात विद्वान था। इनके ग्रंथ का नाम है 'मिताक्षर संहिता'। इसे हिंदू कानून पद्धति का मानक ग्रंथ मानते हैं।

मुम्मड़ी सोमेश्वर : विक्रमादित्य के पुत्र मुम्मड़ी सोमेश्वर के समय साम्राज्य में शांति और समृद्धि थी। सोमेश्वर की रुचि साहित्य और कला की ओर थी। उसने 'मानसोल्लास' नामक प्रसिद्ध संस्कृत ग्रंथ की रचना की। इसमें सर्व शास्त्रों के बारे में बताया गया है। सोमेश्वर महान विद्वान था। वह 'सर्वज्ञ चक्रवर्ती' नाम से ही प्रख्यात है।

साहित्य: कल्याण के चालुक्यों के काल में साहित्य को प्रोत्साहन मिला।

- कवि चक्रवर्ती नाम से प्रख्यात रन्ना ने 'साहस भीम विजय' अथवा 'गदायुद्ध' नामक वीर काव्य की रचना की है। पम्पा, पोन्ना और रन्न 'कन्नड़ साहित्य के रत्नत्रय' के रूप में जाने जाते हैं।
- वचन साहित्य चालुक्यों का एक अनूठा योगदान है। वचनकारों ने सरल कन्नड़ भाषा में वचन लिखे हैं।

इस काल के प्रमुख वचनकार हैं - जेड़र दासिमय्या, बसवण्णा, अल्लमप्रभू, अक्कमहादेवी, चन्नबसवण्णा, सिद्धराम, मड़िवाला माचैय्या सूले संकव्वे हैं।

© KSTBS NOT TO BE REPUBLISHED

वास्तुकला: कल्याण चालुक्य काल में कई मंदिरों का निर्माण हुआ। वे ललित कलाओं के केंद्र थे। कोप्पल जिले में इटगी महादेव मंदिर इस काल की सर्वश्रेष्ठ वास्तुकृति है। इस मंदिर को वहाँ के एक शिलालेख में 'मंदिरों के सम्राट' के रूप में चित्रित किया गया है।



महादेव मंदिर, इटगी

© KSTBB PUBLISHED NOT TO BE REPUBLISHED

कालक्रम (सा.श)

राष्ट्रकूटों के प्रशासन काल	-	लगभग 750 से 950 तक
कल्याण चालुक्यों का प्रशासन काल	-	लगभग 970 से 1150
तृतीय गोविंद	-	793 से 814
अमोघवर्ष नृपतुंग	-	814 से 878
मुम्मड़ी कृष्ण	-	939 से 967
छठवाँ विक्रमादित्य	-	1076 से 1127
चालुक्य विक्रम संवत	-	1076
मुम्मड़ी सोमेश्वर	-	1127 से 1137

होयसल :



होयसलों का प्रतीक चिह्न

माविनकेरे स्कूल के शिक्षकगण और छात्रों ने बेलूर में चेन्नकेशव मंदिर जाने का निश्चय किया। बस चढ़कर मंदिर के सामने खड़े होने पर उन्होंने क्या देखा? सुनहरे धूप में चमकती हुई प्रतिमा का मायालोक।

शिक्षक : बच्चों! यह होयसल का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है, जिसके दो नयापन हैं मंदिर ऊँचे चबूतरे पर निर्मित है। इस का मंच नक्षत्राकार है।

छात्र : चबूतरे के ऊपर ही क्यों मंदिरों का निर्माण हुआ है?

शिक्षक : इसलिए कि मंदिर का भव्य रूप प्रवासियों में शाश्वत बनाएँ।

छात्र : चबूतरे नक्षत्राकार में ही क्यों?

शिक्षक : चबूतरे ही नहीं, देवालय के दीवारें, गर्भगृह और शिखर ये सब नक्षत्राकार में है। इससे उसके ऊपर उजाला और अंधेरा दोनों को उस पर पड़ने का अवसर दिया जाता है। इसके अलावा उभरी शिल्प और सूक्ष्म रूप से दिखाई देती है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



चेन्नकेशव मंदिर, बेलूरु

होयसल असंख्य देवालयों को कलम पत्थरों से रचना की। शिल्पियों ने अलंकार के लिए अधिक महत्व दिये हैं। बाहरी दीवार के निचले भागों में हाथी, घुड़सवार, लता, बंदनवार, शेर के चहरे, आदि उभरी शिल्पकलाएँ मृदु/ नजूक पट्टियाँ है। सूक्ष्म कामों की कोमल शिल्पकला में होयसलों से बढ़कर कोई नहीं है।

छात्र : गुरु जी, मंदिर के अंदर चलें ?

शिक्षक : अच्छा! अंदर आइए। यह नवरंग है। पूजा के समय, संगीत, नृत्य आदि कला सेवा के लिए निर्धारित जगह है। नवरंग के चारों स्तम्भों पर ध्यान दें, जो चरकी यंत्र के द्वारा बनाए गए स्तम्भ हैं। क्या वे स्तम्भ दर्पण की तरह चमकते नहीं हैं? नवरंग के छत को सिर उठाकर देखिए। जिसे 'भुवनेश्वरी' कहा जाता है। भुवनेश्वरी की वास्तुकला कितनी अनोखी है !



भुवनेश्वरी, बेलूर



मदनारी-चित्र

बच्चो! और अंदर आइए, यह गर्भगृह है।

यहाँ देखें, विजयनारायण की सुंदर मूर्ति । बेलूर मंदिर के मुख्य आकर्षणीय हैं - मदनिकाएँ की मूर्तियाँ और विभिन्न मुद्राओं में सुंदर महिला की मूर्तियाँ हैं।

छात्र : यह कहते हैं- कि होयसल मंदिरों का निर्माण करने वाले मूर्तिकार जकणाचारी थे। हमें उसके बारे में बताइए।

© TEXTBOOK BUREAU PUBLISHED

शिक्षक : उसके बारे में एक किंवदंती है, हालाँकि जक्कणाचारी के बारे में कुछ भी ज्ञात नहीं है।


जक्कणाचारी : जक्कणाचारी ने अपनी पत्नी और बेटे को छोड़कर गाँव- गाँव भटकते हुए कहीं- कहीं मंदिरों के निर्माण करते-करते दस साल बिताए। एक बार जब वे राजधानी होयसल में एक मंदिर का निर्माण कर रहे थे। उनका पुत्र डंकणाचारी अपने पिता की तलाश में भटकते हुए वहाँ आया। यह भी शिल्पकला में दक्ष था। जक्कणाचारी द्वारा मंदिर में स्थापना के लिए जिसकी मूर्ति तैयार थी उस में दोष बताया। उसे सुनकर जक्कणाचारी ने यह घोषणा की, कि अगर इस मूर्ति में दोष हो तो मैं अपने दोनों हाथों काट लूँगा। डंकणाचारी ने उस मूर्ति के पेट पर चंदन लगाया । मूर्ति के नाभि भाग को छोड़कर पूरा भाग सूख गया। भीगा हुआ भाग तोड़ने पर खोखला था, उसमें थोड़ा पानी, रेत और मेंढक थे।

उसे देखते ही जक्कणाचारी ने अपने एक हाथ को काट लिया। इन सब के बाद ही दोनों को पता चला कि वे दोनों बाप - बेटे हैं। इसके बाद, जक्कणाचारी ने अपने गाँव में एक ही हाथ से केशव मंदिर का निर्माण किया, जैसे-जैसे वह पूरा हो रहा था, उसका हाथ पहले जैसे हो आया ।

शिक्षक : समय बढ़ रहा है। चलिए अब चलते हैं।

छात्र : ठीक है, गुरु जी।

होयसल शैली के सैकड़ों मंदिर हैं। उनमें से हासन जिले के, बेलूर और हलेबीडु और मैसूर जिले के सोमनाथपुर के मंदिर सबसे महान हैं। अधिकांश होयसल मंदिर हासन, तुमकूरु और मंड्या जिलों में हैं।



केशव मंदिर, सोमनाथपुर

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

हलेबीडू में एक प्राचीन विशाल तालाब है। इसी कारण इसे 'दोरसमुद्र' नाम पड़ा। इस 'दोरसमुद्र' को दिल्ली सुलतान अल्लउद्दीन खिल्जी के सेनानी मल्लिक काफर ने लूट (1310) लिया। इसके बाद भी वह सचेत नहीं हुआ। वह हलेबीडु (पुराना नगर) बन गया।

होयसल ने दक्षिण कर्नाटक और तमिलनाडु के भौगोलिक क्षेत्रों सहित एक विशाल क्षेत्र पर तीन सदियों से अधिक समय तक वैभव से प्रशासन किया। आरंभ में बेलूरु और बाद में दोरसमुद्र उनकी राजधानी थी। बाघ को मारते हुए सल का चित्र ही होयसल का प्रतीक चिह्न है।

होयसल राजवंश के प्रमुख शासक :


विष्णुवर्धनः विष्णुवर्धन होयसल वंश का एक प्रसिद्ध राजा था। उसने चोल और पांड्यों को हराया और कन्नड़ क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की। वह एक जैन था और बाद में उन्होंने श्रीवैष्णव संप्रदाय को स्वीकार कर लिया। इनकी रानी शांतला जैन धर्म में ही रहीं। वह एक धार्मिक सहिष्णु थे। उन्होंने शैव और जैन मतों को उदार प्रोत्साहन दिया।

तृतीय बल्लाल : तीसरा बल्लाल होयसल वंश का अंतिम प्रमुख राजा था। जिसने पचास वर्षों तक प्रशासन किया। इस अवधि के दौरान, दिल्ली के सुल्तानों ने दक्षिण भारत के राज्यों पर आक्रमण किया। मंदिरों को तोड़ दिया गया, और वहाँ से खजाने लूटे गये। आक्रमणों के परिणामस्वरूप, दक्षिण भारत के प्रमुख राज वंश गायब हो गए, लेकिन सुल्तान होयसल साम्राज्य को जीतने में हार गए। केवल तृतीय बल्लाल को ही इस भयानक आपदा का सामना करना पड़ा।

इसी बीच में दिल्ली के प्रतिनिधि मधुरै सुल्तान का अत्याचार बढ़ता गया। बूढ़े होने पर भी बल्लाल उसे दंड देने गया। युद्ध में सुल्तान ने धोखे से बल्लाल को पकड़ लिया और निर्दयता से उसकी हत्या कर दी। विदेशी आक्रमण के अंधेरे में तृतीय बल्लाल अकेला चमका हुआ चाँद हो गया । बाद में उनके पुत्र चौथे

© TBS NOT TO BE REPUBLISHED

बल्लाल की ई.सन. 1346 में मधुरै के सुल्तान द्वारा हत्या के बाद होयसल राजा के प्रशासन का अंत हुआ। इसी समय में विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हुई थी।



कन्नड साहित्य में होयसलों की देन :

जन्ना, हरिहर और राघवांक, ये होयसल काल के सबसे महान कवि थे। जन्न उस समय के सबसे महान कवि थे। इसे कवि चक्रवर्ती उपाधि दी गयी थी। हरिहर ने रगले और महाकाव्य लिखे राघवांक ने कई कविताओं की रचना की। इनसे भाषा के नए विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।

आंडय्या ने शुद्ध कन्नड में कृति रचना की। इसी अवधि के दौरान, बसवेश्वर और अन्य शरण के वचनों ने कन्नड़ साहित्य संपत्ति में वृद्धि की।

कवि और काव्य : जन्ना - 'यशोधरा चरिता', हरिहर - 'गिरिजा कल्याण' राघवांक - 'हरिश्चंद्र काव्य', आंडय्या -'कब्बिगर कावम्'

चोल :



चित्र-1



चित्र-2

क्या आप चोल काल के काँसा शिल्पों को पहचान सकते हैं?

ये हैं नटराज और कालिंग पर नाचने वाले बालमुरली कृष्ण । काँस्य शिल्प चोलों द्वारा भारतीय मूर्तिशिल्प को दिया हुआ अनूठा योगदान है।

काँसा, ताँबा और टिन दोनों का मिश्र धातु है। काँसा कठोर और चमकता है। काँसे को साँचों में ढालकर काँसे की मूर्तियाँ बनाते हैं। यह तरीका आज भी प्रचलित है। चोलों ने वास्तुकला के क्षेत्र में भी विशेष देन योगदान दिया।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तंजाऊर का बृहदीश्वर मंदिर चोलों की विश्व प्रसिद्ध वास्तुकला है। यह एक हजार साल पुराना है। बृहदीश्वर मंदिर के विमान पर ध्यान दीजिए। विमान यानि गर्भगृह के ऊपर के गोपुर । तेरह मंजिलों की गोपुर है जो आकाश को छूती है। गोपुर की ऊंचाई 61 मीटर है। (200 फुट) बृहदीश्वर मंदिर भारत में सबसे ऊँचा और सबसे बड़ा है। इसे विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है।



बृहदीश्वर मंदिर, तंजाऊर

NOT TO BE REPUBLISHED

सभी शिवालयों के सामने नंदी मूर्ति की उपस्थिति एक वास्तुशिल्प की विशेषता है। यहाँ नंदी की मूर्ति दक्षिण भारत की सबसे बड़ी मूर्तियों में से एक है। चोल राजाओं का अन्य एक बृहत मंदिर गंगैकोंडा चोलपुरम् में स्थित शिवमंदिर है।

सा.श.व. 2010 में भारतीय रिजर्व बैंक ने 1000 रुपये मूल्य के सहस्राब्दियों से भरा बृहदीश्वर मंदिर नाम के सिक्के को प्रचलित किया।

प्रमुख चोल सम्राट :

चोल लगभग चार शताब्दियों तक दक्षिण भारत में प्रमुख राजनीतिक शक्ति बने रहे। तंजाऊर (तमिलनाडु) चोलों की राजधानी थी। चोल सम्राटों में राजराज चोल और राजेंद्र चोल सबसे प्रमुख थे।



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- **राजराजा चोल:** राजराजा चोल एक बहादुर और कुशल प्रशासक थे। उसके विस्तृत साम्राज्य में तुंगभद्रा नदी के दक्षिण के सभी क्षेत्र, श्रीलंका और मालदीव द्वीप शामिल थे। उसने साम्राज्य की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली भूसेना और नौसेना का निर्माण किया। बृहदीश्वर मंदिर राजराजा की देन है।

- **राजेंद्र चोल:** राजराजा के बाद उनके बेटे राजेंद्र राजवंश के उत्तराधिकारी बने। उत्तर भारत के एक सफल आक्रमण उनकी एक बड़ी उपलब्धि थी। इस जीत की याद में राजेंद्र ने 'गंगैकोंडा' की उपाधि धारण की। गंगैकोंडा ने चोलपुरम नामक एक नई राजधानी और एक विशाल शिवमंदिर का निर्माण किया। उसने 'चोलगंगम' नामक एक विशाल तालाब खुदवाया, जो राजधानी के पास सिंचाई के योग्य है।

दक्षिण पूर्व एशिया का सुमात्रा के श्रीविजय को जीतना राजेन्द्र चोल का और एक गणनीय उपलब्धि है ।

साहित्य: चोलों का प्रशासन काल तमिल साहित्य और संस्कृति का स्वर्ण युग था। उनके समय में भक्ति साहित्य का विकास हुआ। 'पेरियापुराणम' भक्ति साहित्य में एक प्रमुख स्थान रखता है। उसी काल के कंबन द्वारा रचित कंबन रामायण आज भी लोकप्रिय है।

ग्राम प्रशासन : चोलों का ग्राम प्रशासन अनुकरणीय था। ग्राम प्रशासन संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा चलाया जाता था। ग्राम सभा के सदस्य चुने जाते थे। कुछ सदस्यों से बनी समितियों को विशिष्ट कार्यों के लिए सौंपा जाता था। समितियों को वित्तीय लेखा सौंपना पड़ता था। ग्राम सभा से अवांछित सदस्यों को अयोग्य घोषित करने के लिए एक कदम उठाया गया था। चोलों की ग्राम प्रशासन प्रणाली आमतौर पर आज की पंचायत प्रणाली के समान ही थी।

भारत में प्रशासित किए ब्रिटिश अधिकारियों ने चोलों के कुशल प्रशासन की प्रशंसा की और चोल युग के गाँवों को 'छोटे गणराज्य' के रूप में वर्णित किया।

गतिविधि : चोलों की ग्राम प्रशासन प्रणाली और आज की पंचायत प्रणाली की समान विशेषताओं के बारे में लिखिए।

व्यापार: चोल साम्राज्य समृद्ध था। विदेशी व्यापार तेज था। चीन, सुमात्रा, जावा और अरब जैसे क्षेत्रों से व्यापारिक संबंध दृढ़ता से जुड़ा हुआ था। व्यापार संगठन देश में व्यापारिक व्यवहार करते थे।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कालक्रम :

चोलों का प्रशासन काल (लगभग)	- लगभग 850-1200
राजराज चोल	- 985 - 1014
होयसलों का प्रशासन काल	- 1006-1346
चोलों का प्रशासन काल	- लगभग 850 - 1200
विष्णुवर्धन	- लगभग 1108-1141
तृतीय बल्लाल	- लगभग 1291 - 1343
विजयनगर की स्थापना	- 1336

ज्ञात रहे :

1. तिरुक्कुरल में 1300 पद्य हैं। उसके कुछ नीतिपरक वाक्य ऐसे हैं : जिस के मन में दोष नहीं, वही धर्म है। सभी मनुष्य जन्म से एक समान हैं। राजा की जीत भाले से नहीं, बल्कि उसका निष्पक्ष पात प्रशासन है।
2. संगम् साहित्य रचना लगभग 2300 साल पुरानी है। जो लगभग 500 वर्षों तक चली।
3. बनवासी, वैजयंती के नाम से शातवाहनों की प्रांतीय राजधानी थी। शातवाहनों के दौरान प्राकृत एक लोकप्रिय भाषा थी।
4. शातवाहनों काल लगभग 2300 साल पहले प्रारंभ होकर लगभग चार शताब्दियों तक चला।
5. कदंबों का प्रशासन लगभग 1650 साल पहले शुरू हुआ था। उन्होंने लगभग 190 वर्षों तक प्रशासन किया। हल्मिडी और तलगुंदा शिलालेख (शिला प्रशासन) लगभग 1550 वर्ष पुराने हैं।
6. गंगों के दौरान कृषि भूमि का काफी विस्तार हुआ। गंगराजाओं ने तालाबों का निर्माण किया और कृषि में सहायता की। गाँव में प्रायः एक तालाब हुआ करता था। धान, राई, बाजरा, मक्का, कपास, प्रधान फसलें थीं। पशुधन बहुत थे। राज्य में महिषी, गाय, घोड़ा, मुर्गी (बैल, गाय, घोड़ा, मुर्गी) प्रचुर मात्रा में थे।

NOT TO BE REPUBLISHED @KSEEB

7. गंगा काल के दौरान, कुछ महिलाएँ अधिकारी थीं। स्वयं दान कर रही थीं। उस समय के सामाजिक मूल्य थे सत्यता, स्वामिनिष्ठा, वीरता और सहन शीलता।

8. श्रवणबेलगोल के चिक्कबेट्टा के ऊपर चंद्रगुप्त विहार है। इसे चंद्रगुप्त मौर्य ने बनाया था। इसलिए उस पहाड़ का नाम 'चंद्रगिरि' पड़ा। दोड्डबेट्टा को इंद्रगिरि कहा जाता है।

9. कर्नाटक में कार्कला (उडुपी जिला), वेणूर (दक्षिण कन्नड़), गोम्मटगिरि (मैसूर जिला), बस्तीहल्ली (मंड्या जिला) और अन्य जगह में प्राचीन गोम्मट मूर्ति हैं। धर्मस्थल के गोम्मट मूर्ति के शिल्पी कार्कल के रंजाल गोपाल शेणै हैं।

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1. तिरुक्कुरल का रचनाकार _____ ।
2. संगम युग के महान कवि _____ ।
3. सातवाहन वंश का प्रमुख राजा _____ ।
4. कदंब की राजधानी _____ ।
5. कन्नड़ का अति प्राचीन शिलालेख _____ ।
6. पुलिकेशी द्वारा हारे गए उत्तर भारत का सम्राट _____ ।
7. 'मंदिर मूर्तिकला का पालना' कहकर _____ स्थान को जाना जाता है ।
8. श्रवण बेलगोला के गोम्मट विग्रह को निर्माण करानेवाला _____।
9. गंगा वंश का प्रसिद्ध राजा _____ ।
10. चावुंडराय द्वारा रचित कृति _____ ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

11. शिलप्पादिगरम महाकाव्य की नायिका कौन है?
12. संगम युग के दो महाकाव्यों के नाम बताइए ?

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

13. 'चैत्य' किसे कहते हैं ?
14. सातवाहन समय के चैत्य कहाँ हैं ?
15. कर्नाटक में शातवाहन संरचनाओं के अवशेषों को कहाँ पाए जाते हैं?
16. 'श्रेणी' किसे कहते हैं ?
17. कदंब वंश का प्रसिद्ध राजा कौन था?
18. चालुक्यों की राजधानी कौन-सी है ? यह किस जिला में है?
19. चालुक्यों की मुख्य वास्तुकलाएँ स्थित तीन स्थानों के नाम बताइए ।
20. कंची पल्लव का प्रसिद्ध शासक कौन था? उसकी उपाधि कौन सी है?
21. गंगा की राजधानी तलकाडु किस जिले में है ?

समूहों में चर्चा कीजिए और उत्तर दीजिए :

22. तिरुवल्लुवर का कथन ''सभी मनुष्य जन्म से एक हैं।'' हमें महत्वपूर्ण क्यों हैं?
23. शातवाहन काल के दौरान आर्थिक समृद्धि में योगदान देने वाले कारक कौन-कौन से हैं ?
24. प्राचीन राजवंशों का सामान्यतः किन कारणों से पतन हुआ है?
25. पम्पा, पोन्न और श्रीविजय पर एक टिप्पणी लिखिए।
26. एल्लोरा के कैलास मंदिर और एलिफेंटा गुफालय क्यों प्रसिद्ध है?
27. तृतीय गोविंदा की सैनिक उपलब्धियों के बारे में बताइए।
28. अमोघवर्ष नृपतुंग को एक महान सम्राट क्यों कहते हैं ?
29. कल्याण के चालुक्य वंश के सम्राट छठे विक्रमादित्य को अति श्रेष्ठ सम्राट क्यों कहा जाता है?
30. 'विक्रमांकदेव चरित', 'मिताक्षर संहिता' और 'मानसोल्लासा'। - इन कृतियों पर एक टिप्पणी लिखिए
31. किस मंदिर को 'मंदिरों का सम्राट' कहा जाता है? क्यों ?
32. होयसल मंदिरों की दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

33. 'भुवनेश्वरी' क्या है?

34. होयसल काल के मशहूर मंदिरों के नाम बताइए।

35. होयसल काल के महान कवियों और उनकी कृतियों के नाम लिखिए।

36. बृहदीश्वर मंदिर इतना प्रसिद्ध क्यों है?

37. राजराजा चोल की उपलब्धियाँ (प्रदर्शन) क्या हैं?

38. चोल-युग की ग्राम प्रशासन की व्यवस्थाओं की विशेषताएँ क्या हैं?

गतिविधियाँ :

1. चालुक्य और पल्लवों की वास्तुकला-शिल्पकला की चित्रों को सहित विवरणों के साथ संग्रह कीजिए।
2. हर्षवर्धन और इम्मड़ी पुलिकेशी की जीवनी पढ़िए। (स्रोत:- इंडिया भारती बुक संपदा),
3. राष्ट्रकूटों और कल्याणी चालुक्य काल की शिल्पकला को चित्रों सहित विवरण संग्रह कीजिए।
4. मानचित्र में राष्ट्रकूटों और कल्याण के चालुक्यों की राजधानी और वास्तुकला केंद्रों को चुनिए।
5. गोम्मट की मूर्ति की सबसे छोटी प्रतिकृति मिट्टी या किसी किसी अन्य वस्तु से निर्माण कीजिए।
6. जब समय मिले, तो श्रवणबेलगोल जाकर मूर्ति की शिल्पकला का आनन्द लीजिए।
7. अपने आस-पास के शहीद स्मारक की जानकारी एकत्रित कीजिए।
8. होयसल और चोलों की वास्तुकला और शिल्पकला के विवरण का संग्रह, चित्रों के साथ कीजिए।
9. मानचित्र में होयसल और चोल के ऐतिहासिक स्थलों को सूचित कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नागरिक शास्त्र

अध्याय 7 | नागरिक और नागरिकता

D6Y7S6

पाठ परिचय :


इस पाठ में नागरिक और नागरिकता की संकल्पना के साथ-साथ नागरिकता प्राप्त करने की विधि और नागरिकता खोने की परिस्थितियों को सूचित किया गया है। अंत में अच्छे नागरिकों के लक्षण बताए गए हैं।

सामर्थ्य :

1. नागरिक और नागरिकता का अर्थ जानना।
2. नागरिकता प्राप्त करने के तरीके और खोने की परिस्थितियों को समझना।
3. अच्छे नागरिकों के लक्षणों को जानना।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ प्रवेश :



'ए' मैसूरू राजमहल 'बी'

ऊपर के चित्र पर ध्यान दें -

1. मैसूर राजमहल देखने के लिए पर्यटक कहाँ-कहाँ से आते हैं?
2. क्या 'ए' भाग में रहनेवाले सभी भारतीय हैं?
3. आप विदेशी लोगों को कैसे पहचानते हैं?

सरिता के सवाल :

सरिता दशहरा की छुट्टी पर अपने माता-पिता के साथ बेलूर, हलेबीडु और मैसूर देखने के लिए गई थीं। वह सवाल करती रही, हर एक के बारे में और अधिक जानकारी जानने के लिए उत्सुक थी। जब वे मैसूर राजमहल देखने के लिए आये तो उसका ध्यान दूसरी ओर चला गया था। यह देखकर उसके पिता ने पूछा-

पिता: बेटा! तुम किसे देख रही हो?

सरिता: वहाँ देखिए, उनके चेहरे, कद, वेष-भूष, भाषा सब अलग-अलग दिखते हैं। पिताजी, वे कौन हैं?

पिता: हाँ, वे दूसरे देश के निवासी हैं - विदेशी। वे भारत देखने के लिए यहाँ आए हैं। वे दूसरे देश के नागरिक हैं।

सरिता: माँ, नागरिक का मतलब क्या है?

माँ: किसी देश में स्थायी रूप से रहनेवाले जिम्मेदार सदस्यों को हम नागरिक कहते हैं । उदाहरण के लिए हमारा देश भारत है। हम भारतीय हैं। हमारे दादा और परदादा भी यहीं पैदा हुए थे। हम सभी यहाँ के स्थायी निवासी हैं। जैसे हम अपने परिवार के भी सदस्य है उसी प्रकार हम इस देश के भी सदस्य हैं। किसी देश की संवैधानिक सदस्यता को नागरिकता कहा जाता है । इसी कारण हम भारत के नागरिक बनते हैं ।

सरिता: हम और विदेशियों में क्या अंतर है?

पिता: इस देश के नागरिकों के रूप में हमें कुछ अधिकार हैं। विदेशियों के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सरिता: नागरिकता क्या है?

माता: जैसे हम सब अपने परिवार के सदस्य हैं, वैसे हम भी इस देश के सदस्य हैं। किसी देश की सदस्यता को 'नागरिकता' कहा जाता है।

सरिता: किसी देश की नागरिकता प्राप्त करने के तरीके कौन-कौन से हैं ?

पिता: आमतौर पर किसी देश की नागरिकता हासिल करने के दो विधान होते हैं ।

(1) सहज नागरिकता (2) सहजीकृत नागरिकता

नागरिकता पाने के विधान क्या हैं ?

नागरिक निम्नलिखित विधानों से किसी देश की नागरिकता प्राप्त कर सकते हैं ।

1. **जन्म से :** कोई व्यक्ति उस देश की नागरिकता प्राप्त कर लेता है जिस देश में उसका जन्म हुआ हो। ऐसे लोगों को उनके माता-पिता की राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना नागरिकता दी जाती है।

   किसी देश की नागरिकता प्राप्त करने का मुख्य आधार जन्म है। उदाहरण के लिए 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत में पैदा हुआ व्यक्ति भारत का नागरिक है। क्योंकि उस दिन स्वतंत्र भारत ने अपना संविधान लागू किया था।

2. **वंशानुक्रम के माध्यम से :** इस पद्धति के अनुसार कोई व्यक्ति इस आधार पर नागरिकता प्राप्त करता है कि उसके माता-पिता किस देश के हैं। उदाहरण के लिए, 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत से बाहर भारतीय परिवारों में जन्मे लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाती है। ये दो विधियाँ प्राकृतिक नागरिकता हैं ।

3. **पंजीकरण द्वारा :** किसी भी देश की नागरिकता संबंधित कार्यालय में उचित नियमानुसार आवेदन और पंजीकरण करके प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार के आवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक देश कुछ मानदंड लागू करता है ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण के लिए, यदि जो कम से कम 5 वर्षों तक भारत में रहे हैं, तो वे पंजीकरण द्वारा नागरिकता प्राप्त कर सकते हैं। इस पद्धति को सहजीकृत नागरिकता कहा जाता है ।

सरिता: माँ, फिर किन परिस्थितियों में कोई व्यक्ति अपने देश की नागरिकता खो देता है ?

माँ : नागरिकता खोने के कई तरीके हैं। किसी देश की नागरिकता निम्नलिखित तरीकों से खोई जा सकती है :

1. **परित्याग** (renunciation) **:** कोई भी भारतीय नागरिक, दूसरे देश की नागरिकता प्राप्त करने के बाद पंजीकरण के माध्यम से घोषणा करके कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता का त्याग कर सकता है ।

2. **समाप्ति** (termination)**:** यदि भारत का कोई भी नागरिक किसी विदेश की नागरिकता प्राप्त कर लेता है, तो उसके आवेदन जमा करने की प्रतीक्षा किए बिना उसकी भारतीय नागरिकता कानून के अनुसार समाप्त कर दी जाती है ।

3. **इनकार** (deprivation)**:** कोई भी व्यक्ति धोखे से भारत की नागरिकता प्राप्त किया हो, अथवा यदि वह राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल हुआ हो, या भारत के संविधान की अवज्ञा करता हो, ऐसे व्यक्ति की नागरिकता भारत सरकार द्वारा रद्द की जा सकती है, यह जबरन निराकरण होगा।


पिता : बेटी, एक ही समय में दो देशों की नागरिकता नहीं हो सकती ।

सरिता : पिताजी मुझे भारत से प्यार है, मैं भारतीय नागरिक बनकर रहूँगी ।

माँ : अच्छा बेटी, चलो महल के अंदर का नजारा देखते हैं ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तम नागरिक के लक्षण :



प्रत्येक नागरिक को अपने देश में मतदान करने, चुनाव के लिए खड़े होने, सरकारी सेवा, सेना में भरने जैसे अधिकार हैं। इसके साथ ही उनकी कुछ जिम्मेदारियाँ भी हैं। उसके द्वारा निभाए जाने वाले कर्तव्य हैं।

@KSEBS NOT TO BE REPUBLISHED

नागरिक के लक्षण :

1. संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए बलिदानों का सम्मान करना ।
2. वैज्ञानिक भावना, मानवतावाद और सुधार का मनोभाव रखना ।
3. संविधान के प्रति वफ़ादार रहना और उसके आशय का सम्मान करना।
4. चुनाव में मतदान करना ।
5. भाषा, धर्म, जाति की परवाह किए बिना सभी को भाई के रूप में देखना।
6. देश पर आपदा आने पर रक्षा कार्य में भाग लेना ।
7. करों का सही भुगतान करना।
8. पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना ।

9. सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा एवं हिंसा का त्याग ।

10. वरिष्ठ नागरिकों की सहायता करना।

11. प्रत्येक माता/पिता अभिभावको को 6-14 आयु वर्ग के अपने बच्चों को स्कूली शिक्षा का अवसर प्रदान करना चाहिए ।

ज्ञात रहे :

- ❖ हमारे देश में एकल नागरिकता है। राज्य के आधार नागरिकता नहीं है।
- ❖ नागरिक शास्त्र सार्वजनिक जीवन में नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और भूमिका का वर्णन करती है। नागरिक शास्त्र का ज्ञान हर एक के लिए ज़रूरी है ।

अभ्यास

I. रिक्त स्थान को उपयुक्त शब्द से भरिए :

1. नागरिकता प्राप्त करने के दो सबसे सामान्य तरीके हैं _____ और _____ ।
2. नागरिकता का स्वैच्छिक त्याग को _____ कहते हैं ।
3. भारत में _____ नागरिकता व्यवस्था है ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

4. नागरिक किसे कहते हैं?
5. आप एक भारतीय नागरिक हैं। कैसे?
6. नागरिकता प्राप्त करने के दो तरीके बताइए।
7. उत्तम नागरिक होने के क्या लक्षण हैं?
8. बुजुर्ग नागरिकों की मदद कैसे कर सकते हैं?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 8 हमारा संविधान

Q3K2H2

पाठ परिचय :

इस पाठ में संविधान का अर्थ, महत्व, रचना और मुख्य विशेषाताओं को विवरण है।

सामर्थ्य :

1. संविधान का अर्थ और महत्व जानना।
2. संविधान की भूमिका का महत्व को सराहना ।
3. भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ जानना।
4. संविधान के रचना कार्य में भाग लेनेवाले महापुरुषों का विवरण जानना।
5. गणतंत्र (गणराज्य) की कल्पना को जानना।
6. धर्म निरेपेक्ष तत्व का आशय समझकर दैनिक जीवन में इस मूल्य को अपनाना।
7. संविधान का सम्मान करने उसके आशय को पालन करने की प्रवृत्ति का विकास करना ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सरकार क्या है ? अच्छे जन जीवन के लिए देश में शिष्टाचार, शांति व्यस्थित प्रशासन, सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय आदियों को स्थापित करने के अलावा निभाने का संघटन चाहिए। इस संघटन को सरकार कहा जाता है।

संविधान का अर्थ और महत्व

संविधान का मतलब है कि एक देश अनुसरण करनेवाला मूलभूत कानून है। वह सरकार के अंग, अधिकार तथा कार्यों का विवरण देता है। संविधान में प्रजाओं के अधिकार और कर्तव्यों का उल्लेख भी रहता है। सभी निर्वाचित सरकारों को संविधान के दायरे में काम करना चाहिए ।

संविधान का महत्व: संविधान देश के मूलभूत कानून होने के कारण बहुत महत्वपूर्ण है। उसे सभी बद्ध हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के सदस्य, न्यायाधीश, अधिकारी वर्ग, सभी संविधान का पालन करने में कमर कसे हैं।

- संविधान लोगों के आदर्श और आकांक्षाओं को दर्शाता है।
- संविधान सुखी राज्य की स्थापना का निर्देशन देता है ।
- वह सरकार की नितियाँ और कार्य पद्धतियों को नियंत्रित करता है।
- 'कानून के सम्मुख सभी समान है' इस सूत्र के आधार पर नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता है।

क्रियाकलाप : डॉ. बी. आर अंबेडकर कौन है ? उनके प्रति हम क्यों कृतज्ञ हैं ? समूह में चर्चा कीजिए।

© BTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भारतीय संविधान की रचना

भारतीय संविधान को **'संविधान रचना सभा'** नामक विशेष सभा द्वारा तैयार किया गया। सभा के सदस्यों ने इसके द्वितीय अधिवेशन में डॉ. राजेंद्रप्रसाद को अध्यक्ष के रूप में चुना।

संविधान की सभा में 299 सदस्य थे। 1946 में इसका प्रथम अधिवेशन संपन्न हुआ।

संविधान रचना सभा ने अपनी गतिविधियों को तेज देने के उद्देश्य से 22 समितियों की रचना की। संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए **'संविधान प्रारूप समिति'** रचना की गयी। इस समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर अंबेडकर थे। सरदार वल्लभभाई पटेल की अध्यक्षता में मौलिक अधिकारों पर सलाह-समिति और जे.बी. कृपलानी की अध्यक्षता में मौलिक अधिकारों की उपसमिति सहित कई समितियों का गठन किया गया। राजकुमारी अमृतकौर, लीला रॉय, मालती

चौधरी, सरोजिनी नायडू, बेगम ऐजाज़ रसूल, विजयलक्ष्मी पंडित, दक्षिणायिनी वेलायुधन, सहित 15 महिला सदस्य, कर्नाटक से केंगल हनुमंतैया, एस् निजलिंगप्पा सहित कई लोगों ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।



भारत संविधान रचना सभा में हिस्सा हुए महिला सदस्य

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- सदस्य संविधान की प्रारूप का परिशीलन करके 2473 सुधारों की सूचना दी। प्रारूप संविधान तथा सुधारों को संविधान सभा में वितृत रूप से चर्चा की गयी। इसी प्रकार संविधान का अंतिम रूप देने के लिए लगभग 2 साल ग्यारह महीने और अठारह दिन लगे। ।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर 15-8-1947 से 06-10-1951 तक की अवधि में कानून मंत्री रहे।

भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान ने भारत को गणराज्य घोषित किया। इस दिवस को हर वर्ष गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाते हैं। हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है ।



गणतंत्र दिवसीय परेड, नई दिल्ली

संविधान की उल्लेखानुसार भारत में 1951-52 में प्रथम महाचुनाव हुए। 'राज्य सभा' तथा 'लोक सभा' नामक दो सभाओं से युक्त सर्वप्रथम चुनाव संसद (पार्लिमेंट) 1952 में अस्तित्व में आया।

हमारे संविधान का आकार: मूल संविधान में 395 अनुछेद, 22 भाग और 8 अनुसूचियाँ थी। सितंबर 2023 तक संविधान में 106 बार संशोधन किया जा चुका है। तो अब हमारे संविधान में 471 अनुछेद. 25 भाग और 12 अनुसूचियाँ है।

© CBSE NOT TO BE REPUBLISHED

प्रस्तावना

संविधान के प्रारंभ में भूमिका के रूप में 'प्रस्तावना' है। संविधान के हृदय समान यह प्रस्तावना जनता के आदर्शों तथा आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। न्याय, स्वतंत्र, समानता, व्यक्ति सम्मान, भ्रातृत्व तथा राष्ट्रीय एकता और समग्रता प्रस्तावना के तत्वादर्श है ।

THE CONSTITUTION OF INDIA

PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA,
having solemnly resolved to constitute India into a

SOVEREIGN SOCIALIST
SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC

and to secure to all its citizens;
JUSTICE, social, economic and political;
LIBERTY of thought, expression,
belief, faith and worship;
EQUALITY of status and of opportunity;
and to promote among them all
FRATERNITY assuring the dignity of the
individual and the unity and
integrity of the Nation;

IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY
this twenty-sixth day of November, 1949, do

HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO
OURSELVES THIS CONSTITUTION.

NOT TO BE REPUBLISHED © BSE

संविधान की विशेषताएँ

हमारे संविधान के अपने ही कुछ लक्षण (विशेषताएँ) हैं-

1. **लिखित संविधान :** भारत का संविधान लिखित रूप में है। यह विश्व का अति विस्तार लिखित संविधान है। विद्यायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे सरकारी अंगों की संरचना। अधिकार तथा कार्यव्याप्ति का परिचय इस में चित्रित है। संविधान केंद्र और राज्य सरकारों को एक ही है।


2. **गणराज्य:** भारत एक गणराज्य के रुप में संविधान में घोषित है। गणराज्य में राजाओं का प्रशासन नहीं रहता। इसके विपरीत प्रजाओं से निर्वाचित प्रतिनिधियों का शासन होता है । ऐसी राजनीतिक व्यवस्था युक्त भारत लोकतंत्रात्मक गणराज्य है।



डॉ. बाबू राजेन्द्र प्रसाद 'संविधान रचना सभा' के अध्यक्ष, भारत के प्रथम राष्ट्रपति



डॉ. बी.आर. आंबेडकर संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष



जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधान मंत्री

@KSTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3. **मौलिक अधिकार तथा कर्तव्यों का उल्लेख :** संविधान ने नागरिकों को 6 मौलिक अधिकारों को प्रदान किया है। उन्हें कम करने का कोई भी कानून या नियमों को उपक्रमों को अपनाने का अधिकार किसी भी राज्य को नहीं है। अधिकारों का अतिक्रमण के अवसर पर उनकी रक्षा का अधिकार न्यायांग को है। नागरिक लोग अपने अधिकारों को स्वेच्छानुसार प्रयोग करके सामाजिक अशांति का कारणकर्ता नहीं बनना चाहिए अथवा कानून व्यवस्था को बाधित न करें। संविधान में नागरिकों के 11 कर्तव्यों का उल्लेख है।

4. **धर्म निरापेक्षता :** संविधान में '**धर्म निरापेक्षता**' (सेक्यूलारिसम) के तत्व को उजागर किया है। इसका अर्थ है कि सरकार भेदभाव भावना रहित होकर

सभी मत-धर्मों को समान दृष्टि से देखना। इसका उद्देश्य सभी धर्मों के बीच समानता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। सरकार ने किसी भी धर्म को राष्ट्रधर्म की मान्यता नहीं देती है। वह हर व्यक्ति को अपने धर्म का आचरण और विश्वास की आजादी दी है। सम समाज के हित में धार्मिक स्वतंत्रता को नियंत्रित करने और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को बढ़ावा देने की शक्ति राज्य के पास है।

5. **स्वतंत्र न्यायपालिका :** हमारी न्यायपालिका स्वतंत्र होने के साथ-साथ काफी अधिकार भी रखती है। विधात्रिका हां या कार्यपालिका हो, न्यायपलिका में हस्ताक्षेप नहीं कर सकती। कानून के सम्मुख, सभी समान है। न्याय पाने का अधिकार सबको है। इस तथ्य को न्यायांग दर्शाता है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले अनुसरण करना अनिवार्य है तथा यह अंतिम निर्णय है।

6. **वयस्क मतदान पद्धति :** 'वयस्क मतदान' लोकतंत्र का मूल तत्व है । नागरिकों ने (18 वर्षों से ऊपरवाले) मतदान से प्रतिनिधियों का निर्वाचन (चयन) करने की मताधिकार को 'वयस्क मतदान पध्दति' कहते हैं। अंतरात्मा की आवाज़ पर मतदान करेंगे तो एक मज़बूत सरकार चुनी जाएगी। इसीलिए हमारा संविधान सार्वत्रिक वयस्क चुनाव पद्धति को मान्यता दी है ।

7. **अस्पृश्यता का निषेध :** जन्माधारित अस्पृश्यता समाज की एक अवांछित पद्धति है। इसीलिए अस्पृश्यता के कारण पनपे जातिगत भेद-भाव को समाप्त कर सामाजिक न्याय की स्थापना करना हमारे संविधान का परम ध्येय है ।

8. **सुखीराज्यस्थापना :** भारतीयसंविधानकेआदर्शसुखीराज्य(वेलफेरस्टेट)कीस्थापना करना है।

> सब को सामाजिक तथा आर्थिक सुरक्षा देने के उद्देश्य रखनेवाला राज्य को सामान्यतः सुखी राज्य कहते हैं।

9. **चुनाव पद्धति :** भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। पिछले 7 सदियों से चुनाव समय-समय पर सामन्य रूप से हुए हैं। इस अवधि में लोकतंत्र व्यवस्था बहुत गहराई से बसी है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

नये शब्द:

संविधान प्रारुप समिति : 'संविधान रचना सभा' में प्रस्तुत संविधान की मूल कच्चा प्रति (अपरिष्कृत) को तैयार करने वाली समिति है।

अनुच्छेद : संविधान का एक भाग है।

लोकतंत्र : नागरिकों द्वारा शासित लोकतंत्र है।

अभ्यास

I. रिक्त स्थान को उपयुक्त शब्द से भरिए :

1. संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष _____ थे।
2. हमारे संविधान को _____ में लागू किया गया था।
3. संसद के दो सदन _____ और _____ ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

4. संविधान क्या है ? इससे हमें क्या लाभ है ?
5. संविधान रचना सभा के अध्यक्ष कौन थे ?
6. संविधान निर्माण में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की भूमिका बताइए ।
7. गणराज्य किसे कहते हैं ?
8. धर्मनिरपेक्षता किसे कहते हैं ?
9. 'संविधान दिवस' किस दिनांक को मनाया जाता है ?
10. भारत की संविधान रचना सभा की महिला सदस्यों के नाम बताइए ।

चर्चा कीजिए :

प्रस्तावना में उल्लेखित तत्वों तथा आदर्शों के बारे में चर्चा कीजिए।

क्रिया कलाप :

- हमारा संविधान हम सब को अधिकार तथा कर्तव्य प्रदान करता है। अधिकार तथा कर्तव्यों में से आपकी दृष्टि में कौन-कौन से मुख्य हैं? समूह में चर्चा कीजिए और अपने विचारों को प्रमुख बिंदुओं के रूप में उल्लेखित कीजिए।
- संविधान सभा के सदस्यों का चित्रसंग्रह कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 9 | प्रभुत्व के प्रकार



इस अध्ययन के बाद निम्नलिखित बातें जानेंगे ।

1. प्रभुत्व का अर्थ समझना ।
2. लोकतांत्रिक सरकार के बारे में जानना ।
3. सत्तावादी सरकार को समझना ।
4. तीन प्रभुत्वों के बीच का अंतर पहचानना ।

प्रभुत्व का अर्थ:

किसी राष्ट्र के नागरिकों को सुखी, शांतिपूर्ण एवं सुकून जीवन जीने के लिए व्यवस्थित प्रशासन आवश्यक है। ऐसी शासन प्रणाली को प्रभुत्व प्रणाली कहा जाता है जिसमें नियमों के अनुसार चलती है। यह प्रणाली नागरिकों के लाभ के लिए कानून बनाने और लागू करने तथा शांति और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है।

©KTES NOT TO BE REPUBLISHED


प्रभुत्व के प्रकार:

1. लोकतांत्रिक सरकार
2. तानाशाही सरकार
3. समतावादी सरकार

1.लोकतांत्रिक सरकार: लोकतंत्र एक प्रकार की सरकार है। यहाँ जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से चलने वाली सरकार को लोकतांत्रिक सरकार कहा जाता है। जनता द्वारा, जनता के सहयोग से शासित होने के कारण इसे प्रजा की सरकार भी कहा जाता है। नागरिकों को अपने प्रतिनिधि चुनने की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। लोकतंत्र अपने सच्चे अर्थों में एक ऐसी व्यवस्था

है जो व्यक्ति की आवश्यक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन स्थापित करने की स्वतंत्रता की वचन देकर राज्य के साथ व्यक्ति के संबंधों को स्थापित करने की व्यवस्था है। अब्रहम लिंकन ने कहा था 'लोकतंत्र जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता के वास्ते रहने वाली सरकार है।'

लोकतंत्र वाले राष्ट्र हैं: भारत, अमेरिका और इंग्लैंड सहित दुनिया के अधिकांश देश लोकतांत्रिक सरकार की प्रणाली का पालन कर रहे हैं।



मतदान केंद्र

2. तानाशाही सरकार: इस व्यवस्था में राज्य की संपूर्ण अधिकार एक व्यक्ति या एक छोटे समूह में केंद्रित होती है। तानाशाही शासन प्रणाली बिना किसी प्रतिबंध के एक व्यक्ति या समूह की राय होती है। लोकतंत्र स्वतंत्रता का समर्थन करता है तो तानाशाही इसका विरोध करती है। एक तानाशाह अपनी इच्छानुसार शासन कर सकता है। ऐसी सरकार में न्याय,धर्म, अर्थव्यवस्था, सामाजिक नीतियाँ सभी तानाशाह के आदेश से निर्धारित होती हैं। इस पर सवाल उठाने और विरोध करने की शक्ति नागरिकों के पास नहीं होती।



तानाशाही प्रभुत्व को हिटलर का उदाहरण

3. समतावादी सरकार: हम उस शासन प्रणाली को कहते हैं जो इस सिद्धांत पर जोर देती है कि समाज में उत्पादन के स्रोत जैसे भूमि, श्रम, पूंजी समुदाय के हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी शक्ति के अनुसार कमाकर अपनी आवश्यकता के अनुसार प्राप्त करना चाहिए। यहाँ निजी संपत्ति की अनुमति नहीं है। यह समानता के सिद्धांत पर आधारित समतावादी सरकार और समाज में अमीर और गरीब के बीच भेदभाव न रहनेवाली मानव समर्थक व्यवस्था है। निजी संपत्ति धीरे-धीरे अमीर और गरीब के बीच के अंतर को बढ़ाती है, जिससे असमानता पैदा होती है। आख़िरकार बहुसंख्यक मेहनती लोगों की जीत होती है। तभी एक भेदभाव रहित, समतामूलक समाज का निर्माण होता है। वहां सब, सबके लिए काम करने की संस्कृति विकसित होती है और एक ऐसी व्यवस्था बनेगी, जहां हर कोई सुखी होगा। इस प्रणाली के प्रस्तावक जर्मन दार्शनिक कार्ल मार्क्स थे।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. रिक्त स्थान को उपयुक्त शब्द से भरिए :

1. जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से चलनेवाले प्रशासन को सरकार _____ कहा जाता है।

2. हम सब एक जैसे हैं, यह भावना ही _____ ।

3. किसी एक व्यक्ति या समूह की राय _____ शासन प्रणाली है।

4. समतामूलक प्रशासन व्यवस्था के प्रवर्तक _____ ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

5. प्रभुत्व किसे कहते हैं?

6. तानाशाही सरकार किसे कहते हैं?

7. समतावादी सरकार किसे कहते हैं?

III. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए:

8. भारत एक विशाल लोकतंत्र है। शिक्षक की सहायता से चर्चा करें कि लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांत यहां कैसे लागू होते हैं।

9. यदि तुम जनता के प्रतिनिधि बन जाते हो तो एक नागरिक के रूप में तुम किस प्रकार शासन करेंगे अपनी कक्षा में साझा करो।

10. आपकी पसंदीदा प्रकार की सरकार कौन सी है? यह देश की समृद्धि में कैसे योगदान देता है, इसके बारे में लिखें।

11. तानाशाही सरकार के बारे में अधिक जानकारी एकत्रित करें।

© KTDS NOT TO BE REPUBLISHED

गतिविधियाँ

- लोकतांत्रिक, तानाशाही और समतावादी सरकारों के बीच अंतर सूचीबद्ध करें।
- क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि लोकतंत्र में नागरिक ही स्वामी? कक्षा में चर्चा करें।

भूगोल

अध्याय 10 — ग्लोब तथा नक्शा (मानचित्र)

I9P5Y6

पाठ परिचय :

भूगोल के बारे में सही ज्ञान प्राप्त करने के लिए ग्लोब तथा मानाचित्र उत्तम सहायक अधिगम साधन है। भूमि (पृथ्वी) का नमूने ग्लोब का अर्थ और उपयोग के बारे में जानेंगे। मानचित्र का अर्थ प्रकार तथा उनका उपयोग जानेंगे। मानचित्र (नक्शा) बनाना तथा पढ़ने के लिए आवश्यक चिह्नों के बारे में इस पाठ में परिचय प्राप्त करेंगे।

सामर्थ्य

1. ग्लोब को उसके महत्व और उपयोग के साथ समझना ।
2. मानचित्र के प्रकार तथा उनकी रचना करने के लिए आवश्यक तत्वों को जानना।
3. मानचित्र में रहने वाले चिह्नों एवं संकेतों को तथा उनके उपयोग को समझना।
4. मानचित्र के भौगोलिक संकेतों एवं चिह्नों को जानना।
5. मानचित्र पढ़ने के कौशल को समझना ।

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

1. आदर्श गोल (ग्लोब)

अर्थ: विज्ञान में आप भूमि (पृथ्वी) के आकार तथा परिमाण के बारे में जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। पृथ्वी के जियाड (Geoid) आकार को आदर्श ग्लोब के रूप में निरूपित किया जा सकता है। कृत्रिम उपग्रह से प्राप्त पृथ्वी का चित्र उसके वास्तविक स्वरूप एवं आकार को प्रदर्शित करता है। किंतु इससे हम पृथ्वी के एक भाग को मात्र देख सकते हैं। पृथ्वी के प्रतिरूप मॉडल (आदर्श) ग्लोब को घुमाया जा सकता है। जिससे पृथ्वी के पूर्ण स्वरूप देखा जा सकता है।



आदर्श प्रतिरुप (ग्लोब)

आदर्श ग्लोब की विशेषताएँ

ग्लोब पृथ्वी का एक संक्षिप्त प्रतिरूप (नमूना) मात्र है। यह भूमि (पृथ्वी) के वास्तविक गोलाकार को प्रदर्शित करता है। तथा मानचित्र के समान सपाट नहीं है। साथ ही कई विशेषताओं से संबंधित सूचनाएँ (जानकारी) प्राप्त होती है। यह सीखने का सरल साधन है। इस नमूने को मेजपर रखकर घुमाकर पृथ्वी की विविध भौगोलिक संकल्पनाओं को जाना जा सकता है।

ग्लोब का उपयोग :



पृथ्वी का उपग्रह चित्र

1. ग्लोब पृथ्वी के आकार को समझने में सहायक है।
2. पृथ्वी की सतह, समुद्र तथा सागर को स्थिति परिम ाण तथा आकार को समझने में सहायक है।
3. यह अक्षांश देशांतर रेखा द्वारा स्थानों की स्पष्ट स्थिति तथा राजनैतिक सीमाओं को समझने में सहायक है।
4. उत्तम स्तर का ग्लोब पृथ्वी के अक्ष का झुकाव, पृथ्वी की परिक्रमा दैनिक एवं वार्षिक परिक्रमा और उनका परिणाम समझने में सहायक है। उदा. दिन-रात, ऋतुचक्र।
5. ग्लोब द्वारा पृथ्वी की विविध भौगोलिक तथा सामान्य जानकारी प्राप्त होती है। अर्थात् पर्वत, पठार, मैदान, रेगिस्तान, द्वीप, नदियाँ, घास के मैदान तथा वन प्रदेश आदि ।

© BTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. नक्शा


ग्लोब हमें पृथ्वी की सामान्य जानकारी मात्र प्रदान करता है। किंतु एक स्थान, राज्य, देश तथा अन्य भौगोलिक विशेषताओं के बारे में विस्तृत ज्ञान पाने के लिए मानचित्र (नक्शा) आवश्यक है।

पृथ्वी के पूर्ण या आंशिक भाग को समतल रुप से मापक (स्केल) के अनुसार जानने-समझने के लिए बनाया गया चित्र निर्माण ही मानचित्र है। मानचित्र तैयार करने के विज्ञान तथा कला को नक्शा शास्त्र (Cartography) कहा जाता है। विविध प्रकार के नक्शे (मानचित्र) साहित निर्मित पुस्तक 'अटलस' या 'मानचित्र पुस्तक' कहलाती है।

मानचित्र के प्रकार

i. **माप (स्केल) आधारित नक्शा:** माप (स्केल) के आधार पर मानचित्र (नक्शा) को दो भागों में बाँटा जा सकता है।


अ) **बड़े आकार के मानचित्र :** ये छोटे प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन्हें 'राजस्व' मानचित्र तथा स्थल स्वरूप मानचित्र रूप में विभक्त करते हैं। 'राजस्व' मानचित्र वैयक्तिक आय की जानकारी प्रदान करते हैं। स्थल स्वरूप के मानचित्र एक स्थल तथा प्रदेश की अधिक जानकारी प्रदान करते हैं।



बडे आकार का मानचित्र मापक: 1:25,000

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

आ) छोटे पैमाने के मानचित्र : ये विशाल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उदाः विश्व महाद्वीप देश आदि । इनके दो प्रकार हैं : मानचित्र तथा अटलस पुस्तकें।



छोटे पैमाने का मानचित्र

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मानचित्र अटलस से बड़े होते हैं। इन्हें कक्षा में पढ़ाते समय सहायक सामग्री के रूप में उपयोग किया जाता है। यह राजनैतिक विभाग, बाह्य विशेषता आदि सामान्य तथा प्रमुख विशेषताओं को प्रदर्शित करते हैं।

अटलस मानचित्र से आकार में छोटे होने पर भी हमें विवरणात्मक जानकारी देते हैं।

ii. उद्देश्य आधारित मानचित्र : विषयाधारित मानचित्र है। इन्हें निम्नलिखित भागों में बाँटा जा सकता है:-

अ) स्वाभाविक मानचित्र : यह प्राकृतिक विषयों से संबंधित है तथा भूमि की सतही विशेषताओं जैसे पर्वत, पठार, मैदानी भाग, नदी आदि को प्रदर्शित करता है।

आ) राजनीतिक मानचित्र : ये राज्य, देश, महाद्वीप तथा उनके स्थान, विस्तार आदि को प्रदर्शित करते हैं।

इ) **वितरण मानचित्र :** इन मानचित्रों का उपयोग भू उपयोग, जलवायु का तापमान, वर्षा, जनसंख्या, मिट्टी, स्वाभाविक वनस्पति वर्ग, फसले, खनिज, कारखाने, रेल मार्ग, सड़कें, जलमार्ग आदि का वितरण जानने के लिए किया जाता है।

मानचित्र के प्राथमिक तत्व

तैयार उत्तम मानचित्र उपयुक्त शीर्षक, मापक, अक्षांश तथा देशांतर रेखा, दिशा तथा सूची आदि जानकारी से युक्त होना चाहिए।

1. **शीर्षक :** प्रत्येक मानचित्र अनिवार्य रूप से शीर्षक युक्त होना चाहिए। वह हमें आवश्यक आंतरिक जानकारी प्रदान करता है। उदाः भारत की भौगोलिक विशेषताएँ, भारत की राजनीति आदि।

2. **मापक (स्केल) :** मापकभूमि पर दो स्थानों के मध्यांतर जानने के लिए उपयोग में आते हैं। भूमि पर वास्तविक दूरी (अंतर) तथा मानचित्र पर प्रदर्शित दूरी का परिमाण (मात्रा) ही मापक है। मानचित्र पर दो स्थान बहुत निकट दिखाई देने पर भूमि से काफी दूरी पर होते हैं।

3. **अक्षांश तथा देशांतर रेखाएँ :** ये काल्पनिक रेखाओं का एक जाल है। मानचित्र में स्थान की स्थिति, दूरी, दिशा पहचानने में सहायक है।

4. **दिशाएँ :** अक्षर तीर के चिहन द्वारा उत्तर दिशा को सूचित करता है। जिसमें 'उ' ['N'] तीर का छोर 'उत्तर' को प्रदर्शित करता है। इस चिह्न से एक बार उत्तर दिशा के ज्ञात होते ही शेष दिशाओं को सरलता से जाना जा सकता है।


5. **सूची :** यह मानचित्र में सूचित करने तथा पहचानने के लिए उपयोग किया जाने वाला कोई भी सूचक मानचित्र 'सूची' कहलाता है। यह मानचित्र का प्रमुख आधार होता है तथा मानचित्र में प्रदर्शित सभी विशेषताओं को

© KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

यह सूचित करता है। यह सूचक विविध रंगों का तथा भौगोलिक चिहनों का उपयोग करता है। उदा: नीला रंग-जलराशी के, हरा रंग-मैदानों के सूचक होते हैं।



उत्तर दिशा प्रदर्शन



मानचित्र सूची

मानचित्रों का उपयोग : मानचित्र हमें कई प्रकार से सहायक हैं -

- मानचित्र, हमें नगर, जिला, राज्य, देश, महाद्वीप आदि के स्थानों के बारे में जानने में सहायक हैं।
- भौतिक विशेषताओं (लक्षण), जैसे पर्वत, पठार, मरूस्थल, तटीय प्रदेश, द्वीप आदि को प्रदर्शित करने में सहायक हैं।
- प्रदेशों के यातयात-संपर्क (सड़क, रेल, वायुमार्ग) को समझने में सहायक है।
- फसलें, खनिज, उद्योग - धन्धों आदि का वितरण (प्राप्ति) जानने में सहायक हैं।
- युद्ध तथा रक्षा संबंधी सैनिकों के लिए बहुत उपयोगी है।
- ये प्रवासियो के लिए मार्गदर्शन देते हैं।
- मानचित्र एक प्रमुख सीखने और सिखाने का साधन है। इन्हें रखना और ले जाना भी आसान है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

3. भौगोलिक संकेत

एक संकेत एक वस्तु का काल्पनिक चिह्न है। मानचित्र में उपयोग किए जाने वाले संकेत पूरे विश्व में एक ही प्रकार से उपयोग किए जाते हैं । संकेत विविध जानकारी प्रदान करते हैं।

रंग : आप जब मानचित्र देखेंगे तब उसमें विविध रंग देखते हैं । ये रंग मानचित्र में विविध प्राकृतिक संकेतों को प्रदर्शित करते हैं। प्राकृतिक मानचित्र में प्रयोग किए जाने वाले रंग है।



वर्ण संकेत

@MTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अ) नीला रंग : जल भागों को सूचित करता है। महासागर, समुद्र, सरोवर, नदी इत्यादि।

आ) हरा रंग : मैदान तथा ढलाऊँ प्रदेश ।


इ) पीला रंग : उच्च भू-भाग या मैदानों से ऊँचा भाग

ई) भूरा रंग : पहाड, पर्वतों से कम ऊँचे पर्वत भाग।

उ) गाढ़ा भूरा (काला) रंग: अत्यंत ऊँचे पर्वत भाग।

ऊ) सफेद या जामुनी रंग : हिमाच्छादित प्रदेश।

इसके अतिरिक्त मानाचित्र में जिले या राज्यों को तत्काल सूचित करने के लिए विविध रंगों से प्रदर्शित किया जाता है।



भौगोलिक संकेत


रेखाएँ : मानाचित्र में सड़कें, रेल, वायु आदि जालों को प्रदर्शित करने के लिए विविध प्रकार की रेखाओं को विविध रंगों का प्रयोग किया जाता है। काला रंग सीमा रेखा, लाल रंग सड़कों को सूचित करते हैं।

4. मानचित्र पढ़ना

मानचित्र को पढ़कर अर्थ ग्रहण करने के लिए कुछ अंश ज्ञात होने चाहिए। एक अर्थ पूर्ण शब्द बनाने के लिए जिस प्रकार आपको पूरी वर्णमाला मालूम होनी चाहिए उसी प्रकार मानचित्र पढ़ने के लिए भी विविध रंगों, रेखाओं तथा चिह्नों के बारे में ज्ञात रहना चाहिए ।

मानचित्र पढ़ना एक कौशल है। हम सब मानचित्र के स्थल और विविध लक्षणों को समझने के लिए कुछ विशेषताओं और सामान्य निर्देशन जानना आवश्यक है। वे निम्नलिखित है:

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



मानचित्र पढ़ने का शिक्षण

विशेष सूचना: मापक पर आधारित कलबुरगी तथा बागलकोट जिला केंद्र का अंतर 222 कि.मी. है।

1. **स्थान पहचानना :** उपर्युक्त स्थानों को जानने के लिए हमें अक्षांश तथा देशांतर को जानना आवश्यक है।

2. **दिशाएँ पहचानना :** मानाचित्र पर स्थलों की दिशा जानना उत्तर दिशा की ओर मुख वाले तीर के चिह्न को समझने पर शेष दिशाएँ पहचानने में सरलता होगी।

3. **स्थानों के बीच अंतर जानना :** दो स्थानों के बीच अंतर जानने के

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

3. **स्थानों के बीच अंतर जानना :** दो स्थानों के बीच अंतर जानने के लिए मानाचित्र में दिए मापक सहायक होते हैं।

नये शब्द :

आदर्श गोल (ग्लोब), मानचित्र (नक्शा) प्रसंग (घटना), भौगोलिक लक्षण, अटलस, मापक, नक्शा शास्त्र, सूची (सूचक), शीर्षक, चिह्न, यातायात संपर्क।

आपको ज्ञात रहे :

- अत्यंत प्राचीन मानाचित्र बेबीलोनिया में (सा.श. 2300) देखा गया तो यूनान के खगोल वैज्ञानिक क्लाडियस टोलमी (सा.श. 90-168) का अटलस सर्वप्रथम है।
- विशाल प्रदेश को प्रदर्शित करने वाले मानचित्र छोटी मात्रा के मानचित्र छोटे प्रदेश को प्रदर्शन करने वाले मानचित्र बड़ी मात्रा के मानाचित्र है।
- भूगोल अध्ययन में मानचित्र सहायक है। ये सीखने की सहायक सामग्री है।
- भूमि पर निश्चित अंतर जानने के लिए हम मापक के सहारे से. मी. से कि. मी. या इंच से मीलों में परिवर्तन करना पड़ता हैं।
- दिक्सूची का काँटा सदा उत्तर दिशा को ही सूचित करता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उचित शब्दों से भरिए :

1. पृथ्वी के नमूने को _____कहा जाता है ।
2. विभिन्न प्रकार के मानचित्रों को जोड़कर तैयार की गई पुस्तक को _____ कहते हैं ।
3. मानचित्रों पर मैदानों को _____ रंग से पहचान की गयी है।
4. पृथ्वी पर खींची गयी काल्पनिक रेखाएँ _____ तथा _____ हैं ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

5. ग्लोब के दो महत्व (उपयोग) के बारे में लिखिए।
6. मानचित्र (नक्शा) किसे कहते हैं?
7. मानचित्र के कितने प्रकार हैं?
8. मानचित्र के दो उपयोग बताइए।
9. अटलस या मानचित्र पुस्तक से आप क्या समझते हैं ?
10. मापक से क्या तात्पर्य है।
11. भौगोलिक संकेत से आप क्या समझते हैं?
12. नक्शा की प्रमुख मूल बिंधुएँ कौन-कौन सी है?

गतिविधिः

- कागज, रबड़ की गेंद अथवा अन्य वस्तुओं द्वारा ऐसे ही ग्लोब का नमूना तैयार करना ।
- विविध प्रकार के मानचित्र देखकर उनके प्रमुख अंतर पहचानना।
- भारत के बाह्य मानचित्र में सही रंगों का उपयोग कीजिए।

अ) भारत के प्राकृतिक लक्षणों को पहचाननाः

आ) भारत के तीनों ओर से आच्छादित सागर तथा समुद्र को रंग द्वारा प्रदर्शित कर नामांकित करना ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 11 | भू-स्वरूप

Y5G7U1

पाठ परिचय :

इस पाठ में आप पृथ्वी, इसके विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों - पर्वत, पठार, मैदान, मरुस्थल, द्वीप, उनके अर्थ, उत्पत्ति और महत्व, विश्व के प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्रों से परिचित होंगे।

सामर्थ्य :

1. भू- स्वरूप को समझना।
2. भूमि के ऊपर प्रमुख भू-स्वरूप की उत्पत्ति और महत्व के बारे में जानना।
3. विश्व के प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्रों को जानना।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1. प्रमुख भू - स्वरूप :

चारों ओर देखने पर आप जान सकते हैं कि भू-सतह एक ही प्रकार का नहीं है। कहीं जमीन ऊँची है तो कहीं नीची। कुछ क्षेत्र पूरी तरह से समतल हैं, तो अन्य पहाड़ी हैं। कुछ हिस्से बहुत ही ढलाऊ हैं। इस तरह भू सतह के अनेक लक्षणों को ज़मीन पर पाया जा सकता हैं। वे पर्वत, पहाड़ी, घाटी, मैदान, रेगिस्तान और द्वीप हैं। विभिन्न भूतल के लक्षणों को 'भू- स्वरूप' कहा जाता है।

कोई भी भू-स्वरूप शाश्वत नहीं है, वे बदलते रहते हैं। आपके द्वारा देखे जाने वाले कोई भी भू- स्वरूप अपने मूल स्वरूप में नहीं है। आंतरिक और बाहरी शक्तियों के संचालन से पृथ्वी की सतह बदल जाती है।

मानव जीवन और उसकी गतिविधियों पर भू- स्वरूपों का महत्वपूर्ण प्रभाव होता है।

भू- स्वरूप के प्रकार :

भू- स्वरूपों को मुख्य तीन प्रकारों में विभाजित किया गया है। ये हैं-

i. पर्वत, ii. पठार और iii. मैदान ।


i. पर्वत

पहाड़ सबसे महत्वपूर्ण और प्रेरक भू-स्वरूप है। वे पृथ्वी के ऊपर के आसपास के क्षेत्रों की तुलना में ऊँचे और ऊपर से उठे ऊँचे क्षेत्र हैं। इसकी खड़ी ढलान और चोटियाँ समुद्र तल से एक हज़ार मीटर से अधिक ऊपर उठती हैं। पर्वत का उच्चतम बिंदु 'शिखर' है।

पहाड़ भी पृथ्वी का एक प्राकृतिक ऊँचा भाग है। लेकिन यह पर्वत के समान ऊँचा नहीं है। पहाड़ियाँ आमतौर पर 600 मीटर ऊँची होती हैं। उनकी ढलान इतनी ढलाऊ नहीं है।

चोटियों के साथ या बिना पर्वतों की श्रृंखला को 'पर्वत श्रृंखला' कहा जाता है। उदा: हिमालय (एशिया), ऑल्प्स (यूरोप), एंडीज (द अमेरिका), रॉकी (उत्तरी अमेरिका) आदि।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



पृथ्वी पर विभिन्न भू-आकृति

पर्वतों के प्रकार :

पर्वत आमतौर पर आंतरिक शिलास्तरों की परतों और ज्वालामुखियों जैसी आंतरिक शक्तियों द्वारा निर्मित होते हैं। वे आमतौर पर कठोर चट्टानों से बने होते हैं। पहाड़ प्राचीन या आधुनिक हैं। हिमालय और ऑल्प्स पर्वत आधुनिक के पर्वत हैं। लेकिन अपलेशियन (उत्तरी अमेरिका) और अरावली (भारत) श्रृंखला प्राचीन काल के पहाड़ हैं। अत्यंत ऊँचे पहाड़ों के सबसे ऊँचे भाग बर्फ से ढके हुए हैं।

निर्माण के आधार पर पर्वतों को तीन भागों में बाँटा गया है। वे हैं-

अ) परतदार पर्वत आ) महाद्वीपीय पर्वत इ) ज्वालामुखीय पर्वत।

अ) परतदार पर्वत : ये चट्टानों की परतों के सिकुडने से बने हैं। वे सबसे ऊँचे पर्वत हैं। जैसे: हिमालय और ऑल्प्स।

आ) महाद्वीपीय पर्वत : दो टूटे हुए समानांतर चट्टानों के परतों के बीच का हिस्सा ऊपर उठने से बने हुए हैं। वे बहुत ऊँचे नहीं हैं। उदाहरण: सिएरा निविडा (उत्तरी अमेरिका) और (Vasges) वस्जेस (यूरोप)।

इ) ज्वालामुखीय पर्वत : ये ज्वालामुखी विस्फोट के जमा अंश होते हैं । उनके तल चौड़े हैं, जिनमें उच्च शंकाकृति चोटियाँ हैं। उदाहरण: जापानी फ्यूजियामा, तांजेनिया और किलिमंजारो, (अफ्रीका)।

पर्वतों का महत्व : पर्वतों का अत्यधिक महत्व है। वे हैं-

- दोनों देशों के बीच प्राकृतिक सीमाएँ बनती हैं।
- पर्वत प्राकृतिक संसाधनों के भंडार हैं।
- जल ऊर्जा के उत्पादन में पानी की आपूर्ति करते हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

- नदियों का उद्गम स्थल हैं।
- वातावरण पर अच्छा प्रभाव डालते हैं।
- रमणीय दृश्य के साथ-साथ प्रवासी स्थल भी हैं।
- बागबानी की फसल बोने के लिए सहायक हैं।

ii. पठार

पठार, समतल सतह और खड़ी ढलान से बने हैं। इन्हें 'चौरस भूमि' भी कहा जाता है।

सामान्य तौर पर, पठार एकदम आसपास के क्षेत्रों की तुलना में ऊँचे होते हैं और उनके छोटे उतार-चढ़ाव होते हैं। कुछ पठार विशाल हैं। भारत का दखन पठार ऐसा ही एक उदाहरण है। कुछ पठार समुद्र तल से ऊँचाई पर हैं। उदाहरण: तिब्बती पठार। यह दुनिया का सबसे ऊँचा पठार है और इसे दुनिया की छत कहा जाता है, जिसमें कुछ पठार घाटी भी हैं। पठार कठोर चट्टानों से बने हैं। ऐसी चट्टानें खनिजों से भरपूर होती हैं। कर्नाटक का दक्षिण-पश्चिमी भाग एक पठार है।.

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

पठार के प्रकार :

पठारों को तीन प्रकारों में विभाजित किया जाता है-

अ) अंतरपर्वतीय पठार, आ) पर्वतीय पठार, और इ) महाद्वीपीय पठार।

अ) अंतरपर्वतीय पठार चारों ओर पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे हुए हैं। उदा : तिब्बती पठार (एशिया), बोलीविया पठार (दक्षिण अमेरिका)

आ) पर्वत तटीय पठार एक ओर पर्वतों से तथा दूसरी ओर मैदानों अथवा महासागरों से घिरे हुए हैं। उदाहरण: पटागोनिया पठार (दक्षिण अमेरिका)।

इ) **महाद्वीपीय पठार** खंडांतर परतों के ऊपर उठने से या मैग्मा फैलाव द्वारा निर्मित होने वाले महाद्वीपीय पठार हैं। उदाहरण: पश्चिमोत्तर पठार (भारत)।

पठारों का महत्व: पठार

- खनिज संपदा के भंडार हैं।
- जल ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोगी हैं।
- उपजाऊ मिट्टी होने से कृषि के लिए पूरक हैं।
- पशु पालन के लिए उपयोगी होते हैं।

iii. मैदान

चौड़ी समतल या थोडी उतार-चढ़ाव वाली उतराऊ भूमि को मैदान कहा जाता है। इनके कई आर्थिक महत्व हैं।

अधिकांश मैदान, नदियों द्वार अपरदन, तलछट और संचय से बनी हैं। फिर कुछ मैदान हिमनदों, हवाओं और लहरों से बनते हैं। आप नदी घाटी और समुद्र तटों के साथ कई मैदान देख सकते हैं। उदाहरण: गंगा - नदी का मैदान और उसका मुहाना।

मैदानों के प्रकार: मैदानों को तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है- संरचनात्मक मैदान, अपरदन मैदान और अवसादन मैदान।

अ) **संरचनात्मक मैदान:** समुद्र का तल भाग ऊपर उठने से बना हुआ है, या उसका कुछ भाग ढलाऊ होने से निर्माण हुए है। उदाहरण: संयुक्त राज्य अमेरिका का (यू एस ए) दक्षिणपूर्वी मैदान।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आ) **अपरदन मैदान:** ये पर्वत और पठार अपरदित तराई क्षेत्र हैं। उदाहरण: साइबेरिया का पश्चिमी भाग।

इ) **अवसादन मैदान:** प्राकृतिक सहायक नदियों जैसे नदी, ग्लेशियर, हवा आदि द्वारा लाए गए जलोढ़ तलछट। सिन्धू गंगा नदी मुहाना ।

मैदानों का महत्व

- उपजाऊ मिट्टी और समतल भूमि से बने हैं।
- कृषि और उद्योगों के विकास के लिए उपयोगी।
- परिवहन संपर्क के विकास के लिए प्रोत्साहदायक हैं।
- सभ्यता की केंद्र भूमि।
- शहर और नगरों के विकास के लिए सहायक है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मरुस्थल: पर्वत, पठार और मैदान के सतही लक्षण एक दूसरे से भिन्न हैं। जलवायु के प्रभाव से मरुस्थल का निर्माण होता है। वे दिन में अत्यधिक गर्म और रात में ठंडे होते हैं। यहाँ सबसे कम वर्षा होती है और वे मुख्यत: शुष्क होती हैं। इसलिए 'रेगिस्तान एक विशाल शुष्क प्रदेश है'। भूमि का पाँच का एक हिस्सा रेगिस्तानों से आच्छादित है। रेगिस्तान चट्टानी या रेतीले हो सकते हैं। अंटार्कटिका और यूरोप को छोड़कर सभी महाद्वीपों में रेगिस्तान हैं। 'सहारा' मरुस्थल दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है।

कुछ मरुस्थलों में ओयसिस हैं। जिस मरुस्थल से भूजल जब फव्वारे के रूप में बहता है उसे 'ओयसिस' कहा जाता है। इससे वहाँ पौधे और मानव निवास स्थानों के विकास में मदद मिलेगी।

रेगिस्तान (मरुस्थल) का महत्व: रेगिस्तान में खानाबदोश लोग अधिक हैं। वे अपने जानवरों के साथ जगह-जगह घूमते रहते हैं। रेगिस्तान की मिट्टी इतनी उपजाऊ नहीं है। जहाँ पानी उपलब्ध हो वहाँ आप फसल उगा सकते हैं। उदाहरण: मिस्र की नील नदी घाटी। कुछ रेगिस्तानों में समृद्ध खनिज संपदा है। उदाहरण: सऊदी अरब, कुवैत, में पेट्रोलियम निक्षप आदि ।




रेगिस्तान (मरुस्थल)



ओयासिस

द्वीप: द्वीप महासागरों, समुद्रों, झीलों या नदियों से घिरी भूमि की एक छोटी सी पट्टी है। यह एक प्रकार का भू-स्वरूप है। सबसे छोटे द्वीपों को टापू कहा जाता है। नदी और झीलों के बीच के द्वीपों को 'उपद्वीप या कोशिक समूह' कहा जाता है। भौगोलिक दृष्टि से द्वीपों के समूह को 'द्वीप समूह' के रूप में जाना जाता है। उदाहरण: टियर-डेल फ्यूगो, इंडोनेशिया।

© IITBS NOT TO BE REPUBLISHED





द्वीप

द्वीपों के प्रकार: द्वीप मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं। महाद्वीपीय द्वीप और महासागरीय द्वीप। महाद्वीपीय द्वीप, जो महाद्वीप की मुख्य भूमि से अलग हैं। जैसे: ग्रीनलैंड, आइसलैंड, आदि। महासागरीय द्वीप ज्यादातर महासागरों के बीच में ज्वालामुखी सामग्री के संचय से निर्मित हुए हैं। अतः इन्हें ज्वालामुखीय द्वीप कहा जाता है। उदाहरण: सुमात्रा (इंडोनेशिया), प्रवाल टीले को 'प्रवाल द्वीप' कहा जाता है। उदाहरण: लक्ष द्वीप (भारत)


अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप भारत के प्रमुख द्वीप समूह है। कर्नाटक के तट पर कुछ द्वीप हैं। उदा: सेंट मैरी द्वीप (नारियल द्वीप) आदि।

द्वीपों का महत्व: द्वीपों की मौसम बहुत अनुकूल है। आकर्षक पर्यटन स्थल है। मछली पकड़ना यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय है।

2. विश्व के प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्र

अर्थ: प्राकृतिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जो समान प्राकृतिक विशेषताओं के भागों को जोड़ते हैं। प्रत्येक प्राकृतिक क्षेत्र की अपनी अलग विशेषताएँ होती हैं। उनकी मुख्य विशेषताएँ जलवायु, भू-स्वरूप, मिट्टी, वनस्पति, पशुवर्ग और मानव व्यवसाय हैं। एक ही क्षेत्र में अंतर अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम है। लेकिन ऐसे क्षेत्रों के बीच कोई सटीक सीमा नहीं है। उनकी चौड़ाई और सीमाएँ केवल अनुमानित हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED © TBS



विश्व के प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्र

महत्व : विश्व के विभिन्न भागों के प्राकृतिक पर्यावरण की तुलना करने तथा मानव प्रतिक्रिया को समझने के लिए प्राकृतिक क्षेत्रों का अध्ययन बहुत उपयोगी है।

प्रकार: सबसे महत्वपूर्ण जलवायु की स्थिति के आधार पर भूभाग को कई प्राकृतिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। प्रमुख प्राकृतिक क्षेत्र इस प्रकार हैं।

1. इक्वेटोरियल सर्कल या अमेज़न प्रकार ।
2. उष्णकटिबंधीय घास का मैदान या सूडान मंडल (वलय)।
3. उष्णकटिबंधीय मानसून क्षेत्र।
4. उष्णकटिबंधीय समुद्री क्षेत्र।
5. उष्णकटिबंधीय मरुस्थलीय क्षेत्र या सहारा मंडल (वलय)।
6. समशीतोष्ण मरुस्थल।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

7. भू-मध्य रेखीय क्षेत्र।

8. उष्ण समशीतोष्ण पूर्वी तट (चीन मंडल (वलय))।

9. शीत समशीतोष्ण समुद्री क्षेत्र (प.यूरोप मंडल (वलय))।

10. समशीतोष्ण घास के मैदान या प्रैरीस मंडल (वलय)।

11. शीत समशीतोष्ण पूर्वी तट क्षेत्र (सेंट लॉरेंस मंडल (वलय))।

12. शीत महाद्वीपीय क्षेत्र या टैगा क्षेत्र।

13. टुंड्रा क्षेत्र या ठंडा रेगिस्तान।

नये शब्द

भू आकृति, पर्वत, पहाड़ी, पठार, मैदान, घाटी, रेगिस्तान, द्वीप, श्रृंखला, शिखर, चट्टानों के परतें वाले पर्वत, महाद्वीपीय पर्वत, ज्वालामुखी पर्वत, ऊँची चौरस भूमि, खनिज, मूंगा, प्राकृतिक क्षेत्र, जलवायु।

ज्ञात रहेः

- माउंट एवरेस्ट, दुनिया का सबसे ऊँचा शिखर है।
- अफ्रीकी पठार अपने सोने और हीरे के खनन के लिए प्रसिद्ध है।
- गंगा नदी का मुहाना दुनिया में सबसे बड़ा है और इसे सुंदरबन कहा जाता है।
- समशीतोष्ण घास के मैदानों को अफ्रीका में स्टेपी, उत्तरी अमेरिका में प्रेरी, दक्षिण अमेरिका में पम्पास, ऑस्ट्रेलिया में डाउन्स और दक्षिण अफ्रीका में वेल्ड कहा जाता है।
- उष्णकटिबंधीय थार मरुस्थल भारत के उत्तर पश्चिम में स्थित है।

@KVBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्द से भरिए :

1. पृथ्वी की विभिन्न भू-सतहीय विशेषताओं को _____ कहते हैं ।
2. पर्वत की सबसे ऊँची चोटी को _____ कहते हैं ।
3. हिमालय पर्वत _____ प्रकार के पर्वत का उदाहरण है ।
4. रेगिस्तान में अंतर जल का फुहारों के रूप में निकलने को _____ कहते हैं ।
5. समतलीय सतह एवं खड़ी भुजाओं वाले क्षेत्र को _____ कहते हैं।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

6. पहाड़ किसे कहते हैं?
7. पर्वत श्रंखला किसे कहते हैं?
8. पठार किसे कहते हैं?
9. विश्व का सबसे ऊँचा पठार कौन सा है ?
10. मैदान किसे कहते हैं?
11. मरुस्थल किसे कहते हैं?
12. भारत में स्थित किसी एक द्वीप का नाम बताइए।
13. प्राकृतिक क्षेत्र किसे कहते हैं?

@KSEBS NOT TO BE REPUBLISHED

गतिविधियाँ

- विभिन्न प्रकार की भू-आकृति का मॉडल तैयार कीजिए।
- विश्व के प्रमुख पर्वत, पठार और मैदानों की तस्वीरों का संग्रह कीजिए।
- अपने अध्यापकों की सहायता से आप विश्व मानचित्र पर विभिन्न महाद्वीपों में पाए जाने वाले प्रमुख पर्वतों, पठारों और मैदानों को पहचानिए।

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED